YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-121 ❒ सोमवार, 02 जून 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




सरकार देवभूमि उत्तराखंड, सनातन संस्कृति तथा धर्म परंपरा पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने देगी। इसकी रक्षा के लिए जो कुछ भी करना होगा, वह किया जाएगा।
पुष्कर सिंह धामी


शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर पवन कल्याण ने जतायी नाराजगी 11

केदारनाथ हेली बुकिंग के नाम पर हो रही ठगी पर उत्तराखंड पुलिस का शिकंजा 12


# मऊ विधानसभा सीट रिक्त घोषित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ रविवार को सचिवालय खोलकर आदेश जारी, उपचुनाव का प्रस्ताव भेजा

❒ मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी की विधायकी रद, शनिवार को दो साल की सजा हुई



लखनऊ। मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद उनकी सीट भी रिक्त घोषित हो गई है। इस संबंध में यूपी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने रविवार को अधिसूचना जारी कर दी। अब यहां जल्द विधानसभा उपचुनाव घोषित होगा। इसके लिए चुनाव आयोग कार्यक्रम जारी करेगा। इसके लिए रविवार को अवकाश के दिन बकायदा विधानसभा सचिवालय खोलकर आदेश जारी किया गया। अधिसूचना में कहा गया है कि अब्बास अंसारी 31 मई से विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित माने जाएंगे। इसलिए अब्बास अंसारी की मऊ सीट 31 मई से रिक्त घोषित मानी जाएगी। असल में सीट रिक्त घोषित करने में विधानसभा सचिवालय की ओर से खासी तेजी भी दिखाई गई।

अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। तब सुभासपा व सपा का चुनावी गठजोड़ था। सीट वितरण समझौते में सपा के अब्बास अंसारी को सुभासपा ने अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दिया था। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सपा सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीत गए और उसके बाद नफरती भाषण दिया जिसके तहत अब मऊ की एमपी व एमएलए कोर्ट ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई। 18 वीं विधानसभा में अब तक छह सदस्यों की गई विधायकी अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने से पहले भी मौजूदा 18वीं विधानसभा में पांच लोगों की विधायकी जा चुकी है। इनमें इरफान सोलंकी, आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां, राम दुलार, विक्रम सैनी शामिल हैं। इन सभी को विभिन्न मामलों में अदालत ने दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाई और इस कारण इनकी सदस्यता चली गई थी। यह सभी अलग अलग दलों से 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे।

# इस बार बेहद खास होगा योगी का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है। वजह इसी दिन उनका जन्मदिन होना और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति उनकी निजी रुचि तथा उनके किए जा रहे प्रयास हैं। इस बार का उनका जन्मदिन व पर्यावरण दिवस उनके लिए और खास होने वाला है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिशचंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि योगी आदित्यनाथ यूपी के मुख्यमंत्री के साथ गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। यह वही पीठ है जिसकी तीन पीढ़ियों ने करीब एक सदी तक राम मंदिर आंदोलन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पीढ़ियां हैं योगी के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, उनके गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ और पीठ के उत्तराधिकारी एवं पीठाधीश्वर के रूप में वह खुद भी। देश

❒ अपने जन्मदिन के दिन राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि होंगे योगी

❒ मान्यता है कि इसी तिथि को हुई थी श्रीकृष्ण के द्वापर की शुरुआत

❒ राम मंदिर के हर आयोजन में रखा गया शुभ मुहूर्त का ख्याल



और दुनिया के इतिहास में किसी एक मुद्दे पर एक ही शिद्दत से संघर्ष करने और उसे अंजाम तक पहुंचते हुए देखने वाला ऐसी पीढ़ियां खुद में अपवाद है। यही नहीं आज से करीब आठ साल पहले जब योगी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तब भी जब मौका मिला, अयोध्या जाकर उन्होंने लोगों और संत समाज को यह संदेश दिया कि वह अयोध्या के हैं और अयोध्या के लोग उनके। सिर्फ संदेश ही नहीं दिया, अयोध्या की बेहतरी के लिए जो भी संभव हुआ वह दिया। राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद तो उन्होंने अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह ही खोल दिया। आज बदली अयोध्या इसका प्रमाण है। बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मंशा के अनुसार अपने बदले रूप में अयोध्या का शुमार धार्मिक लिहाज से दुनिया के सबसे खूबसूरत तीर्थस्थान ● शेष पेज 11 पर

### दादागुरु और गुरुदेव के सपनों और संघर्षों को मूर्त रूप रहे योगी

बतौर उत्तराधिकारी महंत अवैद्यनाथ के साथ दो दशक से लंबा समय गुजारने वाले उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी इस पूरे परिवेश की छाप पड़ी। बतौर सांसद उन्होंने अपने गुरु के सपने को स्वर्णिम आभा दी। मुख्यमंत्री होने के बावजूद अपनी पद की गरिमा का पूरा ख्याल रखते हुए कभी राम और रामनगरी से दूरी नहीं बनाई। गुरु के सपनों को अपना बना लिया। नतीजा सबके सामने है। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही राम मंदिर के पक्ष में देश की शीर्ष अदालत का फैसला आया। देश और दुनिया के करोड़ों रामभक्तों, संतों, धर्माचार्यों की मंशा के अनुसार योगी की मौजूदगी में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य राम मंदिर की नींव रखी। युद्ध स्तर इसका जारी निर्माण अब पूर्णता की ओर है।

## संक्षेप

### मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने अप्रैल में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद मई 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 173841 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 144381 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है। मई 2025 में 27210 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

### सिक्किम में भारी बारिश, भूस्खलन का कहर, लाचेन-लाचुंग में 1350 पर्यटक फंसे

**गंगटोक।** सिक्किम में लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। विशेषकर उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां तीस्ता नदी का जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है और कई स्थानों पर भूस्खलन ने रास्ते पूरी तरह अवरुद्ध कर दिए हैं। इसके चलते लाचेन में 115 और लाचुंग में करीब 1350 पर्यटक फंसे हुए हैं।
भारतीय मौसम विभाग (आएमडी) ने मंगन जिले के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जबकि नामची, सोरेंग, गंगटोक और पाकयोंग जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' घोषित किया गया है। शनिवार रात फिदांग गांव और आसपास के इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई।

# बंगलादेशियों की घुसपैठ के लिए ममता जिम्मेदार

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भारत में बंगलादेशियों की घुसपैठ के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि राज्य में केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ही इसे प्रभावी रूप से रोक सकती है।

श्री शाह ने आज यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, बंगाल के वोट केवल बंगाल का भविष्य तय नहीं करते हैं। बंगाल का वोट देश की सुरक्षा से जुड़ा है। क्योंकि ममता बनर्जी ने बंगलादेशियों के लिए हमारे देश की सीमाएं खोल दी हैं। उनके आशीर्वाद से घुसपैठ हो रही है। आप मुझे बताएं, घुसपैठ रोकनी चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, क्या दीदी (ममता बनर्जी) इसे रोक सकती हैं? क्या उनके भतीजे (अभिषेक बनर्जी) इसे रोक सकते हैं? केवल पद्म (कमल/भाजपा) सरकार ही घुसपैठ को रोक सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ बेरोकटोक जारी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के वास्ते घुसपैठ को बढ़ावा देने के लिए सुश्री बनर्जी नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध कर रही है। केंद्रीय गृहमंत्री ने जबानी हमला जारी रखते हुए सुश्री बनर्जी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सस्ती राजनीतिक टिप्पणी करने तथा एक तरह से देश की करोड़ों माताओं और बहनों की भावनाओं से खेलने का आरोप लगाया। श्री शाह ने मुख्यमंत्री के उस आरोप के संदर्भ में यह टिप्पणी की जिसमें कहा गया था कि



❒ दीदी की सरकार का समय हुआ समाप्त, अगले वर्ष बंगाल में भाजपा होगी सत्तारुढ़ : अमित शाह

भाजपा नीत केंद्र सरकार अमेरिका के सामने चुप थी, जबकि हर जगह 'ऑपरेशन सिंदूर'का प्रचार कर रही थी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंसा मुक्त चुनाव में राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करेगी और वर्ष 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा,ल्लमैं आपको बता रहा हूं , आपका (सरकार का) समय समाप्त हो गया है। अगले वर्ष राज्य में भाजपा सरकार बनाएगी। मैं अपने सभी मंडल पदाधिकारियों को आश्वस्त करता हूं कि तृणमूल सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद, हम जरुरत पड़ने पर दोषियों को जमीन के नीचे से निकालेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या के लिए उन्हें सजा मिले। उन्होंने कहा लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। बंगाल में चुनावों के दौरान और दीदी (सुश्री बनर्जी) की जीत के बाद सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मारे गए। दीदी, आप कब तक उनकी रक्षा करेंगी? अगर आप में हिम्मत है, तो हिंसा के बिना चुनाव कराएं और देखें कि क्या होता है। बंगाल की जनता सुनिश्चित करेगी कि आपकी जमानत जब्त हो जाए।

मुख्यमंत्री के उस आरोप का जवाब देते हुए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीतिक लाभ के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' बेच रहे हैं, उन्होंने कहा, ल्लकुछ दिन पहले पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों ने परिवारों के सामने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। आप मुझे बताएं - क्या पाकिस्तान द्वारा भेजे गए उन आतंकवादियों को सजा नहीं मिलनी चाहिए? क्या मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देना सही नहीं था? यही बात दीदी के पेट में दर्द पैदा कर रही है। जब बंगाल के लोगों को वहां मारा जा रहा था, तब दीदी अगर इस दर्द को व्यक्त करतीं तो सही होता। लेकिन तब उन्होंने कुछ नहीं ● शेष पेज 11 पर


## देश में कोरोना के बढ़ते मामलों ने डराया

# सक्रिय मरीज अब 3758, केरल में आंकड़ा 1400 के पार

एजेंसी

नई दिल्ल। देश में कोरोना के बढ़ते मामलों ने डराना शुरू कर दिया है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है। मौजूदा समय में देश में 3758 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। केरोना को मात देने वालों की बात करें तो बीते दिन से अब तक 1818 लोग संक्रमण से मुक्त हुए, जबकि दो कोरोना संक्रमितों की मौत भी हुई है।

राज्यवार आंकड़ों की बात करें तो केरल में कोरोना के 64 नए मामले सामने आए हैं। यहां अब सक्रिय मरीजों का आंकड़ा



1400 पहुंच गया है। ऐसे ही महाराष्ट्र में 485, दिल्ली में 436, गुजरात में 320, पश्चिम बंगाल में 287, कर्नाटक में 238, तमिलनाडु में 199 और उत्तर प्रदेश में 149 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। हालांकि, ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में ही ठीक हो रहे हैं। कोरोना से होने वाली मौतों की बात करें तो बीते दिन से अब तक दो कोरोना संक्रमितों की मौत की पुष्टि हुई है। मौतें केरल और कर्नाटक में दर्ज की गईं। कर्नाटक में 63 वर्षीय पुरुष और केरल में 24 वर्षीय महिला की मौत हुई। दोनों अन्य बीमारियों से भी परेशान थे। केंद्र सरकार के कोविड डैश बोर्ड के अनुसार, कोरोना के बढ़ते मामलों के साथ संक्रमण से मुक्त होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अब तक करीब एक तिहाई मरीज कोरोना पॉजिटिव होने के बाद इससे मुक्त हो चुके हैं। फिलहाल सक्रिय मरीजों की तुलना में 1818 मरीज (32.45 प्रतिशत) कोरोना पॉजिटिव होने के बाद स्वस्थ हो चुके हैं।

### 16 किसान संगठन आए बिजली कर्मचारियों के साथ, चार को करेंगे विरोध प्रदर्शन

लखनऊ। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे बिजली कर्मचारियों के आंदोलन को 16 किसान संगठनों ने साथ देने का ऐलान किया है। सभी 16 किसान संगठन बिजली कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए 4 जून को हर जिले में निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। सभी किसान संगठनों ने 4 जून के विरोध प्रदर्शन को लेकर रविवार को एक वर्चुअल बैठक की। बैठक में क्रांतिकारी किसान यूनियन, किसान संग्राम समिति, किसान मजदूर परिषद, आल इंडिया किसान फ़ेडरेशन, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा, किसान एकता केन्द्र, किसान विकास मंच, क्रांतिकारी किसान मंच, ● शेष पेज 11 पर

# डांटने का मतलब किसी को आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है।

आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को



खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा, ''पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं। जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से ● शेष पेज 11 पर

# एविएशन फ्यूल निर्माण के लिए यूपी में 3000 करोड़ रुपये के निवेश की तैयारी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जल्द नई विमान ईंधन निर्माण नीति-2025 लाएगा। ऐसा करने वाला यूपी पहला राज्य होगा। इसके जरिए इस क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों को प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इसके लिए ग्रीनको, एएम ग्रीन्स, ई20 ग्रीनफ्यूल्स, न्यू एरा क्लीन टेक और मालब्रोस ग्रुप सहित 18 से अधिक कंपनियों ने राज्य में सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल इकाइयां स्थापित करने के लिए 3,000 करोड़ से अधिक के निवेश की रुचि दिखाई है। यह निर्णय रविवार को सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल के विनिर्माण में अवसरों की खोज के उद्देश्य से आयोजित निवेशक सम्मेलन में लिया गया।

इसमें हरित ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इन्वेस्ट यूपी द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल विनिर्माण प्रोत्साहन नीति 2025 को प्रस्तुत किया गया। और उस पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। किसानों के लिए नए अवसरः इस नीति के अमल में

❒ सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल नीति-2025 लाने वाला यूपी होगा पहला राज्य

आने के बाद और विमान फ्यूल निर्माण उद्योगो की स्थापना के बाद राज्य के किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। एसएएफ़ उद्योग की बायोमास और अनाज-आधारित फीडस्टॉक जैसे गन्ने की खोई, धान की भूसी, गेहूं का भूसा और अधिशेष अनाज की मांग किसानों के लिए नए बाजार अवसर पैदा करेगी। स्थानीय कृषि क्षेत्रों से सीधे कच्चा माल खरीदने से, यह क्षेत्र ग्रामीण आय को बढ़ाने और बेहतर मूल्य दिलाने में मददगार होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा, यह नीति न केवल हमारे हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाएगी है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी है कि हमारे किसानों को इससे सीधे लाभ मिले और एक हरित भविष्य का निर्माण हो सके। भारी निवेश आने की संभावनाउत्तर प्रदेश, भारत के सबसे बड़े हवाई, रेल और सड़क बुनियादी ढांचे हैं। जेवर एयरपोर्ट सहित पाँच अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। यह सभी लाभ राज्य ● शेष पेज 11 पर

## पिछली सरकारों ने बदला था अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखे गये डिग्री कॉलेज का नाम

# लोकमाता ने आत्मरक्षा के गुण सिखाए : योगी

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो

आगरा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत आगरा में आयोजित विशाल संगोष्ठी को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब महारानी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरुद्धार का महान कार्य किया। सीएम योगी ने कहा कि लोकमाता ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करती है। जब पाकिस्तान आतंकियों को पालता है, तो भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयर सिस्टम को ध्वस्त कर दुश्मन को झुकने के लिए मजबूर किया। यह लोकमाता के विराट व्यक्तित्व की प्रेरणा

❒ विदेशी आक्रांताओं द्वारा नष्ट-भ्रष्ट किये गये मंदिरों का अहिल्याबाई ने पुनरुद्धार कराया

❒ पुण्यश्लोका का व्यक्तित्व आज भी हमें प्रकाश और प्रेरणा दे रहा

का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने महिलाओं, हस्तशिल्पियों, कारीगरों, किसानों, युवाओं, सुरक्षा और भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए जो कार्य किए, वे अविस्मरणीय और अभिनंदनीय हैं। उन्होंने बताया कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई ने राजकोष की जगह अपने निजी धन से पुरी के जगन्नाथ मंदिर, गया के मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, केदारनाथ धाम, महाकाल मंदिर, ओमकारेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, भीमाशंकर मंदिर और रामेश्वरम मंदिर सहित



अनेक धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार किया। उन्होंने मात्र 70 वर्ष का जीवन जिया, लेकिन उनका व्यक्तित्व आज भी हमें प्रकाश और प्रेरणा दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। सीएम योगी ने लखपति दीदी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना और आत्मनिर्भर भारत अभियान का विशेष उल्लेख किया। साथ ही, काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, महाकाल में महालोक, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम, सोमनाथ और रामेश्वरम मंदिरों में हो रहे कार्यों को भी इसी कड़ी का हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने लोकमाता के नाम पर औरैया में मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया। पहले कुछ लोग उनके नाम पर बने डिग्री कॉलेज का ● शेष पेज 11 पर

### लोकमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे लिए प्रेरणामूर्ति हैं : धनखड़

**आगरा।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत की वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे लिए प्रेरणामूर्ति हैं। वह न्यायप्रिय थीं। अहिल्याबाई ने हमारे सांस्कृतिक विरासत के सृजन व संरक्षण का कार्य किया। नारी शक्ति के सशक्तीकरण के लिए अहिल्याबाई ने अपनी सेना में महिलाओं की टुकड़ी बनाई थी। जब औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ के मंदिर को नष्ट किया, उसके सौ साल बाद अहिल्याबाई होलकर ने मंदिर बनवाया। उप राष्ट्रपति धनखड़ रविवार को यहां राजकीय इण्टर कालेज मैदान पर अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आज संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। अहिल्याबाई होलकर ने उस कठिन समय में महान भारत की कल्पना की थी। ● शेष पेज 11 पर

## पदभार ग्रहण करने के बाद सीएम योगी से मिले नए डीजीपी, बोले-

# सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाऊंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को डीजीपी नियुक्त किया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डायरेक्टर विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर डीजीपी बनाए गए हैं। बता दें कि निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने रात करीब 9 बजे डीजीपी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त डीजीपी ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के बाद डीजीपी ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं - अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, महिला सुरक्षा, नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग तथा उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था - को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे यूपी के बच्चे

## पर्यावरण दिवस पांच जून को स्कूली बच्चे नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला के जरिए करेंगे जन जागरूकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पांच जून को पर्यावरण दिवस है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ी पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। पर्यावरण निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है। विभाग की तरफ से रीजनल साइंस सेंटर, अलीगंज लखनऊ में मुख्य आयोजन होगा। विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने व प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग न्यूनतम करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। उपनिदेशक श्रुति शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' थीम पर नुक्कड़ नाटक, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ इस क्षेत्र में कार्य करने वाले विशेषज्ञ भी प्रतिभाग करेंगे। इस मुहिम का यंग फ़ेस स्कूली बच्चों को बनाया जाएगा। उनके लिए प्रकृति को लेकर विभिन्न विषयों पर नुक्कड़ नाटक होंगे। नुक्कड़ नाटकों में दिखाया जाएगा कि प्लास्टिक का कचरा कैसे नदियों को मार रहा है और पर्यावरण पर प्रतिकूल असर दिखा रहा है। भाषण प्रतियोगिता में बच्चे बताएंगे कि प्लास्टिक का उपयोग कैसे न्यूनतम किया जाए। चित्रकला प्रतियोगिता में पर्यावरण से संबंधित अपने मनोभाव को पेंटिंग के जरिए उकरेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यावरण निदेशक सुशांत शर्मा ने कहा कि पांच जून को पर्यावरण दिवस है। प्रदेश सरकार के निर्देशन में युवाओं, बच्चों व जन-जन को सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों को बताने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली थीम पर स्कूलों बच्चों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता भी होगी। साथ ही पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित के लिए भी बच्चों का आह्वान किया जाएगा।

### राखी निगम बनी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव व नीलू वैश्य बनी प्रदेश प्रवक्ता

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया(अठावले) उत्तर प्रदेश ने अपनी पार्टी का विस्तार करते हुए रविवार को पार्टी में नये सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। जिसमें राजन वर्मा के नेतृत्व में 4 लोगों ने आरपीआई की सदस्यता ग्रहण की। इसमें राजन वर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष, राखी निगम को महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव, नीलू वैश्य को प्रदेश प्रवक्ता एवं दीपक कुमार को युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव के रूप में मनोनीत किया। पार्टी की यह सदस्यता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने दिलाई। जिन्होंने इस मौके पर नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचार धारा और रणनीतियों से भी अवगत कराया।

### पीडीए की बैठक से संगठन को मजबूत करने का काम



**लखनऊ** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व प्रदेश अध्यक्ष के अहवान पर लगातार चल रहे जिला व प्रदेश स्तर पर चल रहे कार्यक्रमों में रविवार शाम विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज व विकास खंड गोसाईंगंज के ग्राम कबीरपुर गांव में पीडीए पंचायत बैठक का आयोजन प्रदेश सचिव अकरम उर्फ बब्लू द्वारा किया गया। सचिव महिला सभा सुहाग वती के नेतृत्व में कई गांवों में लगातार चल रहे पीडीए पंचायत कार्यक्रमों में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी समाज को लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम किया जा रहा है। पीडीए बैठक के दौरान अकरम ने बताया कि अखिलेश यादव के द्वारा कराए गए कामों की बात लोगों के बीच पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जहां पर कमजोर संगठन है उसे मजबूत करने का काम किया जा रहा है ।

### नए डीजीपी के लिए कानून व्यवस्था को सुधारना बड़ी चुनौती : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक के सामने प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुधारना बड़ी चुनौती है। उल्लेखनीय है कि शासन ने शनिवार रात को तत्कालीन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद आईपीएस राजीव कृष्ण को कार्यवाहक डीजीपी बनाया है। इस पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। इस मामले में बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को एक्स पर तीन पोस्ट किए। पहले पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से खासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व है। जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार, लोगों को उजाड़ने आदि से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है। ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित करके सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुंचाने की बड़ी चुनौती होगी। राज्य सरकार व सत्ताधारी दल के लोगों को भी यूपी में कानून का राज स्थापित करने में हर प्रकार का सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि वैसे भी भारत के बहुआयामी विकास व यहां की विशाल आबादी की समग्र उन्नति में यूपी को देश की प्रगति की रीढ़ होना चाहिए।

### लखनऊ विवि में अब 15 जून तक भरा जायेगा प्रवेश फार्म

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 की केन्द्रीय कृत प्रवेश व्यवस्था (सेट्रलाइज्ड एडमिशन सिस्टम) के अंतर्गत आनलाइन स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई 2025 से बढ़ा कर 15 जून 2025 कर दी गई है। उक्त जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के एडमिशन कोआर्डिनेटर डाक्टर अनित्य गौरव ने दी। डाक्टर अनित्य गौरव ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राओं को एक और मौका दिया गया है।

### प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षियों की तस्करी में तीन गिरफ्तार, 28 जीवित तोते बरामद

**वाराणसी।** वन विभाग की टीम को रविवार को एक बड़ी सफलता मिली है। टीम ने कैंट क्षेत्र के अंधरापुल के पास एक डबल डेकर बस में छापेमारी कर प्रतिबंधित प्रजातियों के पक्षियों की तस्करी में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 28 जीवित तोते बरामद किए गए, जिन्हें बेहद अमानवीय तरीके से कार्टून के डिब्बों में भरकर बस की डिग्गी में छिपाया गया था।

वाराणसी के वन संरक्षक डॉ. रवि कुमार सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में बस चालक धनंजय सिंह (निवासी- छतरपुर, जिला पलामू, झारखंड), बस परिचालक अभय सिंह उर्फ कन्हैया (निवासी- सदलपुरा, थाना अलीनगर, चंदौली) और मो. आरिफ (निवासी- हसनपुरा, विशेश्वरगंज, वाराणसी) शामिल हैं।

# चित्रकूट में डीसीएम-पिकअप की भिड़ंत में पांच की मौत, छह घायल

एजेंसी



चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झांसी-मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाखरवार मोड़ के पास बैंड पार्टी को लेकर जा रहा पिकअप वाहन और डीसीएम ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को प्रयागराज हॉयर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की करीब दोपहर 12 बजे एक डीसीएम जो कर्वी से प्रयागराज की तरफ जा रहा था। तभी भाखरवार मोड़ के पास डीसीएम एक पिकअप वाहन से टकरा गई। यह पिकअप वाहन मऊ से कर्वी की तरफ बारात से लौट रहा था। इस घटना में रामू साहू पुत्र बाबूलाल निवासी बलहोरा और दुर्गा पुत्र बिर्ज़ावन निवासी शिवरतन का डेरा थाना मऊ की मौके पर मौत हो गई। जबकि बच्चा पुत्र खोदू राम, कुनैन पुत्र दिलावर निवासी बलहोरा और संतराम पुत्र खुन्नीलाल निवासी सकोहा थाना मऊ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में भईयन पुत्र राजू निवासी सखोवा थाना मऊ, शांतिभान पुत्र गोपाल निवासी पहाड़ी थाना रैपुरा, इमरान पुत्र बशीर निवासी कुंडा जिला प्रतापगढ़, हीरो मालवी पुत्र हबीब अली, सादिक पुत्र नाथू निवासी देउधा थाना रैपुरा और दूधनाथ पुत्र चुन्नीलाल निवासी पहाड़ी थाना रैपुरा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें प्रयागराज के स्वरूपरानी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। पुलिस अधीधक ने बताया कि इस भीषण सड़क हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई। छह लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बचाव कार्य कराते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा दिया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह हादसा पिकअप चालक को नींद आने पर डीसीएम से भिड़ंत हुई है। घायलों में कुछ लोगों की कंडीशन क्रिटिकल है, जिनको इलाज के लिए भेजा गया और मामले की जांच की जा रही है। इस हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी मौके पर पहुंचे और घटना पर दुख जताते हुए मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सड़क हादसे में घायल हुए लोगों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### नहर में डूबकर बालिका की मौत

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत रविवार को नहर में नहाते समय एक बालिका की डूबने से मौत हो गई। वह पिता व भाई बहनों के साथ नहर किनारे खजूर खाने गई थी, तभी हादसे का शिकार हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। नगला बिलोटिया निवासी सुनील कुमार पुत्र अकबर सिंह आज अपने बच्चों आदित्य (12), चिराग (9), अंशिका (7) और वंशिका (8) को खजूर खिलाने के लिए नहर के किनारे लेकर गए थे। इस दौरान वह शौच के लिए झाड़ियों की ओर चला गया। तभी चारों बच्चे नहाने के लिए नहर में उतर गए। नहाने के दौरान कक्षा तीन में पढ़ने वाली पुत्री वंशिका गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। बच्चों का शोर सुनकर पिता दौड़कर बच्ची को बचाने पहुंचा, लेकिन तब तक वह डूब चुकी थी। वहीं अन्य तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने बच्ची को खोजने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलवाया, जिसके बाद बच्ची के शव को नहर से बरामद कर लिया गया। बच्ची की मौत से मां सर्वेश कुमारी बेहाल है। प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद अनुज कुमार ने बताया कि एक बच्ची नहाते समय नहर में डूब गई थी। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### कलश यात्रा के साथ पांच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

जालौन। कालपी में विष्णु महायज्ञ के आयोजन के पहले रविवार की दिन में भव्य कलश यात्रा निकाली गई महिलाएं सिर पर आगे-आगे कलश लेकर चल रही थीं, तो ढोल व मंजीरे की धुन पर पीछे श्रद्धालु व संतजन झूमते हुए चल रहे थे । इस दौरान हजारो की संख्या में भक्त मौजूद रहे। गौरतलब है कस्बे में स्तिथ लांगुरिया बाबा मंसा माता धाम यज्ञ समिति को ओर से विष्णु महायज्ञ का आयोजन का शुभारंभ किया जा रहा है । पहले दिन संतोषी माता मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के मुख देव स्थलों से होते हुए यज्ञ स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई । नगर एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी लोगों ने सहभागिता की कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थीं एवं मंगल गीतों के साथ साथ कलश यात्रा में संत डमरू बजाते हुए नृत्य करते हुए चल रहे थे । इस दौरान,अर्चना शिवहरे, रवि शिवहरे, धर्मेंद्र विश्वकर्मा,प्रदीप सिंह चौहान,गंगा चरण विश्वकर्मा, राजा विश्वकर्मा, रघुवीर विश्वकर्मा, महेश शिवहरे,जयराम कुशवाहा,रतनलाल विश्वकर्मा, राकेश पुरवार,अतुल पुरवार,कमल सिंह,जसवंत कुशवाहा, विनोद सिंह,आदि सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे ।

# हम चुनाव सत्ता के लिए नहीं देश बनाने के लिए लड़ते हैं : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर हमारा है, यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साकार होते देखेंगे
- ❒ यमुनापार-गंगापार कार्यकर्ताओं संग डिप्टी सीएम ने की संगठनात्मक बैठक



प्रयागराज। कंग्रेस संविधान और लोकतंत्र की बात करतीं है, जबकि कंग्रेस लोकतंत्र की हत्यारी पार्टी है। 50 वर्ष पहले इमरजेंसी की हथकड़ी लगाकर बेगुनाहों को जेल भेजने का कार्य कंग्रेसियों ने किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुशासन सुरक्षा विकास का जो कार्य ग्यारह वर्षों में करके कीर्तिमान स्थापित किया है। उसे हम सभी कार्यकर्ता अपनी मेहनत से आगामी चुनावों सहित 2027 में 2017 को दोहराने का कार्य करें। हम चुनाव सत्ता के लिए नहीं देश बनाने के लिए लड़ते हैं।यह बातें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार की सायं भाजपा जिला कार्यालय प्रयागराज में यमुनापार-गंगापार ज़िले की संयुक्त संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत व मोदी के नेतृत्व में उड़ीसा जैसे राज्य में सरकारें बनाई, हरियाणा व दिल्ली में सरकारें बनाई। डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से है। यह बना रहे उसके लिए हमें मेहनत करना है। संगठन को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं के सम्मान के साथ राष्ट्र हित मे कार्य करना है। डिप्टी सीएम ने कहा 5 जून पर्यावरण दिवस व गंगा दशहरा पर एक-एक पेड़ सभी लगाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी का कथन जल है तो कल है, वन है तो जीवन है, पेड़ भी लगानें का कार्य करेंगे और जीवन भी बचाने को साकार करेंगे। उन्होंने विगत चुनावों से कार्यकर्ताओं को वास्तविकता पहचान कर भाजपा के वफादारो को संगठन का हिस्सा बनाकर आगे लेकर चलने की बातें कहीं।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया स्वागत सम्बोधन जिलाध्यक्ष यमुनापार राजेश शुक्ला ने एवं आभार गंगापार जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने व्यक्त किया। बैठक में मौजूद गंगापार-यमुनापार के जिला पदाधिकारियो, मंडल अध्यक्षों का अंगवस्त्रम पहनाकर डिप्टी सीएम ने सम्मानित किया। संचालन जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल व मनोज निषाद ने किया। कार्यक्रम मे जिला प्रभारी उत्तर मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीके सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक गुरू प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, ज्ञान सिंह पटेल, संतोष त्रिपाठी, जय सिंह पटेल, अशोक पांडे, केसरवानी, बृजेश त्रिपाठी, आत्माधर दुबे आदि के साथ गंगापार-यमुनापार के जिला मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकार 4000 से अधिक स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कराएगी योगाभ्यास कार्यक्रम

# प्रदेश भर में स्थापित किये जाएंगे योग पार्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ योगी सरकार ने योगाभ्यास कराने के लिए 5000 ट्रेनर को किया प्रशिक्षित
- ❒ प्रदेश में 15 जून से एक सप्ताह तक सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी समेत आयोजित कराएगी जाएंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं
- ❒ मंडल मुख्यायल जनपदों पर 3 और अन्य जनपदों में विकसित किये जाएंगे 2-2 योग पार्क



लखनऊ। योगी सरकार योग के माध्यम से जनमानस में स्वास्थ्य और सशक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। इसी के तहत प्रदेश भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा।

इस दौरान जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। योग के प्रचार-प्रसार के लिए तैयार किये गये 5 हजार योग ट्रेनर प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर योग के प्रचार-प्रसार के लिए 5000 प्रशिक्षित योग ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में योगाभ्यास करवाएंगे। योग प्रशिक्षकों और आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर योग सप्ताह की व्यापक तैयारी की गई है। इन समितियों के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, व्यवसायिक शिक्षा महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में देश के 1,00,000 स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन होगा, जिसमें प्रदेश के 4,075 स्थानों पर कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर पूरे प्रदेश में एक साथ वृहद स्तर पर योगाभ्यास प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही यह आयोजन देश के प्रत्येक जिले में कवर करते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष योग संगम कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। प्रदेश भर में स्थापित किये जाएंगे योग पार्क मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप प्रदेश में योग को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय निकायों के माध्यम से देश भर में 1,000 योग पार्क स्थापित किए जाएंगे। मंडल मुख्यालय वाले जनपदों में 3 और अन्य जनपदों में 2-2 योग पार्क चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें नगर विकास विभाग के समन्वय से विकसित किया जाएगा। इन योग पार्कों में पालिकाओं और पंचायतों का सहयोग लिया जाएगा ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग योगाभ्यास कर सकें। योग के सिद्धांतों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए एक नई पहल भी शुरू की गई है। इसमें प्राकृतिक स्थानों पर योगाभ्यास के साथ-साथ वृक्षारोपण और सफाई अभियानों को भी जोड़ा जाएगा। इस योजना के तहत अमृत जलाशयों के किनारे योग सत्र आयोजित किए जाएंगे और पौधरोपण का कार्यक्रम भी होगा। प्रदेश की प्रमुख नदियों, झीलों और पार्कों में योग सत्र के साथ-साथ स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। योग सप्ताह के अंतिम दिन 21 जून को पुरस्कार वितरण एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा एक जून से आयुष चिकित्सकों एवं योग विशेषज्ञों द्वारा टीवी और दूरदर्शन पर जागरूकता कार्यक्रम भी प्रसारित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लक्षण और प्रबंधन पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। साथ ही लोगों को व्यक्तिगत एवं सामूहिक योगाभ्यास की फोटो भारत सरकार के द्वभद्दधफ पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

# गांव-गांव बनेंगे समृद्ध, क्लस्टर मॉडल से बदलेगी किसानों की तकदीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखनऊ। योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन को समृद्ध बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। इसके तहत एक ग्राम पंचायत एक क्लस्टर अभियान चलाया जाएगा, जिससे किसानों की आमदनी ही नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी बड़ा परिवर्तन आएगा।

हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर भूमि में फैला होगा, जिसमें कम से कम 125 किसानों को शामिल किया जाएगा। पहले साल 7.16 लाख रुपए और दूसरे साल 6.83 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा, जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में मददगार होगा। किसान फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से भी जुड़ेंगे, जिससे उन्हें फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश सरकार की योजना है कि वर्ष 2025-26 तक बड़ी संख्या में क्लस्टर विकसित कर लाखों किसानों को इससे जोड़ दिया जाए। जिससे न केवल खेती की लागत घटेगी, बल्कि उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि होगी। प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान न केवल जैविक उत्पाद उगाएंगे, बल्कि उन्हें बाजार में अच्छे दाम भी मिलेंगे। इससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान किसानों के लिए वरदान साबित होगा। क्लस्टर आधारित नेचुरल फार्मिंग मॉडल से जहां खेती लाभकारी बनेगी, वहीं ग्राम पंचायतें कृषि नवाचार का केंद्र बनेंगी। यह योजना न केवल खेतों की सेहत सुधारेगी, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लाएगी।

# सनातन धर्म यात्रा की लखनऊ से 150 लोगों के साथ उज्जैन के लिए रवानगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सनातन धर्म को निरंतर मजबूती देने के लिए श्रीमद् भागवत भक्त सेवा समिति लखनऊ विगत वर्षों की भांति इस वर्ष उज्जैन महाकालेश्वर मध्य प्रदेश में 150 लोगों के साथ श्री शिव महापुराण का आयोजन दिनांक 2 जून 2025 से करने जा रही है आज यात्रा को पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर विधायक नीरज बोरा एवं मठ श्री मनकामेश्वर मंदिर की महन्त पूज्य महंत दिव्या गिरी जी ने झंडी दिखाकर रवाना किया समित के अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला ने बताया यात्रा में 150 लोग शामिल हैं यात्रा झांसी स्थित ओरछा राजाराम सरकार, मध्य प्रदेश दतिया स्थित मां पीतांबरा देवी, इंदौर स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के उपरांत उज्जैन महाकालेश्वर मध्य प्रदेश में शिव महापुराण



के उपरांत 11 जून को लखनऊ वापसी करेगी यात्रा मे राजेंद्र सिंह,आदित्य शुक्ला अवनीश दीक्षित, बृजेश मिश्रा, संदीप अग्रवाल राजेंद्र बाजपेई विनय शुक्ला भघुनाथ मिश्रा ओमप्रकाश दीक्षित सत्येंद्र त्रिवेदी संरक्षक/पार्षद अनुराग मिश्रा के साथ उपस्थित रहे ।

# धर्म की राजनीति से नहीं मुद्दों की राजनीति से होगा यूपी का विकास: संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की अगुवाई में रविवार को आप कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस दौरान संजय सिंह ने कहा कि पिछले 75 सालों से उत्तर प्रदेश की राजनीति जाति और धर्म के जंजाल में जकड़ी हुई, उससे बाहर निकालना पार्टी कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। मंच से घोषणा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में होने वाले जिला पंचायत के चुनाव में आप अपने दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है।

उन्होंने योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि यूपी की लचर कानून व्यवस्था बेरोजगारी और महिला सुरक्षा पर सरकार विफल है। संजय सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा सरकार अब 'वन नेशन, वन हसबैंड' योजना के तहत पीएम मोदी के नाम का सिंदूर घर-घर भेजकर प्रचार की तैयारी कर रही है।उन्होंने तंज कसते हुए पूछा ल्क्या मोदीजी चाहते हैं कि देश की सभी महिलाएं उन्हें अपना पति मान लें? यह कैसी मानसिकता है? आप नेता ने



## कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले राज्यसभा सांसद, यूपी में पंचायत चुनाव दमदारी से लड़ेगी आप

कहा कि पहले ही ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देना भारत, भारतीय सेना और भारत माता के साथ गद्दारी है। यह कोई साधारण मामला नहीं है। मोदी सरकार को सामने आकर इसका जवाब देना चाहिए। यह अत्यंत गंभीर बात है कि इतने बड़े ऑपरेशन की सूचना पहले ही पाकिस्तान को दे दी गई। मोदी सरकार ने पाकिस्तान को पहले ही सावधान कर दिया?

संजय सिंह ने कहा कि अभी हाल ही में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी की घटना, सहारनपुर में छेड़खानी से तंग आकर एक लड़की के जहर खाने जैसी तमाम घटनाएं योगी सरकार के महिला सुरक्षा के दावे की पोल खोलता है। संजय सिंह ने कहा की गौरक्षा के फर्जी मामले बनाकर जिस तरह लोगों को खुलेआम मारा पीटा जा रहा है, वो लोगों में आपराधिक प्रवृति और कानून व्यवस्था का मजाक बनाने की प्रवृति को बढ़ावा दे रहा है। अलीगढ़ में 25 मई को 4 लोगों को गौमाँस ले जाने का झूठा आरोप लगाकर जानवरों की तरह पीटा गया। ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ हृदेश चौधरी ने प्रांत के सभी जिलों से आए कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान कहा कि संगठन का विस्तार ग्रामीण स्तर तक सदस्यता अभियान चलाकर और रचनात्मक कार्यों के जरिए लोगों को जोड़ेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से यूपी सहप्रभरी व दिलीप पाण्डेय, विधायक चौ. सुरेंद्र कुमार, अनिल झा, विशेष रवि, सभाजीत सिंह, प्रान्त अध्यक्ष हृदेश चौधरी, दिनेश पटेल वंशराज दुबे, विनय पटेल फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष शीलेंद्र वर्मा, महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष नदीम सिद्दीकी सहित ब्रज प्रांत के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर सरसवां स्थित तिरुपति मोंटेसरी स्कूल में राविवार मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोविता जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर नरेंद्रदेव, एवं विशिष्ठ अतिथि जयप्रकाश, रामकृष्ण, चंद्रकांत, रश्मि इत्यादि अतिथियों ने खिलाड़ियों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया।



# उपमुख्यमंत्री ने किया आर्ट गैलरी का उद्घाटन

## महानिदेशक नीलाब्जा चौधरी (आईपीएस) विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सिनेप्स इंटरनेशनल आर्ट गैलरी और सेंट्रम होटल ने साथ मिलकर, लखनऊ के प्रख्यात फोटोग्राफर अनिल रिसाल सिंह की एकल फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन और ई-कैटलॉग के अनावरण के साथ मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और विशिष्ट अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नीलाब्जा चौधरी (आईपीएस) द्वारा किया गया। प्रदर्शनी रोजाना 15 जून तक चलेगी।



प्रदर्शनी में डॉ. अनिल रस्तोगी, भारतीय रंगमंच, टेलीविजन और फिल्म अभिनेता, प्रो. जय कृष्ण अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य सह डीन कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, लखनऊ विश्वविद्यालय, सर्वेश गोयल एक उद्यमी, शिक्षाविद्, मैराथन धावक, होटल व्यवसायी और फिल्म निर्माता, ज्योत्सना अरुण प्रख्यात स्तंभकार और रेडियो होस्ट, नमित अग्रवाल, पार्टनर मुरलेज, पद्म भूषण पूर्णिमा वर्मन संपादक, कवि और लेखक, अखिलेश निगम वरिष्ठ चित्रकार, कला समीक्षक और कला इतिहासकार, राकेश कुमार मौर्य गैलरी के संस्थापक और निदेशक, और भगवती पंत द सेंट्रम होटल की महाप्रबंधक शामिल हुए।

## बीकेटी में युवक ने पंखे के कुण्डे से लटककर लगाई फांसी,मौत

बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत रामपुर देवरई गांव निवासी रामराज यादव उम्र(40)वर्ष का शव उसके मकान के कमरे में पंखे के कुण्डे से साड़ी के फंदे के सहारे लटकता हुआ परिजनों ने देखा जिसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दिया वही सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी।

## राखी निगम बनी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव व नीलू वैश्य बनी प्रदेश प्रवक्ता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया(अठावले) उत्तर प्रदेश ने अपनी पार्टी का विस्तार करते हुए रविवार को पार्टी में नये सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। जिसमें राजन वर्मा के नेतृत्व में 4 लोगों ने आरपीआई की सदस्यता ग्रहण की। इसमें राजन वर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष, राखी निगम को महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव, नीलू वैश्य को प्रदेश प्रवक्ता एवं दीपक कुमार को युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव के रूप में मनोनीत किया। पार्टी की यह सदस्यता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने दिलाई। जिन्होंने इस मौके पर नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचार धारा और रणनीतियों से भी अवगत कराया।

# बड़े बाबा देवस्थान पर मेले व भंडारे का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।गोसाईगंज क्षेत्र के गांव काजी खेड़ा में देवस्थान बड़े बाबा के स्थान पर भंडारे के साथ ही मेले ही मेले का भी आयोजन किया गया।लोगों ने पूरी रात नौटंकी का भी आनंद लिया ।मेला प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस स्थान पर प्रति वर्ष भंडारे व मेले का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस भी मौजूद रहती है। श्री वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम में लोगों का आना जाना लगा रहा।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जगजीवन लाला,राज कुमार,मानवेंद्र कुमार,छंगा लाल,अंशु वर्मा आदि लोगो का योगदान रहा।

# फैजुल्लागंज में ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में निकाली गई पीडीए संदेश यात्रा



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को फैजुल्लागंज में पीडीए संदेश यात्रा निकाली गई। समाजवादी ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में घैला रोड स्थित मौर्या मार्केट से श्याम विहार कॉलोनी स्थित प्रजापति टावर तक सैकड़ों लोगों ने पीडीए संदेश यात्रा में भागीदारी की। इस दौरान घर घर जनसंपर्क करके घंटी बजाकर सभी से पीडीए नायक अखिलेश यादव के पक्ष में एकजुट होने की अपील की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जलभराव की अनुपयोगी भूमि का मामला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव गौरैया कला में वर्षों से जलभराव से प्रभावित पड़ी भूमि पर विवाद थम गया है। प्रॉपर्टी डीलर ने राजस्व विभाग से विधिवत अनुमति लेकर गाटा संख्या 1221 व 1328 की भूमि पर प्लॉटिंग कार्य शुरू किया है। यह भूमि लंबे समय से जलमग्न थी और किसी उपयोग में नहीं लाई जा रही थी।

भाकियू नेता के आरोपों की सच्चाई जानने जब कैनविज टाइम्स के विशेष संवाददाता ने जब मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की तो पता चला कि कुछ ग्रामीण पारंपरिक तौर पर सीमित पैमाने पर सिघाड़ा और मछली पालन किया करते थे, लेकिन वह भी अब लाभकारी नहीं रहा। ऐसे में भूमि का सुनियोजित उपयोग करके विकास की संभावनाएं खोली जा रही हैं। प्रॉपर्टी डीलर ने बताया कि उन्होंने सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए यह भूमि प्राप्त की है। भाकियू नेता संदीप कुमार यादव के आरोपों को नकारते हुए राजस्व निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि भूमि का उपयोग नियमानुसार हो रहा है और जो भी प्रक्रिया अपनाई गई है, वह शासन के निर्देशों के तहत है।

# राजभवन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विशेष योगाभ्यास सत्र प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजभवन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की श्रृंखला में विशेष योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस आयोजन का उद्देश्य न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है, बल्कि पर्यावरण एवं संपूर्ण पृथ्वी के प्रति जागरूकता को भी समर्पित है। यह योगाभ्यास सत्र प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 20 जून तक राजभवन के लॉन में आयोजित किया जाएगा।

राज्यपाल के कुशल मार्गदर्शन में इस विशेष आयोजन की परिकल्पना



की गई है, जिसका उद्देश्य समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली की ओर अग्रसर करना है। आज के शुभारंभ सत्र में लगभग 1000 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतिभागियों में विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में योगप्रेमी नागरिक शामिल रहे। प्रशिक्षित योगाचार्यों के निर्देशन में सभी ने संयुक्त रूप से योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि यह योग सत्र 20 जून तक प्रतिदिन आयोजित होगा। इसके उपरांत 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को सशक्त करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर योग के माध्यम से ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य'' के संदेश को समाज में स्थापित करने का एक प्रेरक प्रयास भी सिद्ध होगा।

# ज्येष्ठ माह में श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार नौनेर में 14वें विशाल भण्डारे का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरगांवऽसीतापुर ग्राम पंचायत नौनेर में स्थिति श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार में हर वर्ष की तरह इस बार भी विशाल भण्डारा बड़े ही धूमधाम से कराया गया जो सायं 4 बजे से लेकर रात्रि हरि इच्छा तक चलता रहा जिसमें सबसे पहले कन्या भोज कराकर भण्डारे की शुरु किया गया जो रात्रि हरि इच्छा तक चलता रहा जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार में उपस्थित होकर मत्था टेका और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया साथ ही रात्रि में न्यू वृंदावन झांकी ग्रुप के कलाकारों के द्वारा संचालित भजन कीर्तन व तरह तरह की झांकियां दिखाकर सभी भक्तों का मन मोह लिया जिसमें आए हुए सभी भक्तों ने बढ़चढ़ कर श्री बाला जी दरबार में जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए उपस्थित दर्ज कराया व भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर मिन्नतें मांगी श्री बाला जी सेवा मण्डल के प्रधान पुजारी करुणा शंकर मिश्र ने बताया कि श्री बाला जी की असीम अनुकम्पा से हमेशा की तरह इस बार भी मन्दिर कमेटी द्वारा 14वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने बढ़ चढ़कर श्री बाला जी दरबार में हाज़िरी लगाई जिससे ऐसा प्रतीत होता हैं कि बिछड़े हुए सनातनी धीरे धीरे सभी सनातन धर्मप्रवेश करते हुए सर्वत्र दिखाई पड़ रहे है ऐसा लगता हैं कि पूरा नौनेर जय श्री राम व श्री बाला जी के जयकारे लगाते हुए राममय हो गया वहीं आए हुए भक्तों ने बताया कि प्रभु ने यह अवसर हम सभी को प्रदान किया है इस अवसर पर श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार के प्रधान पुजारी करुणा शंकर मिश्र ने बताया कि कलयुग के देवता श्री

## न्यू वृंदावन झांकी ग्रुप द्वारा भजन कीर्तन एवं तरह तरह की झांकियां दिखाकर सभी का मन मोहित किया

बाला जी महाराज बड़े दयालु हैं यहां आए हुए सभी भक्तों की मुरादें पूरी करते है इस दरबार से कभी कोई भक्त खाली हांथ लौटकर नहीं जाता समाधिवाले बाबा सभी की मुरादें ज़रूर पूरी करते हैं इस अवसर पर मण्डल के सदस्य प्रधान पुजारी करुणा शंकर मिश्र, अध्यक्ष अश्विनी शुक्ला, उपाध्यक्ष, अजय मिश्रा, कोषा अध्यक सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, नित्य पुजारी सोनू मिश्रा, सदस्य मोहन शुक्ला, पंकज सिंह, श्याम किशोर मिश्रा, छोटे सिंह, कन्हैया, अनिल मिश्रा एवं श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार के सभी भक्तगण आदि लोग उपस्थित रहे ।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने की 48 लाख से अधिक की सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर जनपद के शिक्षकों ने सहयोग की पेश की नई मिसाल दिवंगत शिक्षक पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ हरगांव स्व0 देवेंद्र कुमार सिंह के परिवार को 48 लाख से अधिक की सहायता धनराशि के साथ ही प्रदेश के और अन्य 19 शिक्षकों कुल 20 परिवारों को लगभग 10 करोड़ की सहायता राशि उपलब्ध कराई है। टीएससीटी के संस्थापक विवेकानंद आर्य की दूरगामी सोच से अब तक बिना किसी सरकारी सहायता के शिक्षकों द्वारा स्वयं ही अपने साथियों के परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दूसरी मिसाल मिलना नामुमकिन है। अब तक संस्था द्वारा विगत 5 वर्ष में 236 दिवंगत शिक्षकों/शिक्षण परिवार के साथियों को लगभग 138 करोड़ रुपए की सहायता धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक विजय श्रीवास्तव के द्वारा अवगत कराया गया कि मात्र 15.50 रुपए की अल्प राशि 3 लाख 10 हजार से अधिक शिक्षकों द्वारा 48 लाख से अधिक की बड़ी राशि की कल्पना पूर्व में कोई भी नहीं कर सकता था। जिला प्रवक्ता प्रदीप कुमार द्वारा जनपद सीतापुर के 8000 सक्रिय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया जनपद सीतापुर से 24 लाख 70 हजार रुपए से अधिक की धनराशि प्रदेश के शिक्षकों के परिवारों को प्रेषित की गई सीतापुर जिला संयोजक विजय श्रीवास्तव के साथ टी एस सी टी की 2 दर्जन जिला सह संयोजक टीम के साथ जिला मीडिया प्रभारी और लगभग नगर मिला कर 20 ब्लॉक के 20 ब्लॉक संयोजक के साथ ब्लॉक सह संयोजको के साथ ब्लॉक प्रवक्ता के साथ अन्य टी एस सी टी के सक्रीय सदस्यों के साथ लगभग सीतापुर में 8000 सदस्य सहयोग कर कर सीतापुर प्रदेश में चौथे स्थान पर अनवरत कई महीनों से सहयोग करता चला आ रहा है।जिला संयोजक विजय श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में यह सब टीम के द्वारा ही होना संभव हो पा रहा है। जनपद सीतापुर में सहयोग करने में प्रथम स्थान पर अनवरत कई महीनों से ब्लॉक बेहटा,सहयोग करने में द्वितीय स्थान पर ब्लॉक बिसवा,तृतीय स्थान पर ब्लॉक हरगांव सहयोग कर रहा है। सीतापुर जनपद जिस रेशियों से अनवरत सहयोग को लेकर नये मुकाम हासिल कर रहा है इसी दृष्टि से वह दिन दूर सीतापुर सहयोग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर होगा।

# छिनैती/चोरी जैसी घटनाओं में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददातां

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी बिसवां श्री सतीश चंद्र शुक्ल के नेतृत्व में थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी/छिनैती आदि जैसी घटनाओं में संलिप्त 03 अभियुक्तों 1. हर्षित यादव पुत्र गजराज सिंह यादव उर्फ नरेन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम वाहिदापुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर 2. दुर्गेश गुप्ता पुत्र मायाराम गुप्ता निवासी ग्राम वाहिदापुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर 3. मोहित पुत्र रामलखन यादव निवासी पिपरहिया मजरा सिष्टीपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को दासापुर मोड़ से आगे टीले के पास से चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। जिनसे माल याफ्ता एक अदद मोबाईल फोन ओप्पो एन्ड्रायड व एक एदद मोबाइल फोन नार्जो एन्ड्रायड, घटना में प्रयुक्त दो अदद मोटरसाइकिल एवम् एक अदद चाभियों का गुच्छा, एक अदद पेचकस, एक अदद प्लास, एक अदद लोहे की सरिया, एक अदद प्लास्टिक की टार्च बरामद हुए है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 30.05.2025 को हमने मिलकर कस्बा मानपुर से गोवर्धनपुर की तरफ जाते हुए पेट्रोलपम्प के पास से शाम के समय दो साईकिल सवार लोगों से मोबाईल छीने थे । थाना मानपुर पर संबंधित घटना में मु0अ0सं0 112/25 धारा 304 उगट्ट पंजीकृत है। अभियुक्तगण के विरुद्ध मु.अ.सं.113/25 धारा 313 बीएनएस पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## पहला ब्लॉक के ग्राम चुनका मे ढही पानी की टंकी का ठेकेदार गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जल जीवन मिशन के तहत पहला ब्लॉक के चुनका गांव में बनी पानी टंकी दिनांक 29.05.2025 को ढह गयी थी। जिलाधिकारी महोदय अभिषेक आनंद द्वारा जांच समिति गठित कर जांच करायी गयी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुसार नही थी एवं टंकी के निर्माण में लापरवाही बरती गयी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर जल निगम के अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार द्वारा ठेकेदार विजय कुमार पुत्र किशोरीलाल निवासी भिटहरी थाना चिनहट जनपद लखनऊ के विरुद्ध थाना महमूदाबाद पर मु0अ0सं0 197/25 धारा 316(5)/318(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमें में वांछित ठेकेदार विजय कुमार पुत्र किशोरीलाल निवासी भिटहरी थाना चिनहट जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है।

## सवर्ण आर्मी की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के शास्त्री नगर मोहल्ले में सवर्ण आर्मी की बैठक हुई उसमें माननीय प्रदेश उपाध्यक्ष सवर्ण आर्मी संतोष मिश्रा क्रान्तिकारी के संरक्षण में जिला सीतापुर का संगठन संगठित किया गया जिसमें संगठन के जिला एवं ब्लॉक के समस्तउ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सवर्ण आर्मी के प्रमुख सर्वेश पाण्डेय के विचारों की चर्चा हुई और उनके विचारों पर सवर्ण आर्मी सीतापुर के सभी पदाधिकारियों ने गांव - गांव क्षेत्रों में जाकर सवर्ण भाइयों को जागरूक किया जाएगा यही संकल्प लिया गया।

सवर्ण आर्मी सीतापुर के जिलाध्यक्ष ने आये हुए पदाधिकारियों का स्वागत एवं माल्यार्पण किया जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ,अनुज त्रिवेदी ,शिवम तिवारी ,दीपांशु दीक्षित , हिमांशु शुक्ला,समरेंद्र सिंह ,राहुल पांडे, राहुल मिश्रा ,प्रभाकर पांडे ,पंडित शिव लखन तिवारी , कपिल श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, सनी मिश्रा संतोष मिश्रा शैलेंद्र अवस्थी रजित जोशी, ललित प्रकाश, दिवाकर शुक्ला,आदि सवर्ण कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीउपस्थित रहे।

## विशाल भंडारे का किया आयोजन वितरण किया प्रसाद

अटरिया सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जेष्ठ माह में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा पाठ करने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, ज्येष्ठ माह में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले भंडारो में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया, हर तरफ गूंज रहे भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा था । शनिवार प्रातः से ही क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के द्वारा अपने-अपने घरों पर व्रत रखकर बजरंगबली की पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।समाजसेवी राकेश कुमार यादव के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे का शुभारंभ पूजा अर्चना के बाद लगभग बारह बजे दोपहर से शाम तक चलतो रहा इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती गयी।

## गोवंश की उपेक्षा पर प्रशासन सख्त

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड बेहजम के ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित, प्रधान को नोटिस बेहजम के बांछेपारा गो आश्रय स्थल में लापरवाही उजागर वायरल वीडियो पर सीडीओ अभिषेक कुमार की ताबड़तोड़ कार्रवाई स्थल निरीक्षण में बदहाल व्यवस्थाएं मिलने पर ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल राजवंशी को किया निलंबित, ग्राम प्रधान जानकी प्रसाद यादव को भेजा नोटिस, बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारी से तलब किया गया स्पष्टीकरण सीडीओ का स्पष्ट संदेश — गोवंश की उपेक्षा नहीं होगी बर्दाश्त, जनपद के सभी आश्रय स्थलों की होगी सघन समीक्षा ।

## क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से थर्राया थाना नीमगांव

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता- गांव रसूलपुर में उमेश त्रिपाठी के घर नकब लगाकर घुसे चोर लाखों के जेवरों के साथ ही 12 कारतूस चोरी कर ले गए। 13 मईः गांव यंगपुर में तीन घरों से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी हुए। 15 मईः सिकंदराबाद कस्बे में नमकीन व्यवसायी की पिकअप वैन से 40 हजार रुपये से भरा बैग चोरी हुआ। 21 मई की रात नीमगांव कस्बे में बालाजी मोबाइल सेंटर की दुकान से हजारों की चोरी? 25 मई को प्रतापपुर गांव में दो सगे भाइयों के यहां अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे से छत पर चढ़ 20 हजार की नगदी व लाखों की कीमती जेवरात और बर्तन कपड़े उठा ले गए थे,वहीं गांव के एकराम समेत बाबूराम व महेश के यहां चोर चोरी करने में असफल रहे। 29 मई को रहमतपुर गांव के रहने वाले संजय पुत्र हरद्वारी के यहां अज्ञात चोर घर में घुस गए कमरे में रखे नगदी समेत कीमती जेवरात व गृहस्थी का सामान उठा ले गए थे। लखीमपुर खीरी जिले के अंतर्गत थाना क्षेत्र नीमगांव में लगातार होफरही चोरियों से सुर्खियां बटोरने वाला थाना बना नीमगांव,दिन प्रतिदिन बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाना थाना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है,वहीं शनिवार की रात में चोरों ने थाना क्षेत्र के ग्राम जम्होरा में दो घरों को निशाना बनाया नकदी और जेवरात समेत करीब 10 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया,घटना आबादी वाले इलाके में घटी, जिससे थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है,जानकारी के अनुसार,रोड के पूरब दिशा में रहने वाले सुशील शुक्ला पुत्र रामाकांत शुक्ला के यहां सभी स्वजन छत पर सो रहे थे।

# पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों व समाज सेवी जनों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददातां

बिसवा ( सीतापुर ) । हिन्दी पत्रकारिता एवम श्री कैलाश बिहारी मन्दिर स्थापना दिवस के अवसर पर स्मृतिशेष समाज सेवी व पत्रकार शशि गौरव श्रीवास्तव एवम स्मृतिशेष फार्मासिस्ट क्षितिज कठेरिया स्मृति में पत्रकार सम्मान व नागरिक अभिनंदन समारोह कार्यक्रम एवम पत्रकारिता कल,आज और कल विषयक गोष्ठी का आयोजन पत्रकार व एडवोकेट नीरज श्रीवास्तव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया द्वारा स्थानीय श्री कैलाश बिहारी मन्दिर कच्चा कटरा पर किया गया!

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस डी एम न्यायिक बिसवा कुमार चंद्र बाबू एवम विशिष्ट अतिथि तहसीलदार बिसवा उमा शंकर त्रिपाठी,कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ एडवोकेट व पत्रकार शमीम कौसर सिद्दीकी व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विचारक, लेखक डॉ ब्रज बिहारी व साहित्यकार व पत्रकार पदम कांत शर्मा प्रभात रहे !कार्यक्रम का सफल संचालन कवि आनंद खत्री ने किया! अतिथियों का स्वागत एडवोकेट प्रमोद यादव,जितेंद्र मिश्रा,रवि गौरव श्रीवास्तव, नय्यर शकेब,जीशान खां, हारिश अली, डॉ लतीफ अहमद,मो शाद, शिवम कठेरिया,आरूश मनु राय,अमन खां आदि माल्यापर्ण कर स्वागत किया! पत्रकारिता दिवस पर आयोजित गोष्ठी को मुख्य अतिथि एस डी एम न्यायिक कुमार चंद्र बाबू,विशिष्ट अतिथि तहसीलदार बिसवा उमा शंकर, कार्यक्रम अध्यक्ष शमीम कौसर, मुख्य वक्ता डॉ. ब्रज बिहारी,पदम कांत शर्मा प्रभात, एवम समाज सेवी शाद ने अपने अपने विचार रखे! कार्यक्रम में स्मृतिशेष पत्रकार व समाज सेवी शशि गौरव श्रीवास्तव भानू व स्मृतिशेष फार्मासिस्ट क्षितिज कठेरिया शुभम की स्मृति में पत्रकारिता दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार शमीम कौसर सिद्दीकी, पदम कांत शर्मा प्रभात,पीयूष बाजपेयी एवम बिलाल अहमद सहित नगर के सभी वरिष्ठ व युवा पत्रकारों व समाज सेवी जनों को एस डी एम न्यायिक कुमार चंद बाबू एवम तहसीलदार उमा शंकर त्रिपाठी ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया! अतिथियों को कार्यक्रम आयोजक नीरज श्रीवास्तव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट किया! इस अवसर पर एडवोकेट राज कुमार सिंह,राजेंद् प्रताप सिंह,कमलेंद्र बाजपेयी, एडवोकेट फ़िरोज़ कौसर सिद्दीकी,नरेश गौड़,अमर मेहरोत्रा, रजनीश मिश्रा, मो. शाद,रवि गौरव श्रीवास्तव, अमन खां,डॉ.लतीफ अहमद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे!

## लखीमपुर खीरी में खनन माफिया की गतिविधियाँ चिंताजनक हैं

लखीमपुर खीरी मे अवैध खनन न केवल राजस्व की क्षति पहुंचा रहा है बल्कि पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी नुकसान पहुंचा सकता है खनन माफिया की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन और राजस्व विभाग को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए अवैध खनन बिना खनन आदेश के खनन माफिया द्वारा मिट्टी और बालू का अवैध खनन किया जा रहा है प्रशासनिक लापरवाही पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण खनन माफिया बेखौफ होकर अपनी गतिविधियाँ चला रहे हैं सख्त कार्रवाई प्रशासन और राजस्व विभाग को अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए निगरानी बढ़ाना खनन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए ताकि अवैध खनन को रोका जा सके राजस्व विभाग की जवाबदेही राजस्व विभाग को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए और अवैध खनन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने से न केवल राजस्व की क्षति रुकेगी बल्कि पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी भी सुरक्षित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## सीएचसी अधीक्षक डॉ कमलेश कुमार ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण

मछरेहटा सीतापुर। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना '' यूपी सरकार का सपना स्वच्छ और स्वस्थ हो प्रदेश अपना ,,मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा में डॉ कमलेश कुमार के नेतृत्व में डॉ अमित श्रीवास्तव के द्वारा 88 मरीजों का परीक्षण एवं मलेरिया जांच कर दवाइयां दी गई इसके अलावा फायलेरिया किट कुदोली निवासी गुड्डी देवी पत्नी शिवराज खरगापुर निवासी रामशंकर पुत्र मनोहर खरगापुर निवासी अंगूरी पत्नी राकेश कुंडौली निवासी गुड्डी पत्नी संतराम को डॉ अमित श्रीवास्तव एवं स्टाप नर्स पुष्पा देवी ने प्रदान की । सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधवापुर डॉ वेद प्रकाश गौतम के द्वारा 36 मरीजों का उपचार कर दवाइयां दी गई वही भिटौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ ओपी चौरसिया के द्वारा 33 मरीजों का उपचार कर दवाइयां दी । लोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ अक्षत पटेल एवं अन्य चिकित्सक के द्वारा 35 मरीजों का परीक्षण कर दवा वितरित की गई इसके अलावा परसदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ ध्रुव लहरी के द्वारा 33 मरीजों का उपचार किया गया ।बताते चले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जाता । गुड्डी देवी ने बताया सरकार द्वारा चलाए जा रहे आरोग्य मेले का लाभ हम सभी को मिल रहा है छुट्टी के दिन भी निःशुल्क जांच ओर दवाइयां मिल रही इससे अच्छा और क्या हो सकता ।

# 11 वांछित/वारण्टी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के लिये टीम गठित कर निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 11 वांछित/वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है- थाना मछरहेटा पुलिस द्वारा 02 वारंटी गिरफ्तार- थाना मछरेहटा पुलिस टीम द्वारा बाद/केस संख्या 788/06 में वारंटी रामसेवक पुत्र नान्हू तेली निवासी ग्राम शिवपुर थाना मछरहेटा जनपद सीतापुर व अपराध संख्या 335/2018 में वारंटी सहजराम द्विवेदी उर्फ अमरेन्द्र पुत्र शिवशंकर निवासी ग्राम परसदा थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना संदना पुलिस द्वारा 01- 01 वांछित/वारंटी गिरफ्तार- थाना संदना पुलिस पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 345/05 में वारंटी अभियुक्त मनोज पुत्र स्व0 पहलवान निवासी रालामऊ थाना संदना जनपद सीतापुर तथा मुकदमा अपराध संख्या 167/2025 धारा 103(1)/85/80(2)/115(2)/351(3) बीएनएस व ३ डी पी एक्ट में वांछित अभियुक्त पंकज पुत्र परमेश्वर पासी निवासी ग्राम ढकहा थाना संदना जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना कमलापुर पुलिस द्वारा 02 वारंटी गिरफ्तार- थाना कमलापुर पुलिस पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या 1549/2006 में वारंटी अभियुक्तगण 1. आशीष सिंह पुत्र रामनरेश सिंह 2. हरिओमसिंह पुत्र रामनरेश सिंह निवासीगण ग्राम नयागांव थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना महोली पुलिस द्वारा 02 वारंटी गिरफ्तार- थाना महोली पुलिस पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 022/2013 में वारंटी अभियुक्तगण 1. दिनेश कुमार पुत्र शिव नरायन लाल निवासी बडागांव थाना महोली जनपद सीतापुर 2. अशोक पुत्र किशोर लोध निवासी ग्राम कलवारी खुर्द थाना महोली जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना तम्बौर पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना तम्बौर पुलिस पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 257/2025 धारा 333/64 बीएनएस व धारा ३ पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सत्यम पुत्र चन्द्रभाल निवासी ग्राम सिसैया थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

थाना रेउसा पुलिस द्वारा 02 वारंटी गिरफ्तार- थाना रेउसा पुलिस पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 277/06 में वारंटी अभियुक्त कमलेश पुत्र जुराखन रैदास निवासी ग्राम चमारनपुरवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर तथा मुकदमा अपराध संख्या 06/2013 में वारंटी अभियुक्त दलाबू पुत्र चुन्नू पासी निवासी ग्राम कासीपुरवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

# थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, गैंगस्टर एक्ट में 16 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मोहम्मदी के नेतृत्व में आज दिनाकं 01.06.2025 को थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 401/2025 धारा 2(ख)(17)/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट में 16 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार हो या भक्तों में जाहिद पुत्र हनीफ निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी बलीउल्ला उर्फ बल्ला पुत्र सफीउल्ला निवासी अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी नफीश अहमद पुत्र करमतुल्ला निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी रहीमतुल्ला पुत्र करमतुल्ला निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी फुरकान पुत्र सवतुल्ला निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी अदहम पुत्र इस्लाम निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी सतीश कुमार पुत्र श्रीकेशन निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी आशिफ पुत्र साजिद निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी अतीक मिया पुत्र असफाक निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी अकरम पुत्र फकीरे निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी वाहिद पुत्र हनीफ निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी दानिश पुत्र जाकिर निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी फरान पुत्र नौशे निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी साहिद पुत्र रैयतुल्ला निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी हफीज पुत्र हफल्ले निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी गुफरान पुत्र मजन्ने खां निवासी कस्बा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया उपरोक्त लोगों को गिरफ्तार करने वाली टीम में. उ0नि0 बाबूराम, कस्बा चौकी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी उ0नि0 हिमांशु आनन्द, रेहरिया चौकी प्रभारी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी .उ0नि0 संजीत तिवारी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी .हे0का0 अशोक तिवारी, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी .हे0का0 जानमोहम्मद, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी . का0 नीरज यादव, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 अम्बरीष शुक्ला, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 प्रत्युष कुमार, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 संदीप कुमार, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 अभिषेक, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 शाहफहद वेग, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 शशिकपूर, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 नितिन कुमार, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 सुधीर कुमार, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 शिवम राणा, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 सुनील कुमार, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का0 पुनीत राणा थाना मोहम्मदी जनपद खीरी मौजूद रहे ।

# पूर्व प्रधान के निधन पर क्षेत्र मे दौड़ी शोक की लहेर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा कमलापुर । विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्रामपंचायत छरासी से 3 बार प्रधान रहे ग्राम रूढा निवासी राधेश्याम मिश्रा उर्फ मन्नर महराज का करीब 80 वर्ष की आयु मे उनके पैतृक निवास ग्राम रूढा मे आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया राधेश्याम मिश्रा ऊर्फ मन्नर महराज पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष, पूर्व एम एल सी सीतापुर पंडित रामगोपाल मिश्रा के छोटे भाई थे,इनके तीन लड़के तथा एक लड़की है जिसमे बड़े बेटे का नाम लक्ष्मी शंकर मिश्रा उर्फ ढिल्लन था तथा उससे छोटे बेटे का नाम धन्नजय मिश्रा है तथा बेटी का नाम लाडो है सबसे छोटे बेटे का नाम इन्द्रमोहन मिश्रा उर्फ पिन्टू है और चारो की सादी हो चुकी है और अभी करीब तीन माह पूर्व राधेश्याम मिश्रा उर्फ मन्नर महराज के बणे लड़के लक्ष्मी शंकर उर्फ ढिल्लन महराज का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया था जिससे वह काफी आहत थे,राधेश्याम मिश्रा उर्फ मन्नर महराज का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गाँव रूढा मे साम करीब 4 बजे होगा,उनके अंतिम दर्शन के लिए पूर्व एम एल सी सीतापुर पंडित रामगोपाल मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख कसमण्डा विजयशंकर मिश्रा उर्फ बड़े भैया, पूर्व गन्ना समित चेयरमैन सीतापुर राधेश्याम मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख कसमण्डा उमाशंकर मिश्र उर्फ वल्ली भैया,ओमकार नाथ मिश्र, जिला संगठन मंत्री सीतापुर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट अनिकेत सिंह,वरिष्ट गन्नधिकारी जवाहरपुर चीनीमिल चन्द्रप्रकाश मिश्रा,सपा नेता प्रदीप कुमार सिंह,डाक्टर अनुज मिश्रा ,रजत दत्त दिछित, हिमांशु दत्त दिछित, संजय पाण्डेय,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलापुर अरविंद पाण्डेय,अशोक शुक्ला,पंकज मिश्रा,संजय शुक्ला,रामू शुक्ला,दिलीप मिश्रा,रामू पाल सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय लोग पहुंचे।

## दो दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ते ने काटकर किया घायल

**महराजगंज, रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पागल कुत्ते ने हनुमानगढ़ी से लेकर सुखई पुरवा तिराहे व कैर सेनपुर कलंदरगंज तथा कस्बा सहित लगभग दो दर्जन लोगों को पागल कुत्ते ने काटकर लहूलुहान व जिसमें अभी तक लगभग दो दर्जन लोगों को काटकर घायल कर दिया शिव दुलारी पत्नी राकेश उम्र 26 वर्ष निवासी सेनपुर, क्रांति पुत्री संतू उम्र 28 वर्ष निवासी सेनपुर, सीता देवी पत्नी राम आसरे उम्र 70 वर्ष निवासी कलंदरगंज, साहिल पुत्र इदरीश उम्र 18 वर्ष वार्ड नंबर 01 महराजगंज, विनोद पुत्र प्रनाम उम्र 5 वर्ष निवासी महराजगंज, जमुना प्रसाद पुत्र परमेश्वर उम्र 45 वर्ष, सदन पुत्र गोकरन उम्र 45 वर्ष, फूलमती पत्नी भारत लाल उम्र 35 वर्ष, अवी पुत्री विजय कुमार उम्र 4 वर्ष, बाबू मुस्तकीम पुत्र वासिद उम्र 45 वर्ष, सुखदेव पुत्र श्री राम उम्र 50 वर्ष, रामसेवक पुत्र देवता उम्र 60 वर्ष, पुत्तीलाल पुत्र रघुनाथ 45 वर्ष, प्रियांशु 14 वर्ष निवासी महराजगंज को पागल कुत्ते ने काट लिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज के डॉक्टर ने बताया कि इलाज कर घायलों को घर भेजा जा रहा है दो दर्जन से अधिक लोगों को कुत्ते द्वारा काटा गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बछरावा, रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक सप्ताह पूर्व विवाह हुए युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी के फंदे से लटकता हुआ शव मिलने की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम तथा क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटनाक्रम के अनुसार रविवार प्रातः 7 बजे के आसपास थाना क्षेत्र बछरावां के ग्राम विनायकपुर में उस समय हड़कंप मच गया। जब एक युवक का शव घर के बगल में ही स्थित टीन सेड के नीचे लगी हुई बल्ली में साड़ी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला है। मृतक अजीत कुमार पुत्र रामखेलावन उम्र लगभग 22 वर्ष का विवाह एक सप्ताह पूर्व 25 मई को थाना क्षेत्र मोहनलालगंज के एक गांव से हुआ था। पत्नी कुछ दिन अपनी ससुराल में रहने के बाद अपने मायके चली गई थी। अचानक घर के बगल में ही स्थित टीन सेड के नीचे युवक रात्रि में रोज की तरह सोने के लिए चला गया था। सुबह होने पर जब 7 बजे तक युवक बाहर नहीं निकला तो परिजन उसे उठाने के लिए उसके पास पहुंचे। जहां परिजनों ने देखा कि युवक अजीत कुमार का शव टीन सेड में लगी हुई बल्ली के सहारे साड़ी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। जिसे देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया, थोड़ी ही देर में ग्रामीणों को सूचना पहुंचते ही भारी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया है, तथा पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेजा जा रहा है। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी ने बताया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तथा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# तिरंगा यात्रा एवं शौर्य यात्रा पर अदिति सिंह का हुआ सम्मान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। सदर विधायक श्रीमती अदिति सिंह को राही ब्लॉक के सभागार में पूर्व सैनिक सयुक्त संस्थान द्वारा सम्मानित किया। सदर विधायक के नेतृत्व में 25 मई 2025 को सदर विधानसभा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा एवं शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया था। इस यात्रा का उद्देश्य सैनिकों के मनोबल को बढ़ाना और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना था। इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों एवं नागरिकों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम के अवसर पर सदर विधायक को सैनिकों के सम्मान एवं मनोबलवर्धन हेतु उनके निरंतर प्रयासों और योगदान के लिए राही ब्लॉक सभागार में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस समारोह में सैकड़ों सैनिकों के साथ-साथ जिले के अनेक गणमान्य नागरिक ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को और ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी बनाया। उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था, रायबरेली ने इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, सैनिकों के सम्मान और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दल बहादुर सिंह अध्यक्ष, जितेन्द्र सिंह, अमरेश त्रिपाठी, राम प्रताप शुक्ला, राजाराम यादव, अजय कुमार, ओम प्रकाश त्रिवेदी, जितेन्द्र जायसवाल, राज कुमार वर्मा , सुन्दर लाल यादव , जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र सिंह, सभासद एस. पी. सिंह आदि सम्मिलित हुए।

## कांग्रेस कभी भी देश हित में नहीं, कुर्सी हित में करती है काम :एस एन सिंह

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता एस एन सिंह ने आज यहां कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कभी भी देश हित के लिए कार्य न कर मात्र व्यक्तिगत हित और कुर्सी हित के लिए कार्य करती रही है। श्री सिंह रविवार को यहां कहा कि यह कांग्रेस का स्वभाव कहे या शौक। जब भी कोई व्यक्ति देश हित के लिए कार्य करता है,तो कांग्रेस उसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले का कालखंड रहा हो या आजादी के बाद का कालखंड हो। कांग्रेस हमेशा से देश हित की बात करने वाले लोगों का विरोध करती रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वह सुभाषचंद्र बोस,सरदार पटेल हों या उसके बाद बाबा साहब अम्बेडकर का विरोध हो या महाराणा प्रताप के नीतियों का विरोध।यह दर्शाता है कि कुर्सी और व्यक्तिगत हित के लिए कांग्रेस देश हित की तिलांजलि देती रही है। उन्होंने कहा कि आज पहलगाम की आतंकी घटना के बाद अपने देश के बहुत सारे नेता दुनिया के देशों में जाकर यह बताने का कार्य कर रहे हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद की जननी है,तो इस पर भी कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ दूसरों का ही विरोध नहीं करती है बल्कि अपने दल के नेताओं का भी जो देश हित की बात करते थे उनका भी विरोध करती । चाहे वह स्वर्गीय प्रणव मुखर्जी रहे हो या पीवी नरसिम्हा राव जो राष्ट्रहित की बात करते थे तो उनका भी कांग्रेस विरोध करती थी।

## होटल के बर्तन शौचालय के गंदे पानी से धोने का वीडियो वायरल, संचालक गिरफ्तार

**मथुरा।** बरसाना के एक होटल में एक बहुत ही शर्मनाक घटना सामने आई है, यहां होटल के बर्तनों को शौचालय के गंदे पानी से धोया जा रहा था और फिर उन बर्तनों में खाना परोसा जा रहा था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे लोगों में काफी नाराजगी और गुस्सा देखने को मिला। लोगों ने जमकर होटल की आलोचना की। बरसाना पुलिस ने होटल के संचालक मामा और भांजे को हिरासत में लेने के लिए छापेमारी की। एसपी देहात सुरेश चंद रावत के अनुसार, वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि किशोर अस्वच्छ स्थान पर बर्तन साफ कर रहा है। संभवतः इन्हीं बर्तनों में ग्राहकों को भोजन परोसा जाता था। नाबालिग होने के कारण होटल संचालक के भांजे को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। बरसाना थाने के एसआई अवधेश कुमार पुरोहित ने बताया– 31 मई को सोशल मीडिया पर टॉयलेट में बर्तन धोने का वीडियो सामने आया। होटल में टॉयलेट के अंदर एक किशोर बर्तनों को गंदे दूषित पानी से धो रहा था। इस पर आसपास के लोगों ने आक्रोश जताया। सूचना पर मैं स्वयं और कॉन्स्टेबल महेंद्र कुमार गोवर्धन रोड पर बीके बृजवासी फैमिली रेस्टोरेंट पर पहुंचे और पूरी छानबीन के बाद आरोपितों को हिरासत में ले लिया। होटल संचालक पर सिर्फ गंदा पानी इस्तेमाल करने का ही नहीं, बल्कि संक्रमित खाना परोसने और चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। क्योंकि होटल में नाबालिग लड़कों को शौचालय का पानी बर्तन धोने के लिए इस्तेमाल करते है।

## कथित कांग्रेसी नेता दुकानदार ने मासूम बच्ची के साथ की अश्लीलता

हमीरपुर। रविवार को राठ कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास फल फ्रूट की दुकान लगाने वाले कथित कांग्रेसी नेता वृद्ध दुकानदार ने एक मासूम के साथ अश्लीलता कर दी। जिसके बाद मासूम बच्ची के शिकायत करने से नाराज परिजनों व मोहल्ले के लोगों का गुस्सा फूट पडा। लोगों ने आरोपी वृद्ध की फल फ्रूट की दुकान को तहस नहस करते हुए दुकान का सामान सड़क पर फेंक दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने बताया कि आरोपी वृद्ध कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी व कार्यकर्ता नहीं है। उन्होंने बताया कि आरोपी कांग्रेस पार्टी के होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी फोटो खींचने के लिए पहुंच जाता था। पार्टी का आरोपी से कभी कोई लेना देना नहीं रहा है। वहीं मामले में कोतवाली के इंस्पेक्टर रामासरे सरोज ने बताया कि आरोपी वृद्ध मौके से फरार हो गया था। जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## आईएमए के चिकित्सकों ने गुर्दा सर्जरी और कैंसर रोबोटिक सर्जरी की बारीकिया जानीं

**मुरादाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुरादाबाद के ततवावधान में आईएमए व अकादमी एएफ़ मेडिकल स्पेशलिटीज़ ने आज संयुक्त रूप से सीएमई का आयोजन होटल मोतीमहल में किया गया। जिसमें मैक्स हॉस्पिटल गुड़गांव के गुर्दा सर्जरी विभाग के प्रमुख और कैंसर एवं रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अमित गोयल ने प्रोस्टेट कैंसर वेसिकोवेजाइनल फिस्टुला और गुर्दा अम्साम पर विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. जेके शर्मा ने आईएमए एएमएस की सदस्यता बढ़ाने का संदेश दिया। आईएमए मुरादाबाद की अध्यक्ष डॉ. प्रीति गुप्ता ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सभी सदस्यों को तंबाकू के सेवन को हतोत्साहित करने और नशे की शपथ दिलाई। सचिव डॉ. सुदीप कौर ने आईएमए के कार्य पर प्रकाश डाला। आईएमए एएमएस के वरिष्ठ डॉ. निधि ठाकुर ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया।

# खुली जगह पर नहीं होगी कुर्बानी : क्षेत्राधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



महराजगंज,रायबरेली। आपसी सौहार्द का प्रतीक माना जाने वाला महराजगंज क्षेत्र आने वाले बकरीद के त्यौहार को मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ मनाए। यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या किसी भी हिंदू व मुस्लिम भाई को होती है तो मुझको व थाने के सीयूजी नंबर पर फोन कर सूचित करें तत्काल मामले का निस्तारण किया जाएगा यह उद्गार आज कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की विशाल बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व्यक्त कर रहे थे।

बताते चलें कि नवागत क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा आयोजित की गई, इस पहली पीस बैठक में कोतवाली परिसर में सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए और अपने नवागत क्षेत्राधिकारी से आप बीती बताई उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। कुर्बानी के रूप में प्रतिबंधित जानवरों का कटान मना है, यदि किसी के भी द्वारा ऐसा कृत्य किया गया तो उस पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। वही यह भी कहा कि यदि कहीं पर कोई विवाद व गंदगी का अंबार या नाली में साफ सफाई या कहीं विद्युत व्यवस्था जैसी कोई भी परेशानी आती है। तुरंत अवगत कराएं उसका निस्तारण त्वरित किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति द्वारा कुर्बानी खुले में नहीं होनी चाहिए नियम के अनुसार पालन करते हुए कुर्बानी की जाए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया,एस आई दिनेश गोस्वामी, एस आई रोहित कुमार, एस आई राजवीर सिंह, एस आई सचिन सिंह, हेड मोहर्रिर रवि कान्त पांडे, मुंशी अजय चौधरी, चंद्रपाल सहित अनेक ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## बोधि यात्रा का अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल प्रदेश की सांस्कृतिक विविधिता तथा भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों का करेगा भ्रमण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राज्य सरकार के सांस्कृतिक और पर्यटन संवर्द्धन प्रयासों के तहत विदेश मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कल 02 जून से 07 जून तक बोधि यात्रा नाम से एक फैम ट्रिप का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा में कम्बोडिया, लाओ, पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम जैसे पांच आसियान देशों के 50 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिनमें ट्रैवल एजेंट्स, सोशल मीडिया, इन्फ्लुएंसर तथा बौद्ध भिक्षु शामिल हैं। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों का विदेशी मेहमानों को भ्रमण कराना है। इसके साथ ही कल्चरल एक्सचेंज के तहत सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करना है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विदेशी प्रतिनिधि विश्व प्रसिद्ध 06 बौद्ध स्थलों का भ्रमण करेंगे, जिनमें श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ तथा आगरा शामिल है। यह यात्रा बौद्ध धर्म से जुड़े उन सभी स्थलों को प्रदर्शित करती है, जो भगवान बुद्ध के जीवन, शिक्षाओं, आध्यात्मिक यात्रा से सीधे जुड़े हुए हैं। इन स्थलों का बौद्ध अनुयायियों के लिए विशेष धार्मिक महत्व है। यात्रा का समापन 07 जून को सारनाथ में होगा।

यहां बिहार के पर्यटन विभाग द्वारा इन प्रतिनिधियों का स्वागत किया जायेगा, इसके अलावा बिहार के प्रमुख बौद्ध स्थलों की यात्रा की शुरूआत होगी। यह यात्रा क्षेत्रीय पर्यटन सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम होगा। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मण्डल राज्य की समृद्धि पुरातात्विक विरासत, संग्रहालयों, प्राचीन मंदिरों और पवित्र बौद्ध स्थलों का भ्रमण करेंगे। इसी कड़ी में ट्रेवल एजेंट सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस पहल से उ0प्र0 को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन सर्किट में स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

# शामली में ट्रेन पलटाने की साजिश नाकाम

**एजेंसी**

शामली। उत्तर प्रदेश के जनपद शामली में दिल्ली-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर बलवा गांव के पास शरारती तत्वों ने ट्रेन पलटाने के उद्देश्य से करीब 10 से 12 फुट लंबा लोहे का पाइप व लोहे का बंबा रेलवे ट्रैक पर रख दिया। ट्रेन के चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पहले ही ट्रेन को रोक लिया।

इस घटना के चलते करीब एक घंटे तक ट्रेन जंगल में खड़ी रही। इस दौरान यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर स्थानीय पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ भी मौके पर पहुंचे। एसपी रामसेवक गौतम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटना के संबंध में स्टेशन मास्टर ने कोतवाली में अज्ञात तत्वों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली से चलकर शामली आने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 64021 बीती रात जब बलवा गांव के अंडरपास के पास पहुंची तो ट्रेन के चालक को रेलवे ट्रैक पर एक लोहे का बडा पाइप दिखाई दिया जिसके बाद चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। जब चालक ने मौके पर जाकर देखा तो पाइप की लंबाई करीब 10 से 12 फुट के करीब थी, वहीं करीब तीन-चार फुट लंबा सीमेंट का एक बंबा भी रखा था, चालक ने तत्काल मामले की जानकारी रेलवे के अधिकारियों को दी जिससे उनमें हडकंप मच गया।

आनन फानन में एसपी रामसेवक गौतम, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, जीआरपी थाना प्रभारी चांदवीर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। आशंका जतायी जा रही है कि शरारती तत्वों ने ट्रेन को पलटाने की साजिश के तहत ही पाइप को वहां रखा।

पुलिस द्वारा की गयी जांच पडताल के दौरान निकट ही स्थित एक ट्यूबवैल से लोहे का पाइप गायब मिला, संभवतः रेलवे ट्रैक पर रखा गया लोहे का यह बडा पाइप यहीं से चोरी किया गया था। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक आशीष सैनी की ओर से अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने लोहे व सीमेंट के पाइप को अपने कब्जे में ले लिया है। सीओ जीआरपी सहारनपुर सुरेशा आशुतोष भी मौके पर पहुंच गयी तथा मामले की जानकारी ली।

# अपर कृषि निदेशक ने मुरादाबाद में किया विकसित कृषि संकल्प अभियान का श्री गणेश

**एजेंसी**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के अपर कृषि निदेशक जगदीश कुमार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान -2025 का मुरादाबाद से श्रीगणेश किया गया। स्थानीय किसानों से रुबरु होते हुए फसलों से जुड़ीं जानकारी से अवगत कराया।

अपर कृषि निदेशक ( गेहूं एवं मोटा अनाज) उत्तर प्रदेश,लखनऊ द्वारा रविवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान - 2025 का जनपद मुरादाबाद के विकास खंड ठाकुरद्वारा के ग्राम पंचायत - रामनगर खागूवाला से श्रीगणेश करते हुए वहां उपस्थित किसानों की समस्याएं सुनी एवं भूमि एवं जल संरक्षण, एकीकृत कृषि प्रणाली के संबंध मे विस्तार से चर्चा करते हुए धान के स्थान पर मक्का, दलहनी एवं तिलहनी, श्री अन्न की फसलों के क्षेत्रफल मे वृद्धि करने एवं वैज्ञानिक विधि से खेती किये जाने तथा उपस्थित वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त कर लाभ लिये जाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया। इस दौरान मक्का की खेती के संबंध मे कृषकों को विस्तृत रुप से जानकारी दी गई।

उप कृषि निदेशक सन्तोष कुमार द्विवेदी ने कृषि विभाग की योजनाओं के विषय मे जानकारी दी तथा भूमि एवं जल संरक्षण हेतु अपने अपने खेतों की मेड़ों को मजबूत किये जाने , पराली न जलाये जाने तथा पराली को सड़ाकर खाद बनाने से होने वाले लाभ एवं मृदा की जांच करवाकर , उसके अनुसार उर्वरक की मात्रा देने, प्राकृतिक खेती किये जाने, श्री अन्न ( ज्वार ,बाजरा,सालाना, कोदो , मडुवा, रागी, राम दाना इत्यादि) से होने वाले लाभ तथा दलहनी एवं तिलहनी फसलों तथा एकीकृत कृषि प्रणाली ,फसल बीमा के संबंध मे विस्तार से बताया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्यता को लेकर जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र ठाकुरद्वारा प्रभारी डा.रविन्द्र सिह ने धान की डीएसआर विधि से खेती , श्री अन्न की खेती उर्द, मूंग , तिल इत्यादि फसलों से संबंधित जानकारी पर प्रकाश डाला। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. दीपक कुमार ने खरीफ की फसलों मे लगने वाले रोग एवं उनके नियंत्रण के संबंध मे जानकारी प्रदान किये।

भारतीय आलू अनुसंधान केन्द्र मेरठ के मुख्य वैज्ञानिक डा. योगेश कुमार गुप्ता ने आलू के संबंध मे विस्तार से चर्चा किये। कार्यक्रम मे पशुपालन, उद्यान एवं गन्ना की फसलो के विषय मे विस्तार से कृषकों को बताया गया। विकास खंड ठाकुरद्वारा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डा. वीर सिंह सैनी ने कृषकों को वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग तथा अन्य विभाग से जानकारी प्राप्त कर वैज्ञानिक विधि से खेती किये जाने तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आहवान किया गया तथा प्रत्येक परिस्थितियों मे कृषकों के साथ होने का आश्वासन दिया गया।

विकास खंड ठाकुरद्वारा कृषि विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत सदस्य तथा भारी संख्या मे कृषक गण आदि ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।इस दौरान कृषकों को ड्रोन की उपयोगिता को भी दर्शाया गया।

# विपक्ष क्या जाने सिंदूर की महत्ता : डॉ. दिनेश शर्मा

**एजेंसी**



अयोध्या। प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा रविवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष एवं मणि रामदास क्षावनी पीठाधीश्वर महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव में शामिल होने के पहुंचे। इसके साथ ही पूरा बाजार ब्लाक परिसर में आयोजित अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी कार्यक्रम में भी हुए शामिल हुए।

इस अवसर पर डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि जो जो योजनाएं अहिल्याबाई होल्कर ने चलाई थी, वही योजनाएं पीएम मोदी और सीएम योगी चला रहे हैं। चाहे वह स्वयं सहायता समूह हो, जाति विभेद हो या फिर जिन धार्मिक स्थानों को तोड़ा गया था उसका पुनर्निर्माण हो। वही काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने शिवपाल यादव की ओर ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने पर कहा कि शिवपाल यादव क्या जाने सिंदूर की कीमत। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजड़ा था। हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर बदला लिया है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर सिंदूर बांटने को लेकर विपक्ष के विरोध पर डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि दुकानदार ही सिंदूर बेचता है। महिलाएं उसे लेकर उसे उसके काबिल बनाती है। विपक्ष क्या जाने सिंदूर की महत्ता।

# विकसित कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती : शिवराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ/मेरठ। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत रविवार को मेरठ के दबथुआ विकासखण्ड सुरूरपुर में कृषक वैज्ञानिक संवाद में भाग लिया। इस मौके पर केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि बिना विकसित कृषि के विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य से 16 हजार कृषि वैज्ञानिकों को प्रत्यक्ष रूप से अपनी शोध एवं अनुभवों को किसानों के बीच लाने तथा किसानों की समस्या के समाधान केलिए नवीन शोध कार्य का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि यदि मंत्री, सांसद, वैज्ञानिक, कृषि विभाग पूरे देश में एक टीम के साथ काम करें तो देश का उत्पादन भी बढ़ेगा और किसानों की आय भी बढ़ेगी। साथ ही हम विश्व को भोजन देने में सक्षम भी हो सकेंगे। उन्होंने मेरठ के सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि वे संवाद के माध्यम कृषकों का ज्ञानवर्धन करें। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, मेरठ के सांसद अरुण गोविल, बागपत के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, विधायक गुलाम मोहम्मद, महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. मांगीलाल जाट आदि मौजूद रहे। शाहजहांपुर और सुल्तानपुर में भी किया गया कार्यक्रमजिला सहकारी संघ शाहजहांपुर के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष शाहजहांपुर ने ग्राम नियामतपुर में किसानों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हुए और कृषकों से संवाद स्थापित किया। वाराणसी व लखनऊ में भी किया गया संवादवाराणसी में ग्राम-बरीयासनापुर विकास खण्ड चिरईगांव में अपर कृषि निदेशक, भूमि संरक्षण कृषि विभाग डॉ. रमेश मौर्या के साथ ही वैज्ञानिक तथा कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों ने कृषक वैज्ञानिक संवाद में पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री के साथ कृषि की नवीन तकनीकी पर चर्चा की गई। लखनऊ के ग्रामसभा करनपुर विकासखण्ड मोहनलालगंज में संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो एके सिंह ने खेती की नई तकनीकों, धान की सीधी बोआई एवं फसल बीमा पर जानकारी दी। साथ ही केन्द्रीय उपोष्ण वागवानी संस्थान, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, लखनऊ के वैज्ञानिक, उप कृषि निदेशक आदि ने भी कृषि से संबंधित विषयों पर कृषकों से चर्चा की। अब तक 3.25 लाख से अधिक किसानों ने किया प्रतिभागविकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत अब तक प्रदेश के 75 जनपदों में लगभग 2700 स्थानों पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों ने कृषकों से संवाद किया। इनमें लगभग 3 लाख 25 हजार से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

# चकमार्ग की पैमाईस करने गई राजस्व टीम पर हमला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । नवाबगंज थाना क्षेत्र के इस्माइल पुर गांव में जिलाधिकारी के आदेश पर शनिवार को गांव में चकमार्ग की पैमाईस करने पंहुची राजस्व टीम पर अवैध कब्जेदारों ने हमला बोल दिया और ईंट-प त्थर भी चलाए जिससे राजस्व कर्मियों और पुलि स को भी जान बचाकर भागना पड़ा।घटना के बारे मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।हालांकि कैनविज टाइम्स इस की पुष्टि नहीं करता है।इस्माइलपुर गांव प्रधान पुत्र संतोष यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि तरबगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समा धान दिवस में ग्राम प्रधान सीता देवी पत्नी शिवा कांत द्वारा चकमार्ग खाली कराने के संबंध में दिए गए प्राप्त प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु बीते 17 मई को दिए गया था।जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर रविवार को राजस्व टीम में नायब तह सीलदार संतोष यादव,कानून गो परशु राम मिश्रा, अवधेश दूबे और लेखपाल ओमप्रकाश वर्मा, मनोज चौबै तथा सरयू घाट पुलिस चौकी इंचार्ज संजीव सिंह पुलिस बल के साथ गांव में स्थित चकमार्ग गाटा संख्या 419 की भूमि की पैमाईस करने के पहुंचे। राजस्व टीम के पैमाइश के बाद चकमार्ग की पटाई के लिए मजदूर निशानदेही करने लगे । इसी दौरान चकमार्ग की भूमि के अवैध कब्जेदार शेष कुमार, संजय पुत्र गण रामवंत और हीरालाल पुत्र रामसबरे, पुष्पा पत्नी रामवंत, फूलमता पत्नी शेष कुमार, संजय और हीरालाल की पत्नी और चार अज्ञात लोगों द्वारा चिन्हांकन का निशान मिटा दिया गया।सरकारी काम में बाधा डालते हुए अवैध कब्जेदारों और उनके परिजनों ने गाली देते हुए मारपीट करने लगे।आरोपियों के उकसाने पर गांव के अन्य लोगों ने भी पुलिस और राजस्व टीम पर हमला बोल दिया और पथराव करने लगे।जिससे पुलिस और राजस्व टीम को जान बचाकर भागना पड़ा।इस घटना में प्रधान प्रतिनिधि के सहयोगी अभय सिंह को गंभीर चोंटे आई हैं।प्रभारी थाना अध्यक्ष विश्वा स चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। एसडीएम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना ने राज स्व टीम पर हमले की बात नकारी है।एसडी एम ने कहा गांव के दो पक्षों के बीच में मार-पीट का मामला है।

# युवाओं में बढ़ती नशे की लत चिंता का विषय : कुलदीप मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**गलत संगत में पड़कर युवा नशे के जाल में फंस कर अपना दिमागी संतुलन खो रहा....**

गोण्डा । युवाओं में बढ़ती नशे की लत को लेकर चिं ता व्यक्त की जा रही है।गोण्डा और छोटे कस्बो में अवैध मादक पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं।युवा पीढ़ी के ऐसे अभिभावक,जो अपनी व्यापारिक व्यस्तताओं में उलझे रहते हैं,अपने ब च्चों को समय नहीं दे पाते हैं वह कहां जाता है, कि ससे मिलता है और उसके मित्रों की आदतों की जा नकारी लेने की चिंता नहीं करते हैं।ऐसी लापरवाही से ही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आती चली जा ती है।गलत संगत में पड़कर नशा करने की छोटी-छोटी शुरुआत से ही धीरे-धीरे नशे की आदत उस के शरीर पर गहरी पकड़ बना लेती है।ऐसी अव स्था में नशे की भूख उसके लिए असहनीय हो जा ती है,तब नशीले पदार्थों का सेवन करने के लिए अपने अभिभावकों पर पैसा लेने के लिए दबाव डालने लगता है।मना करने पर तरह-तरह की धम कियां देने लगता है।पैसा नहीं मिलने पर चोरी जै सी बुराई को अपना लेने में भी शर्म महसूस नहीं करता है।ऐसी परिस्थिति आने पर नशे की लत पर अंकुश लगाने में अभिभावक भी असमर्थ हो जाते हैं।युवाओं की चिंताजनक स्थिति होने के बाद ही नशे के जाल से निकालने के लिए अभिभावकों की चेतना जागृत होती है।पर शायद तब तक देर हो चु की होती है।नशे की आदत के शिकार युवाओं के मां-बाप सामाजिक बदनामी से डरकर किसी परा मर्श आश्रम में भेज कर उसका इलाज कराने से भी हिचकने लगते हैं।अब सरकारी तंत्र के पुलिस विभाग को युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर लगा म लगाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना होगा।जिस युवा पीढ़ी के बल पर सरकार देश के विकास की प्रगति के स्वप्न देख रही है,वह युवा नशे के जाल में फंस कर अपना दिमागी संतुलन खोता जा रहा है।

# चेकिंग के दौरान ट्रेन में पकड़ा गया अवैध पानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





गोंडा । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के नि देंश पर गोंडा के प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल. यादव के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चेकिं ग अभियान चलाया गया 15212 अमृतसर से दर भंगा तक जाने वाली ट्रेन के कोच में 108,बोतल अवैध पानी और तीन अनाधिकृत वेंडर पकड़े गए

जिनके पास कोई वैध प्रमाण पत्र नहीं पाए गए। जिनको मेमो द्वारा आरपीएफ गोण्डा के सौप दिया गया हैं।ट्रेन में पकड़े गए पानी की बॉटल्स को सु रक्षित स्थान एलपीओ में जमा क्ररा दिया गया है।आपको बता दें कि रेलवे कैंपस में रेल नीर की ही बिक्री की परमिशन है।वही रेल नीर की जगह अवै ध वेण्डर अनाधिकृत पानी और खान पान को बेच रहे हैं।जबकि रेलवे कैंपस व ट्रेनों में केवल रेल नीर बेचने का निर्देश है।सूचना पाते ही जांच टीम ने रेल वे स्टेशन पर खड़ी जननायक एक्सप्रेस कोच में अपनी टीम को साथ में लेकर कोच में छापा मारा तो कोच में बोतल पानी लावारिस अवस्था में बरा मद हुए।वही लावारिस पानी की बोतल को एलपी ओ में जमा करा दिया गया।वही प्लेटफार्म निरीक्ष क के.एल.यादव ने बताया कि गर्मी के मौ सम में कुछ शरारती तत्व पानी की बॉटल्स को अवैध तरी के से भीड़-भाड़ वा ली ट्रें न के जनरल,स्लीपर कोच में बेचने की कोशिश करते हैं।उनके मंसूबों को फ़े ल करने के लिए रेलवे की टीम प्रति दिन इंस्पेक्शन करेगी।जिससे कि रेलवे के रेवेन्यू में बढ़ोत्तरी के साथ ही पैसेंजर्स को कम रेट पर रेल नीर मिल सके।

# सीडीओ मैम ब्लॉक परसपुर में मनरेगा योजना में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**ग्राम पंचायत सकरौर में कागज में 216 मजदूर धरातल पर कार्य कर रहे सिर्फ नव मजदूर...**

**मरचौर,धमरैया, बलमथर,और अंदुपुर ग्राम पंचाय तों में बड़े पैमाने पर मनरेगा की जा रही धांधली...**

गोण्डा:जिले के परसपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सकरौर,मरचौर,धमरैया, बलमथर,और अंदुपुर में इन दिनों मनरेगा में बड़े पैमाने पर धांधली का मा मला सामने आया है।यहां फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की लूट की जा रही है।वह भी डं के की चोट पर।सबसे बड़ी बात तो यह है कि मनरे गा में धांधली की तमाम शिकायतों के बाद भी जि म्मेदार अधिकारी कुंभर्णी की नींद में सो रहे हैं और कार्रवाई करने के बजाय खाना पूर्ति कर मामलें को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।केंद्र सरकार की योजना मनरेगा योजना को खुलेआम पलीता लगा या जा रहा है।इस खेल में जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है।जिले के परसपुर ब्लॉक में मनरेगा योजना के अं तर्गत कराए जा रहे कार्यों में रोजाना कोई न कोई नया मामला देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम पंचायत सकरौर और मरचौर का है।सकरौर ग्राम पंचायत में कागज पर 216 श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।अधिकारियों की उदासी नता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से कि ए गए कार्यों का आंकलन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।ऐसे ही सकरौर और मरचौर ग्राम पंचायत में भी कार्य स्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है,उसे देख कर ही अंदाजा लगाया जा सक ता है कि एक श्रमिक दिन भर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।फर्जी मस्टर रोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।ग्राम पंचायत सकरौर में तीन स्थलों पर दस म स्टर रोल तालाब सौंदरीकरण का कार्य कागजों में चल रहा है।इस कार्य पर रोजाना 216 श्रमिकों की ओर से कार्य होना दिखाया जा रहा है,लेकिन कैन विज टाइम्स की टीम ने जब सकरौर ग्राम पंचायत की जमीनी हकीकत देखी तो वहाँ पर सिर्फ नव श्र मिक ही कार्य कर रहे थे और उन श्रमिकों से जब पूछा गया किस गांव में रहते हो तो वह श्रमिक अप ने गांव का नाम भी नहीं बता पाए।इसी तरह मरचौ र ग्राम पंचायत में तीन कार्य के लिए 96 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है,लेकिन धरातल की वास्त विकता चौंकाने वाली है।हैरत की बात यह है कि कार्य का सत्यापन करने वाले जिम्मेदार अधिकारी भी आंखें बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं। मरचौर ग्राम पंचायत में एक भी श्रमिक काम का नहीं कर रहे थे।

**टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: मंडलायुक्त**

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे अस्पताल के पास मिला एक अज्ञात युवक का शव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । नगर कोतवाली क्षेत्र में उस समय हड़कंप म च गया जब रेलवे अस्पताल के पास एक अज्ञात युवक उम्र करीब 40 वर्ष का शव पड़ा मिला।यह घटना गोंडा-बलरामपुर ओवर ब्रिज के निकट सेम रा पुलिस चौकी क्षेत्र की है,जहां रविवार दोपहर क रीब तीन बजे राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही सेमरा चौकी प्रभारी उ दित वर्मा मय टीम मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस के माध्यम से शव को गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक तौर पर ऐसा प्रतीत होता है कि युवक की मौत अत्यधिक शराब सेवन के कारण हुई है।हालांकि अंतिम पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही की जाएगी।पुलिस ने पंचायत नामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक की अभी तक कोई पह चान नहीं हो पाई है।पुलिस सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से शिनाख्त की कोशिशें कर रही है। नगर कोतवाली पुलिस व सेमरा चौकी की संयुक्त टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।घट नास्थल के आसपास स्थापित सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि यह पता चल सके कि मृतक कब और किसके साथ वहां आया था।पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि मामला दुर्घटना वश मौत का है या किसी अप राध से जुड़ा हो सकता है।रेलवे अस्पताल जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलना कई सवाल खड़े करता है।पुलिस की तेजी से की गई कार्रवाई सराहनीय है,लेकिन घटना के पीछे का सच सामने आना अभी बाकी है।पोस्ट मार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज आने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी।

# विश्व हिंदू परिषद गो रक्षा विभाग द्वारा गोपालक गोभक्त महिला सम्मेलन का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद विश्व हिंदू परिषद गो रक्षा विभाग अवध प्रांत द्वारा आयोजित गोपालक गोभक्त महिला सम्मेलन का आयोजन मेडिकल कॉलेज सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवंश संरक्षण संवर्धन परिषद डॉक्टर गुरु प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ गुरु प्रसाद सिंह ने कहा कि भारतीय नस्ल की गाय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गाय हैं। मां के दूध के बाद सर्वश्रेष्ठ दूध गाय का है। इसलिए गाय के दूध को संपूर्ण आहार माना गया है देसी गाय द्वारा बना घी शरीर के सभी अंगों को मजबूत करता है तथा तथा इससे दिमाग भी बहुत तेजी के साथ विकसित होता है देसी गाय के दूध में उपलब्ध कैरोटीन के मस्तिष्क विकास में बहुत उपयोगी होता है ।गाय के दूध में विटामिन सी तथा आयरन नहीं होता है इसलिए गाय के दूध को लोहे की कढ़ाई में गर्म करना चाहिए। देसी गाय का महत्व इतना पवित्र है कि वेदों में भी 1331 बार गाय पर चर्चा आई है ।हमारे पूर्वज अपने घरों को चारों ओर देसी गाय के गोबर से लीपते थे जिससे आकाशीय बिजली का प्रकोप नहीं होता था। भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन में गाय का बहुत बड़ा महत्व है हम सभी को इसे समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मानव जीवन के लिए गाय बहुत ही उपयोगी है कृषि कार्य से लेकर मानव के स्वास्थ्य तक देसी गाय का बहुत ही महत्व है हम सभी को गोपालन का कार्य करना चाहिए ।कार्यक्रम को विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय गौरक्षा प्रमुख पूरन कार्यक्रम संयोजिका डॉ अनीता जायसवाल, जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह, डॉ एसपी सिंह, प्रांत मंत्री अमरेश बहादुर सिंह, क्षेत्रीय जैविक कृषि प्रशिक्षण प्रमुख चंद्रभान, एसके मिश्रा, सहप्रांत गो आधारित कृषि प्रशिक्षण प्रमुख रत्नेश शुक्ला, विमलेश जायसवाल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में किसान संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हरि बहादुर सिंह, डॉ राकेश चंद्रा, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, प्रांतीय सदस्य सूर्य प्रकाश सोनी, श्रीमती डिंपल जैन, श्रीमती ममता जायसवाल, श्रीमती मीना द्विवेदी, पूजा चौहान, वंदना गुप्ता, श्रीमती संतोष पांडे, रचना गुप्ता, सावित्री देवी, संदीप गौड़, दीप नारायण पाल, अखिलेश सिंह,पूर्व सभासद मनोज मिर्ची, राजीव मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, शशि भूषण त्रिपाठी, निशा शर्मा,मूल शंकर, सौरभ अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## शादी की तैयारियों के बीच आग का ताण्डव, लाखों का नुकसान



जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । शादी की तैयारियों के बीच मेहमानों के लिए खाना बनाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव होने से भीषण आग लग गई। आग में दो घरों के गृहस्थी का सामान ,जेवर ,अनाज,कपडा समेत सब कुछ जल कर राख हो गया।ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने कड़ी मस्क्कत कर आग पर काबू पाया। रविवार को जरवल रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरवलिया घाट नासिरगंज चौराहा पर संतराम के भतीजे दीपक के शादी की तैयारियां चल रही थी।शाम को बारात बाराबंकी के भैरमपुर जानी थी। दोपहर में मेहमानों के लिए खाना बनाया जा रहा था।खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में लीकेज होने से आग लग गई,जिससे ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी।आग से संतराम व बसंतलाल के घर धू धू कर जलने लगे। आग से घर में रखे दो गैस सिलेंडर फट गए, जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने कडी मसक्कत कर आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर जरवल चौकी इंचार्ज देवेंद्र प्रताप सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल पंकज सिंह भी पहुंच गए। लेखपाल ने बताया कि क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गई है।राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

## विदाई समारोह का आयोजन



कैसरगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता ।आर्यावर्त बैंक कैसरगंज में कैशियर के पद से सेवा सेवानिवृत होने पर शाखा प्रबंधक ने उनको अंग वस्त्र व माल्याअर्पण करके उनको सम्मानित किया गया आर्यावर्त बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया बैंक प्रबंधक ने कहा यह तो बहुत सौभाग्य की बात है उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्य आज लोगों के दिलों में छाए हुए हैं बैंक के सभी निर्देशों का पालन करते हुए ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन किया और जनता के बीच जो कार्य किया जो अति सराहनीय रहा सर्विस काल में मनुष्य कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता है लेकिन शासनादेश का पालन किया जाता है कैशियर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी अपने दायित्व्योंका ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करें और जनता के बीच अच्छा कार्य करते रहे तो समाज मेंभी इसका असर काफी दिनों तक बना रहता हैं शाखा प्रबंधक ने बताया कि इनका आज विदाई समारोह हो रहा है जिससे यह सीख लेना चाहिए कि हम सभी को एक दिन सेवानिवृत्ति होना है और उनके बताए हुए पद चिन्ह पर चलकर हम अपनेकार्यों का निर्वहन करें।

## अज्ञात कारणों से किशोरी ने लगाई फांसी

जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता ।अज्ञात कारणों से किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीबीपुर बरवलिया के मुल्ला चौराहा के पास स्तिथि मकान मे नूरजहां (13) पुत्री हसन ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में दीवाल में लगे कुण्ढे से शनिवार शाम को फांसी लगाकर जान दे दी। किशोरी अपनी सौतेली मां फातिमा के साथ रह रही थी। सूचना मिलने पर जरवल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है,रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बैंक शाखा में सुरक्षा गार्ड से मारपीट, थाने में शिकायत*

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।खजनी थाने की महुआडाबर पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित स्टेट बैंक की बरडांड़ शाखा में आज शाम लगभग 3 बजे नकद रूपए जमा करने पहुंचा युवक बैंक शाखा में कार्यरत सुरक्षाकर्मी से उलझ गया। सुरक्षा गार्ड ने युवक से बताया कि बैंक में जमा और निकासी का काउंटर बंद हो चुका है और बैंक शाखा में तैनात कर्मचारी दिन भर के कार्यों का लेखा जोखा बना रहे हैं। अब कैश नहीं जमा होगा, गार्ड के समझाने बुझाने का कोई असर युवक पर नहीं पड़ा वह सुरक्षा गार्ड से उलझ गया और मारपीट करने लगा साथ ही बाहर निकलते हुए धमकी दी कि बाहर निकलों तब तुम्हें बताता हूं। पूरे वाकए की वीडियो रिकार्डिंग सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। पीड़ित सुरक्षा गार्ड जमुना सिंह गांव कंदराईं थाना खजनी की महुआडाबर चौकी क्षेत्र का निवासी है। खजनी थाने में पहुंच कर पुलिस को दी गई तहरीर में गार्ड ने कार्रवाई की मांग की है।

# राजापुर कला विद्यालय में समर कैंप: छात्र-छात्राएं सीख रहे हैं कुछ नया हर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत राजकीय हाईस्कूल राजापुर कला में 21 मई से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 से 10 बजे तक संचालित हो रहा है, जिसमें करीब 70 छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। शिविर की शुरुआत मां सरस्वती वंदना और योग-व्यायाम से होती है। प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर कुमार पोद्दार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को छुट्टियों में रचनात्मक, शैक्षिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, टीम भावना और जीवन कौशल का विकास हो। शिविर में चित्रकला, किचन गार्डनिंग, पौधों की देखभाल, बंधेज व ब्लॉक पेंटिंग, कैरी बैग व एप्रेन निर्माण जैसी गतिविधियाँ कराई जा रही हैं, साथ ही, टोमेटो सूप व ढोकला बनाना भी सिखाया गया। गत दिवस पुलिस चौकी गायघाट के प्रभारी सोमनाथ यादव ने छात्रों को साइबर क्राइम व सामाजिक मूल्यों की जानकारी दी।

शिविर को सफल बनाने में शिक्षकों वीरेंद्र कुमार वर्मा, पुष्पेंद्र कुमार सहित पूजा यादव, रितु मिश्रा, सुधीर कुमार, खुशीराम, शहनाज, अहमद रजा, पूजा यादव, सलाहुद्दीन, शहनाज, अहमद रजा, सीमांत वर्मा, प्रिया सिंह, तैय्यब अली, खुशीराम, ललिता, शिवानी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार करके जमीन बैनामा करने के आरोप में आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा निवासिनी नम्रता गोंड पत्नी मुकेश गोंड ने कूटरचित दस्तावेज तैयार करके इरफान, उस्मान पुत्रगण हसमुल्ला निवासी भरपुरवा, पड़रिया थाना खलीलाबाद कोतवाली संतकबीरनगर की जमीन को ग्राम पंचायत मझौरा निवासिनी नम्रता गोंड पत्नी मुकेश गोंड ने 1 अगस्त 2024 को कूटरचित दस्तावेज तैयार करके रजिस्ट्री करवा लिया था। जिसका स्थानीय थाना हरपुर-बुदहट पुलिस ने नम्रता गोंड और मोहम्मद सहाबुद्दीन पुत्र मोहम्मद इस्माइल के खिलाफ धारा 419,420,468,471,120बी मुकदमा दर्ज कर संबंधित मुकदमा में फरार चल रहे आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी कि मोहम्मद सहाबुद्दीन पुत्र मोहम्मद इस्माइल निवासी ग्राम पंचायत मझौरा थाना हरपुर-बुदहट जिसके उपर बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पन्द्रह हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया जा चुका था, को पुलिस ने रविवार को सुबह पांच बजे के करीब मदनपुरा तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# नोडल अधिकारी पहुंचे कंपोजिट विद्यालय चांट फिरोजपुर किया पौधारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड पूरनपुर हेतु शासन से नामित नोडल अधिकारी कुमार प्रशांत निदेशक समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश एवं प्रबंध निदेशक यू.पी. सिडको एवं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने चॉट फिरोजपुर में पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, बच्चों, पोषाहार वितरण की जानकारी ली। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पंजीकृत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को नियमित पोषाहार वितरित किया जा रहा है, 83 बच्चे पंजीकृत पाए गए तथा छोटे बच्चों के खेलने हेतु खिलौने भी केंद्र पर उपलब्ध हैं। इस दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों का नियमित वजन कराया जाए। इसके साथ ही साथ उन्होंने कंपोजिट विद्यालय चॉट फिरोजपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपस्थित स्वयं सहायता समूहों के कार्यों के बारे में जानकारी ली, समूहों के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों, बिक्री के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाएं समूह के साथ कार्य करके अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं तथा आत्मनिर्भर बन सकती हैं। विद्यालय निरीक्षक के दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लास के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के जरिए बच्चों की सीखने की प्रक्रिया और प्रभावी बनी रहे जिससे कि शिक्षा में सुधार हो रहा है। विद्यालय के अध्यापकों से उपस्थिति व शैक्षणिक प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को खेलकूद के प्रति जागरूक करें जिससे कि खेलों के प्रति रूचि बढे। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम रूरिया सलेमपुर पहुंचकर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेयजल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम के अंतर्गत पेयजल की आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल जल की आपूर्ति कराई जा रही है। इसके साथ ही साथ उन्होंने कनेक्शन की भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में पौधारोपण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,अधिशासी अभियंता जल निगम,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी,कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निरंजना शर्मा,खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर समाजसेवियों, नेताओं, उद्योगपतियों, जनप्रतिनिधियो को अधिवक्ता ने दिखाया आईना मीडियाकर्मियों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पूरनपुर के रजनीश पांडे एडवोकेट ने नगर में स्थित एक होटल में पत्रकारों को सम्मानित कर अंगोछा कलम व डायरी देकर सम्मानित किया।इस दौरान सभी पत्रकारों ने रजनीश पांडे एडवोकेट की जनकर सराहना की है।इस अवसर वरिष्ठ पत्रकार नवीन अग्रवाल ने कहा की पत्रकारिता का क्षेत्र एवं परिधि बहुत व्यापक है।उसके किसी सीमा में बांधा नहीं जा सकता।जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हो रही हलचलों,संभावनाओं पर विचार कर एक नई दिशा देने का काम पत्रकारिता के क्षेत्र में आ जाता है।वही पत्रकार लगाई खबर का विरोध कर उन पर तरह के आरोप लगाए जाते हैं।अगर किसी पत्रकार पर गलत आरोप लगाए जाते हैं। तो सभी संगठन के लोग एक होकर इसका विरोध करेंगे।साथ ही उन्होंने पत्रकारिता के पेशे में शिक्षित होना बहुत जरूरी बात भी कही है।इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सतीश मिश्रा ने पत्रकारिता दिवस के बारें चर्चा की।पत्रकारों को समाज का प्रहरी बताया।कहा, मीडिया देश का चौथा स्तंभ है।इसकी चारों पाये में महत्वपूर्ण भूमिका है।पत्रकार इसे और मजबूत बनाएं।पत्रकारो के सम्मान व सेवा के लिये सदैव सभी पत्रकारो को तत्पर रहना चाहिए तथा आपसी मतभेद भुलाकर सभी पत्रकार व संगठन पत्रकारो के हित में कार्य करते रहें।सभी पत्रकारो से मिलजुल कर कार्य करने की अपील की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता को सोशल मीडिया ने काफी प्रभावित किया है। लेकिन सोशल मीडिया में भ्रामक प्रचार ने कई तरह के तनाव पैदा किया है। ऐसे में उन तथ्यों को जांच परख कर उसे आगे बढ़ाया जाए।इस दौरान,नवीन अग्रवाल, सतीश मिश्रा,सौरभ कुमार पांडे, शैलेंद्र शर्मा, अकील अहमद,राम नरेश शर्मा, विकास सिंह,मीनू बरकाती, नाजिम, फैजान, प्रशांत शर्मा, सरफराज, सद्दाम,दिनेश, अरविन्द, हैदर खां, संजय, जुल्फिकार, सिकन्द, हैदर, राजकुमार, एहतसामुल हक खान, संजय भारती, फिरासत खां सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे हैं।

### जिलाधिकारी ने सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज एवं उपाधि महाविद्यालय पहुंचकर परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जनपद में सम्पन्न कराई जा रही बीएड प्रवेश परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रथम पाली में ड्रमंड इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कॉलेज एवं उपाधि महाविद्यालय का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान सभी स्टैटिक मजिस्टेझ्रट को निर्देश दिये गये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्टेझ्रट, केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शारदा नदी का जलस्तर कम होने के बाद चार पहिया वाहनों का आवागमन हुआ शुरू

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के थाना हजारा क्षेत्र में जाने के लिए धनाराघट शारदा नदी पर बने पेंटून पुल से जाना पड़ता है। बीते दिनों पहाड़ों पर हुई बारिश के बाद शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया था। जलस्तर बढ़ने से पेंटून पुल के आगे पानी भर जाने से वाहन फंस रहे थे। इसको लेकर पुल पर मौजूद मुंसी बबलू मांझी ने वीडियो जारी करते लोगों से अपील कर असुविधा से बचने के लिए पुल पर आने से मना किया था। रविवार को दो बजे जानकारी देते हुए पेंटून पुल पर तैनात मुंशी बबलू मांझी ने बताया कि जलस्तर कम होने के बाद चार पहिया वाहनों का आवागमन दोवारा से शुरू हो गया है।

### किशोरी को सोने चांदी के जेवर सहित युवक लेकर फरार मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।सेहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया 27 मई की रात उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों का कौई सुराग नहीं लग सका। किशोरी सोने की झुमकी चांदी की पायल भी अपने साथ ले गई। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### सुभासपा नेता ने दरगाह पर पेश की चादर

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।हजरत शाहजी मियां के उर्स के मौके पर सुभासपा ने चादर पेश की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत द्वारा कैफ रजा कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा मंच की अध्यक्षता में हजरत शाहजी मोहम्मद शेर मियां रजी अल्लाह ताला आना के 122 में उर्स के मौके पर मजार पर चादर और अकीदत के फूल पेश किए कैफ रजा ने कहा कि हजरत के उर्स में हिंदुस्तान के कोने–कोने से जायरीन आते हैं और फैज पाते है। और देश की तरक्की और एकता अमन चैन भाईचारे के लिए दुआ की गई मौजूद रहे। शिविल खान मंडल अध्यक्ष युवा मंच,अजहर खान बरेली मंडल मीडिया प्रभारी, राजू वर्मा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष, जिया उल हसन जिला मीडिया प्रभारी शादाब मोहसिन खान अधिक मौजूद रहे हैं।

### उत्तरपारा से चोरी के पम्पसेट के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने चोरी के एक पम्पसेट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक पम्पसेट को धक्का देकर ले जा रहे व्यक्तियों को रोककर पूछताछ करने पर व्यक्तियों ने अपना नाम क्रमशः रामबाबू पुत्र श्यामलाल व रामचन्दर पुत्र शिवबालक निवासीगण ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया। पम्पसेट के बारे में पूछताछ करने पर युवकों ने बताया कि हम लोगों ने अपने साथियों आकाश पुत्र कन्हैयालाल एवं चन्दन पुत्र सूरजपाल निवासीगण ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर कुछ दिन पहले ग्राम उत्तरपारा के शिवदेव के खेत से इस पम्पसेट को चुराया था जिसे हम लोग बेचने जा रहे थे। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### तालाब में डूबकर बारह वर्षीय बालिका की मौत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव सिंहपुर में एक बालिका की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुर निवासी रोहित निर्मल की बारह वर्षीय पुत्री कामिनी शनिवार को घर के पीछे स्थित रामजतिया तालाब के किनारे चर रही अपनी गाय को भगाने गई थी तभी अचानक पैर फिसलने से वह तालाब के गहरे पानी में चली गई। शनिवार की देर रात तक घर वापस न आने पर मां सरोज कुमारी उसे ढूंढने लगी। देर शाम घर के पीछे रामजतिया तालाब में उसकी एक चप्पल उतरती दिखाई दी। घटना की सूचना पर तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गये।मौके पर मौजूद ग्रामीण अशोक ने तालाब में कूद कर शव को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के पिता मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। बेटी की मौत की सूचना पाकर घर वापस आये तो परिजनो में कोहराम मच गया।परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिये राजी नही थे किन्तु थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष विवेक सिंह व राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ राजा भैया द्वारा काफी समझाने बुझाने पर परिजन पोस्टमार्टम के लिये तैयार हुये तब शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बतायाकि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया गया हैं।

## नोडल अधिकारी ने जिला अस्पताल में एनआरसी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी ।शासन द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्डों में कराये गये विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिये शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रबंध निदेशक यूपी डिस्काम उत्तर प्रदेश नेहा जैन द्वारा अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान रविवार को अंतिम दिवस जिला अस्पताल में एनआरसी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी पी अग्रवाल उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान एनआरसी सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी द्वारा दिनांक इकतीस मई को विकास खण्ड जामों व शुकुलबाजार में विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।विकास खण्ड जामों की ग्राम पंचायत भोएं में पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया तदोपरांत ब्लॉक कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामों का निरीक्षण कर जन सामान्य को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तत्पश्चात ग्राम दक्खिनवारा में प्राथमिक विद्यालय, प्रधानमंत्री आवास, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद विकास खण्ड शुकुल बाजार की ग्राम पंचायत महोना पश्चिम में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने बीसी सखी, विद्युत सखी, समूह की महिलाओं एवं पंचायत सहायक से वार्ता किया तदोपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली गई। इसके बाद हरखूमऊ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अनुदानित एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित पोषाहार उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया गया। आकांक्षात्मक विकास खण्ड शुकुल बाजार में मल्टीपरपज उपयोग के लिए बनाई जा रही बिल्डिंग का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में निर्माणाधीन आवासीय भावनों का निरीक्षण किया वहीं हरखूमऊ में नोडल अधिकारी ने अमृत सरोवर, जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण कर ग्राम वासियों से शुद्ध पेयजल के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने हुसैनपुर में अमृत वन, पेयजल परियोजना, आरआरसी सेंटर, पंचायत भवन का निरीक्षण किया वहीं पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मुंज से बनाये गये विभिन्न उत्पादों को देखा एवं महिलाओं से वार्ता किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, खण्ड विकास अधिकारी जामों व शुकुलबाजार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पेड़ गिरने से नाबालिग की मौत

सुलतानपुर। अखण्डनगर थाना क्षेत्र के दसऊपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव निवासी मोहम्मद अजीज का 14 वर्षीय पुत्र मोहम्मद गुलाम रविवार दोपहर करीब 12 बजे अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहा रहा था। इसी दौरान तालाब किनारे खड़ा एक पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ गिरने से मोहम्मद गुलाम उसके नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर पहुंचाया। वहां डॉक्टर विवेक वर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह को इस घटना की सूचना दी गई। मृतक के पिता ने पोस्टमार्टम नहीं कराने का फैसला किया। पंचनामा भरने के बाद शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मोहम्मद गुलाम दो बहनों के बीच का इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ लोगों ने जेसीबी से तालाब से मिट्टी निकाली थी। इसी कारण तालाब का किनारा कमजोर हो गया था और पेड़ गिर गया। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## दरोगा बोले कि तमंचे का जुगाड करो पंडित जी को जेल भेजना है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद अमेठी में शनिवार को खाकी से जुड़ा एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ख़ाकी का ये आडियो यूपी पुलिस की किरकिरी कराने के साथ ही पुलिस की छवि को धूमिल कर रहा है। उक्त आडियो मुसाफिरखाना कोतवाली में तैनात एक दरोगा का बताया जा रहा है जिसमें दरोगा और मुखबिर के बीच बातचीत में दरोगा एक युवक से अवैध असलहे की मांग करते सुनाई दे रहे है। वायरल आडियो में दरोगा बताये जा रहे व्यक्ति द्वारा मुखबिर से एक तमंचे की व्यवस्था करने के लिये कहा जा रहा है। मुसाफिरखाना कोतवाली में बैठाये गये एक पंडित जी नामक व्यक्ति को तमंचे में बुक करने की बात कही जा रही है। इसकी आवाज में कथित दरोगा द्वारा मुखबिर को पैसे देने की बात आडियो में कही गई है। सोशल मीडिया ग्रुप में दरोगा और मुखबिर की बातचीत का आडियो तेजी से वायरल हो रहा है फिलहाल वायरल आडियो की पुष्टि कैनविज टाइम्स नही करता है। इस सम्बंध में कोतवाली मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने कहा की कोतवाली में तैनात दरोगा हेम नारायण सिंह का एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का मामला सामने आया है फिलहाल ये पूरी तरह से भ्रामक है जिस मुखबिर की बात की जा रही है उसे दरोगा हेम नारायण सिंह द्वारा संदेह के आधार पर आठ मई को कोतवली लाया गया था और पूंछताछ के बाद छोड़ दिया गया था जिन विशेष व्यक्ति के लिये आडियो में जिक्र किया गया उससे संबंधित किसी व्यक्ति को ना ही थाने ओर लाया गया है और ना ही चालान किया गया है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुसाफिरखाना कोतवाली में तैनात दरोगा हेम नारायण सिंह का सोशल मीडिया पर एक आडियो के वायरल होने की जानकारी हुई है वायरल आडियो की जांच के बाद पूरे मामले पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप सीएम से शिकायत मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात बाबू हंसराम वर्मा के खिलाफ गुरुकुल धाम कॉलोनी निवासी शैलेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। शिकायत में कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तथा बाबू पिछले लगभग 7 साल से तैनात है बाबू के पास मौजूदा समय में सीएमओ ने कई पाताल के चार्ज दे रखे हैं यही नहीं सीएससी पूरनपुर का भी चार्ज इस बाबू के पास है एनएचएम का भी अभी हाल में ही जब से उक्त बाबू को चार्ज मिला है। तब से कर्मचारियों को किसी न किसी बात को लेकर परेशान करता है।बिना रुपए के कोई भी काम नहीं करता है। पूरनपुर का सीएचसी का भी इसी बाबू के पास चार्ज होने के बाद भी वह कभी पूरनपुर नहीं गया हैं।जिसके चलते कर्मचारियों को पीलीभीत जिला मुख्यालय जाना पड़ता है।शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में भी उक्त बाबू पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगे थे। कई बार शिकायत के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई ऐसे में उक्त बाबू मुख्य अधिकारी के संरक्षण में कर्मियों का शोषण कर रहा है। शिकायतकर्ता ने उक्त बाबू की जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## बाबा बढ़ेयाबीर धाम के नाम से बनेगा भव्य व आकर्षक गेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### भूमि पूजन कर अध्यक्ष नगर पालिका ने निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

सुलतानपुर। नगर का चौमुखी विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता है, नगर में स्वच्छता से लेकर प्रकाश और विकास व पेयजल की जहां-जहां जरूरत है उस प्राथमिकता को पूरा करने के लिए हम संकल्पित है। उक्त बाते आज अध्यक्ष नगर पालिका ने बढ़ैयावीर में सड़क निर्माण भूमि के समय कही, उन्होंने कहा कि अपने दो वर्षों के कार्यकाल में हमारे द्वारा चाहे प्रकाश की बात हो या फिर स्वच्छता की बात हो या फिर वार्डो के विकास व पेयजल की समस्या की बात हो, हर समस्या का पूरी निष्ठा व लगन के साथ हमारे द्वारा काम किया जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि वर्षों से जर्जर पड़ी बस स्टेशन से बढ़ेयावीर मोहल्ले की मेन सड़क जिस पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आना जाना रहता है जिसको दुरुस्त करना हमारी जिम्मेदारी थी जिसका आज भूमि पूजन कर बस स्टेशन मोड़ से लेकर एसपी बंगला मोड तक डामरीकरण करने का कार्य शुभारंभ करा दिया गया है। जो कुछ ही दिनों में एक बेहतर सड़क बन कर तैयार होगी। वही उन्होंने आगे यह भी कहा कि इस वार्ड में भोलेनाथ का भव्य मंदिर है'जिसको बढ़ैयावीर बाबा का मंदिर कहा जाता है जो एक प्राचीन मंदिर है जिनके नाम पर बस स्टेशन मोड़ पर एक भव्य व आकर्षक बढ़ेयाबीर धाम के नाम से गेट का निर्माण भी होगा। ,

श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि चाहे पर्यावरण पार्क हो चाहे मौहरिया की रोड हो चाहे शास्त्री नगर विवेक नगर में गली का नामकरण हो सभी कार्यों को आम सहमति से कराया जा रहा है। विगत कई वर्षों से मौहरिया के लोग सड़क पर पानी भरे रहने के कारण परेशान थे जिस सड़क का निर्माण भी शुरू हो गया है। , इस मौके पर उपस्थिति वरिष्ठ साहित्यकार कमलनयन पाण्डेय ने गली नंबर नाम की मांग की। वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह ने कहा कि मोहल्ले की सड़क एवं गेट का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ हो हमारे मोहल्ले में हरियाली देखने को मिलती है कहीं से भी कोई पेड़ काटने का इंतजाम ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए। 'कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र शर्मा एडवोकेट में कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष का यह तीसरा कार्यकाल है हम लोग देख रहे हैं कि नगर के समुचित विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं और उनके पिता का भी कार्यकाल हमने देखा है कार्यों में अच्छी गुणवत्ता के साथ अध्यक्ष नगर पालिका का परिवार कार्य कराता चला आ रहा है। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सभासद प्रवीण मिश्रा, भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा, अरविंद सिंह राजा, टीपी सिंह एडवोकेट, विजय त्रिपाठी, इंद्र कुमार तिवारी, सभासद धर्मेश सिंह, एसपी पाठक अध्यक्ष अटल सेना, घनश्याम मिश्रा, सभासद मनीष जायसवाल, सभासद सुधीर तिवारी, सभासद विजय जायसवाल, सभासद अरविंद यादव, सभासद संजय गुप्ता, सभासद अरुण तिवारी, सुजीत सिंह, डॉक्टर एस के गोयल, डॉ एन सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे'।

### एसआई पर आरएसएस कार्यकर्ता को पीटने का आरोप, निलंबित

सुल्तानपुर। धनपतगंज थाना क्षेत्र में सब-इंस्पेक्टर विजय गुप्ता पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता प्रमोद कुमार मिश्रा की पिटाई का आरोप लगा है। इस मामले में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने उच्चाधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने जांच कर उचित कार्रवाई की बात कही है। इधर शहरी विधायक विनोद सिंह के हस्तक्षेप के बाद एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने एस.आई को निंलबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतरसुमा कलां गांव निवासी प्रमोद कुमार मिश्रा रविवार को धनपतगंज थाने पहुंचे थे। वे विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष हैं। मिश्रा का आरोप है कि थाने में तैनात दरोगा विजय गुप्ता ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और मारपीट की। उन्होंने थाने में दी गई तहरीर में दो सिपाहियों पर भी मारपीट का आरोप लगाया है।

## महंगी पड़ेगी सुस्ती

निस्संदेह, राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी सुरक्षा उत्पादों की आपूर्ति में किसी भी लेट-लतीफी को बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। खासकर ऐसे वक्त में जब देश की दो तरफ की सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियां बरकरार हैं। इसी आलोक में एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह की चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि मेरे ख्याल से एक भी परियोजना तय सीमा पर पूरी नहीं होती है। निस्संदेह, यह कथन देश की स्वदेशी उत्पादों की रक्षा तैयारियों में विलंब की प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है। देश के नेताओं का स्वदेशी सुरक्षा उत्पादों की जरूरत पर बल देना निस्संदेह, सराहनीय कदम है, लेकिन सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर उनकी समय पर आपूर्ति भी सुनिश्चित करने की जरूरत है। खासकर तेजस लड़ाकू विमान व आकाश मिसाइल प्रणाली, के बावजूद लगातार होने वाली देरी परिचालन तत्परता को बाधित करती है। निस्संदेह, लेट-लतीफी की यह प्रवृत्ति आधुनिकीकरण को पटरी से भी उतार सकती है। दरअसल, यह देरी, जो अकसर अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के चरण में ही स्वीकार कर ली जाती है, कालांतर प्रणालीगत जड़ता और अति-वायदे की संस्कृति को ही उजागर करती है। हमारे पड़ोसी देशों में तेजी से होते सैन्य आधुनिकीकरण और युद्ध तैयारियों में गहन तकनीक के इस्तेमाल होने के चलते, हमें इस सुस्ती की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। निर्विवाद रूप से यह महज बजट या नौकरशाही की लालफीताशाही का मामला भर नहीं है। वास्तव में यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद संवेदनशील विषय है। निस्संदेह, सरकार की ओर से घेरलू रक्षा उत्पादकता को बढ़ावा देने की पहल एक स्वागत योग्य कदम है। विगत के संकटकाल के दौरान देखने में आया है कि युद्ध व चुनौतिपूर्ण स्थितियों में हम विदेशों में अपनी जरूरत का सामान तलाशते रहे हैं। कई देशों ने मुश्किल वक्त में सामान की आपूर्ति में ना-नुकुर भी की है। कारगिल युद्ध के समय भी कुछ ऐसे अनुभव देखने में आए थे। राजग सरकार का घेरलू रक्षा उत्पादन की तरफ बढ़ाया गया कदम निस्संदेह सराहनीय है। यह उत्साहजनक है कि हमारा घेरलू रक्षा उत्पादन कुल रक्षा जरूरतों का 65 प्रतिशत हो गया है, रक्षा निर्यात 24,000 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है। साथ ही सार्वजनिक-निजी उत्पादन का संतुलन धीरे-धीरे पक्ष में जा रहा है। वहीं आईडीईएक्स जैसी योजनाएं नवाचार को बढ़ावा दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि अब निजी क्षेत्र कुल रक्षा उत्पादन में 21 फीसदी का योगदान दे रहा है। लेकिन जब जरूरी रक्षा उत्पादों की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाती, तो यह हमारी रणनीतिक स्वायत्तता के लिये असहज स्थिति पैदा कर देती है। दरअसल, यह स्थिति इस घेरलु उद्योग की संरचनात्मक विसंगतियों को दूर करने की जरूरत बताती है। इस दिशा में ध्यान देने की महती जरूरत है कि कच्चे माल की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही शोध व अनुसंधान तथा विकास के लिये पर्याप्त आर्थिक संसाधन समय रहते उपलब्ध कराए जाएं। यह दृष्टव्य है कि देश के 6.81 लाख करोड़ रुपये के रक्षा बजट में मात्र 1.8 लाख करोड़ रुपये की राशि आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित की गई है। उसमें शोध-अनुसंधान व विकास के लिये निर्धारित राशि आधुनिकीकरण के बजट में 3.94 फीसदी ही है। निश्चित रूप से जब तक इस वित्तीय संसाधनों के संतुलन को दुरुस्त नहीं किया जाता, तब तक हम समय की चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। निस्संदेह, देश के रक्षा क्षेत्र के तीन सार्वजनिक उपक्रमों यानी डीपीएसयू को 'मिनी रत्न' घोषित करना स्वागत योग्य कदम है। लेकिन वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को रक्षा खरीद पारिस्थितिकी तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन के लिये आग्रह के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिये जरूरी है कि समय सीमा में पारदर्शिता, अनुबंधों के सख्ती से क्रियान्वयन और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के प्रबंधन में गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए। निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भारत के संकल्प को विलंबित नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े उपक्रमों को गति देने की आवश्यकता है। इसमें लेट-लतीफी की कोई जगह नहीं हो सकती।

## भारतीय जीवन दृष्टि और प्रेरणा का महत्व

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। वे मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई रिक्शा चलाने वाला चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है। भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्ज़ागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बता कर मार दिया जाता था। लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है, ''जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।'' परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है, ''वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।'' अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, ''मैं साम हूं। तू ऋक है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।'' एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, ''तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।'' भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, ''प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री। परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया।'' रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गई थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई हैं। भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खण्डेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होलकर ने अपने शासकीय

ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है, ''जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।'' परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है, ''वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।'' अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, ''मैं साम हूं। तू ऋक है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।'' एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, ''तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।'' भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, ''प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री। परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया।'' रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गई थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई हैं। भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खण्डेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होलकर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए।

क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं की। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोली। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़-चढ़ कर का हिस्सा लिया। सन 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चैंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं। लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं। लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली। लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाऐं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गईं थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। **-हृदयनारायण दीक्षित**

## अज़ीम इस्लामी दर्सगाह है दारुल उलूम देवबंद

**हम्माम वहीद**

एशिया की प्रसिद्ध धार्मिक एवं सामाजिक संस्था ''दारुल उलूम'' की स्थापना उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद के देवबंद कस्बे में, 30 मई 1866 ईस्वी को हुई थी। यह संस्था न केवल धार्मिक शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बनी, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन, सामाजिक सुधार और भारतीय मुस्लिम समाज के नेतृत्व में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जब देश अंग्रेजों की गुलामी में जकड़ा हुआ था और 1857 की क्रांति के बाद मुस्लिम समाज को राजनीतिक और सामाजिक रूप से हाशिए पर धकेला जा रहा था, तब भारत के प्रबुद्ध मुस्लिम विद्वानों ने इस संस्था की स्थापना की। इनमें प्रमुख रूप से हज़रत मौलाना क़ासिम नानोतवी और हाजी आबिद हुसैन आदि सम्मिलित थे। इस संस्था ने हजारों की संख्या में ऐसे विद्वान तैयार किए हैं, जो आज देश-विदेश में अपने ज्ञान और सेवाओं से समाज को लाभ पहुँचा रहे हैं। दारुल उलूम देवबंद के बुज़ुर्गों ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़कर भाग लिया; कई उलेमाओं को काला पानी जैसी कठोर सजाएँ भी भुगतनी पड़ीं। इसमें खास तौर से शैख़ उल हिन्द मौलाना महमूद हसन देवबंदी, और मौलाना हुसैन अहमद मदनी के किरदार को भुलाया नहीं जा सकता, जिन्होंने ने रेशमी रूमाल आंदोलन के माध्यम से भारत की आज़ादी के लिए लंबा संघर्ष किया। इन विद्वानों ने ''जमीयत उलेमा-ए-हिंद'' की स्थापना की और महात्मा गांधी के साथ मिलकर आज़ादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका दी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी यह संस्था मानवता, भाईचारे, आपसी सौहार्द, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रही है। दारुल उलूम देवबंद केवल एक शैक्षिक संस्थान नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहज़ीब की एक मिसाल है, जहाँ धर्म के साथ-साथ देशभक्ति, सद्भाव और समाज सेवा को भी महत्व दिया जाता है। यह संस्था अपने शिक्षण के माध्यम से एक जागरूक, शिक्षित और प्रगतिशील समाज के निर्माण में योगदान दे रही है। कुछ संकीर्ण मानसिकता वाले राजनीतिक और मीडिया समूहों ने इसे आतंकवाद से जोड़ने की नापाक कोशिश की, लेकिन जब भारत सरकार के प्रतिनिधियों से लेकर विभिन्न विदेशी प्रतिनिधिमंडल और नेता देवबंद पहुँचे, तो उन्होंने यहाँ की शिक्षा प्रणाली, अनुशासन और उद्देश्य की खुले दिल से सराहना की। वर्ष 1980 में दारुल उलूम देवबंद के शताब्दी समारोह में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं और इस संस्था की सेवाओं की खूब प्रशंसा की। देवबंद की 1857 की क्रांति और उसके बाद स्वतंत्रता आंदोलन में निभाई गई भूमिका यह स्पष्ट करती है कि दारुल उलूम देवबंद उसी क्रांति का केंद्र है, जिसकी नींव इमामुल हिंद शाह वलीउल्लाह मुहद्दिस देहलवी ने रखी थी। उसी क्रांति का रक्त दारुल उलूम की रगों में अभी तक संचार कर रहा है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी यह संस्था मानवता, भाईचारे, आपसी सौहार्द, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रही है। दारुल उलूम देवबंद केवल एक शैक्षिक संस्थान नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहज़ीब की एक मिसाल है, जहाँ धर्म के साथ-साथ देशभक्ति, सद्भाव और समाज सेवा को भी महत्व दिया जाता है। यह संस्था अपने शिक्षण के माध्यम से एक जागरूक, शिक्षित और प्रगतिशील समाज के निर्माण में योगदान दे रही है।

### सेहत मंत्र

## पाचन शक्ति बढ़ाने से लेकर बवासीर के लिए रामबाण इलाज है हरड़



हरड़ एक आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है जिसके अनेक स्वास्थ्य लाभ है। एक्सपर्ट के मुताबिक, हरड़ पाचन तंत्र को बढ़ावा देती है। मल त्याग में आसानी होती है और पुरानी कब्ज की स्थिति में मल को आसानी से बाहर करती है। हरड़ के चूर्ण को पानी में मिलाकर दिन में दो बार लेने से एंटीऑक्सीडेंट और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गतिविधियों के कारण कोशिका क्षति को कम करके प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा मिलता है। हरड़ के चूर्ण को नारियल के साथ मिलाकर लगाने से पेस्ट के रुप में तेल का उपोग इसके कसैले गुण के कारण घावों को भरने के लिए किया जाता है। हरण संक्रामक एजेंटों से लड़ने में काफी सहायक होता है और त्वचा के संक्रमण को रोकता है। हरड़ के अर्क को कुछ नेत्र रोगों के प्रबंधन के लिए आप इसको पलकों पर लगा सकते हैं। याद रखें कि हरड़ का अधिक सेवन दस्त का कारण बन सकता है। इसके अलावा, आपकी स्किन ज्यादा ही संवेदनशील है तो हरड़ पेस्ट को नारियल तेल के साथ उपयोग करना उचित होगा। हरड़ में कई फायदे होते है। यह कब्ज को नियंत्रित करता है, इसका चूर्ण का सेवन रात में करें। वहीं, हरड़ अपने कफ को संतुलित करने वाले गुण के कारण खांसी और जुकाम को स्वाभाविक रुप से रोकने के लिए अच्छा है।

### धर्म मंत्र

## श्री सती जी के बारे में सब कुछ जानकार भी भगवान श्रीराम ने क्रोध नहीं किया

भगवान श्रीराम जी भी कितने दयालु हैं। उन्हें श्रीसती जी के बारे में सब कुछ ज्ञात है। लेकिन तब भी उन्होंने एक बार भी उन्होंने क्रोध नहीं किया, और न ही श्रीसती जी को कोई श्राप दिया। श्रीराम जी बस इतना ही कहते हैं, कि आप बिना बृषकेतु के इस भयानक वन में क्या कर रही हैं? इस समय श्रीसती जी शंका की प्रतिमूर्ति बन चुकी थी। जबकि उनके स्वामी भगवान शंकर जी, साक्षात विश्वास की प्रत्यक्ष मिसाल हैं। बिना विश्वास का धन लिये, भगवान की ओर जाने से क्या ही प्राप्त होने वाला है। जिस प्रकार से श्रीसती जी शंका लेकर वन में सिवा भटकने के और कुछ भी प्राप्त नहीं कर पा रही, ठीक ऐसे ही, जो साधक शंकालु विचारों के वन में उलझ जाता है, वह श्रीसती जी भाँति ही दुख पाता है। देखा जाये, तो श्रीसती जी दो भगवानों के मध्य ही अपना मार्ग तैय कर रही हैं। जैसे वे पहले, भगवान शंकर से श्रीराम जी ओर बढ़ी, और अब श्रीराम जी की दिशा से भगवान शंकर जी और बढ़ रही हैं। लेकिन आश्चर्य, वे इतनी सुंदर डगर पर चलकर भी शाँत न होकर, भयंकर अशाँति के भँवर में उलझ चुकी हैं। कहने का तात्पर्य, कि अगर आपकी यात्रा भगवान से आरम्भ होकर, भगवान की ही ओर हो, तो भी आपको यह आश्वासन नहीं होना चाहिए, कि आप शाँत अवस्था को प्राप्त होंगे। जिसका कारण मात्र एक है, और वह है, हृदय का संदेह से पटा होना। जैसे किसी पात्र में खट्टा डालकर, उसमें रखे दूध को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता, ठीक वैसे ही मन में संदेह पालकर, प्रभु की भक्ति को फलीभूत नहीं किया जा सकता। श्रीसती जी से बस यही गलती हो रही थी।

### पर्यटन



## शिमला के पास मौजूद गांवों की खूबसूरती देख पल में हो जाएंगे दीवाने

भारत में शिमला, कुल्लू, मनाली और नैनीताल जैसे डेस्टिनेशन सबसे ज्यादा फ़ेमस हैं। इन खूबसूरत हिल स्टेशनों का दीदार करने भारत के हर कोने से लोग आते हैं। लेकिन गर्मियों में इन हिल स्टेशनों पर पर्यटकों की अधिक भीड़ होती है। क्योंकि इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। जिसके कारण यहां पर स्टे में समस्या, महंगा सामान और घंटों जाम में फंसना पड़ता है। इस वजह से ट्रिप का पूरा मजा खराब हो जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन फ़ेमस डेस्टिनेशन के पास कई ऐसी जगहें हैं, जहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत माहौल आपको सुकून देती है। भारत में प्राकृतिक खूबसूरती से घिरे कई टूरिस्ट स्पॉट हैं। वहीं शिमला में पर्यटकों का पूरे साल आना-जाना लगा रहता है। यहां के बादल और बर्फ से ढके पहाड़ शिमला को अट्रैक्टिव बनाते हैं। दिल्ली समेत कई इलाकों से यहां पर काफी कम समय में पहुंचा जा सकता है। वैसे आप शिमला में मौजूद गावों की सैर कर अपने ट्रिप को यादगार बना सकते हैं। आज हम आपको शिमला के इन्हीं खूबसूरत गांवों के बारे में बताने जा रहे हैं। कोटगढ़ गांव सेब के बगीचों के लिए काफी फ़ेमस है। यह गांव एक शांत और खूबसूरत जगह है। यहां पर सेब के अलावा एप्रीकॉट, प्लम्स, चैरी और दूसरी हेल्दी चीजें भी उगाई जाती हैं। इसके साथ ही आप यहां पर सेंट मैरी चर्च देखने जा सकते हैं। बता दें कि इस चर्च को साल 1872 में बनाया गया था। इस स्थान पर तन्नी जुब्बर झील मौजूद है, जोकि पहाड़ों से घिरी है। इस झील के पास एक छोटा सा जंगल है। यहां पर जून महीने में तन्नी जुब्बर मेला का आयोजन होता है। यह जगह हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में मौजूद है। इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 3400 मीटर है। यह पूरी जगह मेपल और शंकुधारी पेड़ से घिरा हुआ है। यहां कोटगढ़ के अलावा हाटू पीक को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप कोटगढ़ में बर्फ से ढकी हिमाचल की चोटियों को देखने का लुत्फ उठा सकते हैं।

# बकरीद का पर्व प्रेम, त्याग और भाईचारे का प्रतीक इसे स्नेह से मनाए : मो शम्स तबरेज खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हैदरगढ़ बाराबंकी : आगामी बकरीद पर्व के मद्देनज़र क्षेत्र में शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखने हेतु रविवार को थाना हैदरगढ़ में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ मोहम्मद शम्स तबरेज खान ने की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन, गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, व्यापार मंडल प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक समीर सिंह चेयरमैन आलोक तिवारी , कस्बा चौकी इंचार्ज कपिल देव यादव भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी श्री खान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व प्रेम, त्याग और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि इस पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

पुलिस प्रशासन द्वारा पर्व के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने की जानकारी दी गई। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन कैमरे से निगरानी एवं गश्त बढ़ाने की योजना साझा की गई।

पुलिस उपाधीक्षक समीर सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में आम नागरिकों की भूमिका बेहद अहम होती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार

### बकरीद पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

की आपत्तिजनक पोस्ट न डालें और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें।

बैठक में शामिल स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन को अपने-अपने सुझाव दिए तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने पर्व के अवसर पर साफ-सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही।

इस दौरान अन्य अधिकारियों के साथ-साथ कई क्षेत्रीय सम्मानित व्यक्ति, मौलाना, पंडित, शिक्षक, समाजसेवी एवं पत्रकार मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि सभी धर्मों एवं समुदायों के लोग आपसी समझ और सौहार्द के साथ मिल-जुलकर पर्व मनाएं और किसी प्रकार की गलतफहमी अथवा अफवाह से दूर रहें।

# धर्मजागरण द्वारा रेलवे स्टेशन पर शीतल जल वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ. प्र. द्वारा आज रविवार को जनपद के नवें रेलवे स्टेशन सफदरगंज में लोकल पैसेंजर गाड़ी में पानी, पेठा, बताशा का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से

मसौली खंड संघचालक अरविंद राजपूत , सुरेश चंद्र गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा, मनोज जायसवाल, युगल किशोर मिश्र, अर्पित विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ल, विनय वर्मा, श्रेयांश नाग, प्रेम कमल भास्कर, राम सिंह, अभिजीत नारायण, स्वयंवीर सिंह, उदित नारायण सहित अनेक धर्मसेवक बंधुओ ने भाग लिया।

# नवहाई कुटी,यज्ञ महोत्सव शुभारंभ, सुगन्धित हुआ वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निन्दूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र के बिसई ग्राम पंचायत स्थित नवहाई कुटी माता राम जानकी व बाबा प्रसाद दास जी की समाधि परिसर में गंगा दशहरा के उपलक्ष में शनिवार से आयोजित छः दिवसीय श्रीराम महायज्ञ और सीताराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ है। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को अयोध्या धाम से पधारे अचार्य सुशील दास और हनुमानगढ़ी गद्दी नशीन प्रेमदास महाराज के उत्तराधिकारी डॉ महेश दास महाराज द्वारा पंचांग एवं मंडप प्रवेश की पूजा की गई। इस दौरान यज्ञ के यजमानों समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान यज्ञ समिति के सदस्य व स्थानीय लोग पूरी तन्मयता से यज्ञ कार्यक्रम के संचालन में सहभाग करते रहे। मंत्रों की गूंज के बीच धूप दीप नैवेद्य की सुंगंध जैसे चारों तरफ फैलती जा रही थी। वैसे वैसे वातावरण अपने आप दिव्यता को प्राप्त कर रहा था। बताते चले कि इस समय नवहाईं कुटी पर हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है जिसे देखकर सैकड़ों भक्त खुश एवं प्रसन्न चित्त हुए।पूजन में आए हुए भक्तगण मंदिर परिसर निर्माण को देखते ही रह गए। इस मौके पर अचार्य सुशील दास ,डॉक्टर महेश दास,महंत राणा दास, एडवोकेट ज्योति सिंह, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

# निजी वाहनों के व्यवसायिक इस्तेमाल पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 4 वाहन सीज, 4 चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग और टैक्स चोरी पर शिकंजा कसते हुए परिवहन विभाग ने शनिवार को लखनऊ-बाराबंकी हाईवे पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान विभाग की संयुक्त प्रवर्तन टीम ने चार निजी वाहनों को व्यवसायिक कार्य में प्रयुक्त होते हुए पकड़ा। जांच में दोषी पाए जाने पर इन वाहनों को तत्काल प्रभाव से सीज कर थाना मोहम्मदपुर चौकी में खड़ा कराया गया। इसके साथ ही चार अन्य वाहनों पर चालान की कार्रवाई भी की गई।

अभियान का नेतृत्व कर रहीं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अंकिता शुक्ला एवं यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने संयुक्त रूप से बताया कि यह कार्रवाई उन वाहन स्वामियों के विरुद्ध की गई है जो निजी उपयोग के नाम पर पंजीकृत वाहनों को व्यवसायिक गतिविधियों जैसे सवारी ढोना या



मालवाहन में प्रयोग कर रहे थे।

जांच के दौरान आर्टिगा, बोलेरो सहित चार वाहनों को रोका गया, जिनके कागजातों की गहन पड़ताल की गई। दस्तावेजों से यह स्पष्ट हुआ कि उक्त वाहन केवल निजी उपयोग हेतु पंजीकृत थे, लेकिन उनका इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। यह मोटर वाहन अधिनियम के तहत

### लखनऊ-बाराबंकी हाईवे पर चला विशेष चेकिंग अभियान, टैक्स चोरी पर कसा शिकंजा

गंभीर उल्लंघन है, जिसके तहत वाहन सीज करने की कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार का अनियमित उपयोग राज्य सरकार को राजस्व की हानि पहुँचाता है और परिवहन व्यवस्था में असंतुलन भी पैदा करता है। विभाग ने वाहन स्वामियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में कोई वाहन निजी रजिस्ट्रेशन के बावजूद व्यावसायिक गतिविधियों में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य न केवल टैक्स चोरी पर अंकुश लगाना है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाना भी है। विभाग आने वाले दिनों में ऐसे और भी अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की तैयारी में है।

## सड़क हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली नगर व मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हुई। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिले के मोहम्मदपुरखाला थाना क्षेत्र के बसौली गांव निवासी शिवबहादुर विश्वकर्मा का 35 वर्षीय पुत्र शिवपाल अपनी बाइक से सूरतगंज बाजार से वापस आ रहा था। तभी सूरतगंज-फतेहपुर मार्ग पर बसौली गांव के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। घायल शिवपाल को आनन-फानन में लोगों ने सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।दूसरा हादसा कोतवाली क्षेत्र में हुआ, दारापुर गांव निवासी सहजराम का 35 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार शनिवार की रात लगभग 10 बजे आलापुर से वापस घर लौट रहा था। इसी मध्य दारापुर गांव के पास अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर बने कट से पार कर रहा था तभी लखनऊ की ओर आई तेज रफ्तर डबलडेकर बस ने मनोज की बाइक में ठोकर मारा। हादसे में मनोज की मौके पर ही मौत हुई। बस गोरखपुर से हरियाणा प्रदेश जा रही थी। बताया जाता है कि मनोज बिजली टावर कंपनी में इलेक्ट्रीशियन था। जिसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फांसी फंदे पर लटकता शव बरामद

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के रामसहाय गांव निवासी शेष नरायन की पुत्री शिल्पी का शव फांसी फंदे पर लटकता मिला। शिल्पी की मौत चर्चा का विषय बनी हुई है।जानकारी पर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र व हिमांशु पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा ।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर मामले के हर पहलू सकी जांच शुरू की है। ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरा शोक है। परिजनों के अनुसार शिल्पी घरेलू कार्यों में दक्ष और व्यवहार में सहज थी, ऐसे में उसका यह कदम सभी को हैरान कर गया।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की असली वजह सामने आ सकेगी।

## बकरीद के दृष्टिगत हुई शांति कमेटी की बैठक

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत चौकी अहमदपुर में नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी व जैदपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में योजित पीस कमेंटी की बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई ई। प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न करना,परंपरागत तरीके से कुर्बानी करना,खुली जगह पर कुर्बानी न करना साफ-सफाई का ध्यान रखना, कुर्बानी के अवशेषों को खुले स्थान पर न फेंका जाए,किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाना,काली पॉलीथीन में कुर्बानी का तबर्रुख रखकर तस्कीम करना मुस्लिम समुदाय के लोगों को निर्देश दिए गए ।इस मौके पर छंदवल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार यादव, अहमदपुर प्रधान कलीमुद्दीन, देवकली प्रधान प्रतिनिधि चंद्रेश वर्मा,लेखपाल राम प्रकाश कनौजिया,देवकली प्रधान प्रतिनिधि अनवर,समाज सेवी पुष्पेन्द्र तिवारी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली नगर व मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हुई। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिले के मोहम्मदपुरखाला थाना क्षेत्र के बसौली गांव निवासी शिवबहादुर विश्वकर्मा का 35 वर्षीय पुत्र शिवपाल अपनी बाइक से सूरतगंज बाजार से वापस आ रहा था। तभी सूरतगंज-फतेहपुर मार्ग पर बसौली गांव के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। घायल शिवपाल को आनन-फानन में लोगों ने सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।दूसरा हादसा कोतवाली क्षेत्र में हुआ, दारापुर गांव निवासी सहजराम का 35 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार शनिवार की रात लगभग 10 बजे आलापुर से वापस घर लौट रहा था। इसी मध्य दारापुर गांव के पास अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर बने कट से पार कर रहा था तभी लखनऊ की ओर आई तेज रफ्तर डबलडेकर बस ने मनोज की बाइक में ठोकर मारा। हादसे में मनोज की मौके पर ही मौत हुई। बस गोरखपुर से हरियाणा प्रदेश जा रही थी। बताया जाता है कि मनोज बिजली टावर कंपनी में इलेक्ट्रीशियन था। जिसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# छात्र-छात्राओं के लिए संजीवनी है पंचायत की संचालित लाइब्रेरी : गोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप रविवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव पहुंचे और यहां ग्राम पंचायत द्वारा संचालित लाइब्रेरी का अवलोकन किया। लाइब्रेरी की व्यवस्था देख वह प्रशंसा किए बिना नहीं रहे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है ग्राम सभा बड़ागांव पंचायत भवन में ग्राम प्रधान द्वारा संचालित कंप्यूटर लाइब्रेरी। प्रधान जी की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हो रही है यह लाइब्रेरी क्षेत्र के तमाम जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की शैक्षिक जरूरतों को पूरा कर रही है बल्कि आसपास के तमाम गांवों के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है लाइब्रेरी में उपलब्ध मैगजीन अखबार और कैरियर गाइडेंस से संबंधित सामग्री प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए संजीवनी का काम कर रही। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने ग्राम सभा बड़ागांव पंचायत भवन मे ग्राम प्रधान जी द्वारा संचालित लाइब्रेरी का अवलोकन कर लाइब्रेरी में विभिन्न कंपीटिशनों की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर कौन किस विषय पर तैयारी कर रहा है इसकी पूरी जानकारी प्राप्त करते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए व्यक्त किये पूर्व मंत्री ने ग्राम प्रधान जी के इस कदम की सराहना करते हुए उनके द्वारा जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी सराहना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद नसीम कीर्ति सानू सिंह सहित तमाम ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# व्यवसायिक उपयोग पर चार निजी वाहन सीज चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। निजी वाहनों के व्यवसायिक इस्तेमाल पर परिवहन विभाग ने टैक्स चोरी करने वाले वाहनो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 4 वाहनो (आर्टिगा, बोलेरो) को थाना मोहम्मदुपर चौकी पर सीज किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने लखनऊ.बाराबंकी हाइवे पर चेकिंग के दौरान पत्रावलियो की जांच करते हुये 4 निजी वाहनों का कमर्शियल उपयोग मिलने पर थाना मोहम्मदपुर चौकी पर सीज किया। तथा अन्य अभियोगो मे 4 चालान भी किये।



# तपती धरती और आग उगलती धूप में भी गोमती मित्रों ने किया तीन घंटे श्रमदानं

सुल्तानपुर। गोमती मित्र इसे संकल्प कहते हैं और आलोचक इसे सनक लेकिन गोमती मित्रों ने कभी भी आंधी, तूफान, बारिश, गर्मी, सर्दी जैसी परिस्थितियों के बावजूद खुद को अपने कर्तव्य पथ से विमुख नहीं किया। अटल है उनका स्वच्छता जागरूकता श्रमदान तभी तो सीताकुंड धाम पहुंचने वाले श्रद्धालु अनायास ही बोल पड़ते हैं कि अगर गोमती मित्र ना होते तो यह पवित्र स्थल किस हाल में होता और यही गोमती मित्रों के लिए बहुत बड़ा पारितोषिक है, आम जनमानस का यही सोचना गोमती मित्रों को साहस प्रदान करता है। रविवार 1 जून को भीषण गर्मी थी लेकिन प्रातः 6:00 बजे से श्रमदान शुरू कर गोमती मित्रों ने पूरे परिसर यहां तक की श्राद्ध स्थल जो अक्सर अछूता रह जाता है वहां तक पहुंच कर साथ ही मां गोमती की लहरों में उतरकर जो भी ऐसी वस्तु जो स्नान करने आए श्रद्धालुओं को नुकसान पहुंचा सकती है और जलधारा को प्रदूषित कर सकती है उसे भी निकलवाया व हटवाया गया। सायंकालीन आरती की तैयारी हुई। संरक्षक रतन कसौधन व प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के नेतृत्व में मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, मुन्ना पाठक, सेनजीत कसौधन दाऊ, युवा मण्डल प्रदेश अध्यक्ष अजय वर्मा, अभय मिश्रा, राजीव कसौधन, राकेश सिंह दद्दू, राकेश मिश्रा, मुन्ना सोनी, आलोक तिवारी, श्याम मौर्या, सुजीत कसौधन, उग्रसेन सिंह, आयुष, अनुज सिंह, अभय सोनी आदि गोमती मित्रों ने पूरे समर्पण के साथ श्रमदान कार्यक्रम संपन्न कराया।

## खरीफ सीजन पर किसानों को किया गया जागरूक

गोरखपुर । खरीफ का सीजन शुरू होते ही किसानो को अच्छे बीज की तलाश शुरू हो जाती है ।जानकारी के अभाव में किसान कभी कभी ठगी का शिकार हो जाते है । इस बात को ध्यान में रखते हुए किसानों की परमहितैषी नूजीवीडू सीड्स लिमिटेड कंपनी ने किसानो को जागरूक करने हेतु क्षेत्र पिपराइच के ग्रामसभा बरईपुर में शुक्रवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।संगोष्ठी में एरिया मैनेजर विकास सिंह ने किसानो को जागरूक करते हुए अनेकों लाभदायक जानकारिया दी तथा बताया कि सही बीज का चयन करना असली किसान का पहिचान है । इसी क्रम में नूजीवीडू सीड्स के महत्ता पर प्रकाश डाला गया । कंपनी के क्षेत्रीय कर्मचारी सतीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किसानों को निःशुल्क बीज वितरण किया गया ।

# बंकी-बाराबंकी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण को मिली मंजूरी , सांसद उपेंद्र सिंह रावत के प्रयासों को जनता ने सराहा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । बहुप्रतीक्षित बंकी-बाराबंकी रेलवे क्रॉसिंग पर जनता की सुविधा हेतु ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। यह स्वीकृति निवर्तमान सांसद श्री उपेंद्र सिंह रावत के निरंतर प्रयासों से प्राप्त हुई है।

ओवरब्रिज की स्वीकृति मिलने के उपरांत बंकी नगर के सैकड़ों नागरिक सांसद श्री उपेंद्र सिंह रावत के आवास पर पहुंचे और उन्हें पुष्प-मालाओं से स्वागत कर इस जनहितकारी कार्य के लिए शुभकामनाएं व बधाई दी। विदित हो कि श्री रावत के प्रस्ताव और अथक प्रयासों से लगभग ?87 करोड़ की लागत से इस ओवरब्रिज के निर्माण को रेलवे मंत्रालय द्वारा मंजूरी दी गई है।

इस अवसर पर जब सांसद श्री रावत बंकी पहुंचे, तो रेलवे स्टेशन तथा क्रॉसिंग पर व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस स्वागत कार्यक्रम में अनुप यादव, सुनील कुमार मौर्य, देवराज त्रिपाठी, राहुल जैसवाल, सतीश जैसवाल, विद्यासागर शर्मा, मनीष गौतम (सभासद), राहुल रावत (सभासद), रज़ी सिद्दीकी (सभासद), आशीष अवस्थी (बूथ अध्यक्ष), उत्कर्ष जैसवाल (बूथ अध्यक्ष), अनीता सिंह, रामू लोधी, खुशी राम यादव (पूर्व वाइस चेयरमैन), इरफान, टोनी, शिव स्वामी वर्मा (जिला संयोजक, श्रम प्रकोष्ठ भाजपा), नवीन राठौर (जिला संयोजक, लघु उद्योग), शिव कुमार शर्मा, दिनेश चंद्र रावत सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवासी व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह ओवरब्रिज निर्माण स्थानीय जनता को राहत प्रदान करेगा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाएगा।

# 16वीं बार फ्रेंच ओपन में पहुंचे नोवाक जोकोविच

## बोले- यह बहुत ही दिलचस्प था

एजेंसी

पेरिस। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है। पीएसजी के स्टेडियम से लगातार पटाखों की आवाजें आ रही थीं। फ्रांस के इस क्लब ने जर्मनी के म्यूनिख में इटली के



इंटर मिलान को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्लबों की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी पहली चैंपियनशिप जीती। जोकोविच इस फुटबॉल मैच को टेलीविजन पर देखने के लिए अपना मुकाबला इस समय नहीं खेलना चाहते थे। उन्होंने एकतरफा जीत के बाद कहा, ''यह दिलचस्प था। यहां स्टेडियम में दर्शक भी फुटबॉल मैच पर नजर रखे रहे। मैं सुन सकता था कि उन्होंने कब गोल किया। वे कई बार जश्न मना रहे थे। उन्होने कहा, ''मैं सोच रहा था, वाह, पेरिस ने बहुत सारे गोल किये। क्या हो रहा है?। अब मैंने सुना कि यह 5-0 है। ईमानदारी से कहूं तो यह काफी शानदार परिणाम है। जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 153 वें नंबर के मिसोलिच जैसे कम रैंक वाले किसी भी खिलाड़ी से कभी नहीं हारे हैं। उन्होंने इस मैच में पूरा दबदबा बनाये रखा। मिसोलिच के दूसरे सर्विस पर हालांकि जोकोविच सात ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद एक को भी भुनाने में विफल रहे। इस 38 साल के खिलाड़ी ने अपने से 15 साल छोटे खिलाड़ी के खिलाफ 33 विनर्स की तुलना में सिर्फ 14 गलतियां कीं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे। नौरी के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 5-0 का है।

## गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा: सबा करीम

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा, ''यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं। उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा, ''मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।

## मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ की टीम ने मिश्रित एयर पिस्टल में जीता गोल्ड



एजेंसी

चांगवोन (दक्षिण कोरिया)। डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन रविवार को मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। आज यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता। अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

रोसारियो (अर्जेंटीना)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की उप-कप्तान हिना ने (10वें) और लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरुआत में गोल दागे। गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में गोलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरु की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

## इंटर को 5-0 से रौंदकर पीएसजी ने जीता चैंपियंस लीग का खिताब

एजेंसी




म्यूनिख। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में मुकाबले में इंटर मिलान को 5-0 से रौंद कर पहली बार यूरोपीय चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। शनिवार रात एलियांज एरिना में खेले गये मुकाबले में लुइस एनरिक की युवा टीम ने मैच में शुरुआत से ही इंटर मिलान पर दबदबा बनाए रखा। पीएसजी के लिए पहला गोल 12वें मिनट में अशरफ हकीमी ने किया। इसके बाद डेजायर डोऊ ने 20वें और 63वें मिनट में गोल दागे। मैच का चौथा गोल ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 73वें मिनट में किया। अन्य खिलाड़ी के स्थान पर खेलने मैदान में उतरे सेनी मायुलु ने 86वें मिनट में गोल दागकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही पीएसजी यूरोपीय कप जीतने वाला 24वां क्लब बन गया।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण की तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियाँ, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की




अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा, यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है। फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ - फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएँगे। आपकी गति 'सात से 34 किमी प्रति घंटे तक और आपकी दूरी दर्ज की जाएगी, और आपके कार्बन क्रेडिट जोड़े जाएँगे। श्री मांडविया ने इस अवसर पर अभिनेत्री शरवरी को 'यंग फिट इंडिया आइकन' की उपाधि से सम्मानित किया। यंग फिट इंडिया आईकन से सम्मानित किये जाने पर शरवरी ने कहा, ॖयह अभियान बहुत बड़ा है और फिट इंडिया आइकॉन बनना सम्मान की बात है।

## ब्रिटिश एयरवेज की भारत के लिए नई उड़ानें शुरू करने की योजना, कार्गो अवसरों पर नजर

नयी दिल्ली। ब्रिटिश एयरवेज भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से कार्गो अवसरों का लाभ उठाने के साथ ही नये मार्गों और अधिक उड़ानों से साथ विस्तार करने की योजना बना रही है। एयरलाइन के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सीन डॉयल ने यह बात कही है। ब्रिटिश एयरवेज 100 साल से अधिक से भारत के लिए उड़ान भर रही है। इस समय एयरलाइन पांच भारतीय शहरों से सप्ताह में 56 उड़ानें संचालित करती है। इसमें मुंबई से सप्ताह में तीन उड़ानें और दिल्ली से प्रतिदिन दो उड़ानें शामिल हैं। इसके अलावा चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद से भी इसकी दैनिक उड़ानें हैं। डॉयल ने साक्षात्कार में कहा कि भारत ब्रिटिश एयरवेज के लिए ''बहुत, बहुत महत्वपूर्ण'' बाजार है और भविष्य में मार्गों और उड़ान संख्या, दोनों में वृद्धि की उम्मीद है। एयरलाइन इस साल अक्टूबर से लगभग पांच साल के बाद मुंबई-लंदन हीथ्रो मार्ग की उड़ानों में से एक में प्रथम श्रेणी की सीटें फिर से शुरू करने वाली है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम भारत में विमानन के विकास का हिस्सा बनना चाहते हैं। हम 100 वर्षों से इसका हिस्सा रहे हैं३ भारत में ब्रिटिश एयरवेज के लिए लगभग 2,500 लोग काम करते हैं। अमेरिका के बाहर, हमारा सबसे बड़ा एकल बाजार भारत है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन ने भारत में कोरोना वायरस महामारी से पहले के स्तर की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत की क्षमता बढ़ाई है। वैश्विक एयरलाइंस समूह अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली आए डॉयल ने यह भी कहा कि अगले दशक में भारत में यात्रा की मांग बहुत तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि खासकर एक बड़े और उभरते मध्यम वर्ग के साथ विमानन क्षेत्र तेजी से वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि विकास अविश्वसनीय रूप से रोमांचक होने वाला है, और ऐसा कुछ जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। डॉयल ने कहा, ''भारत में जो हो रहा है, वह यहां एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला विकास अवसर है।

## सर्राफा बाजार : सोने के भाव में मामूली तेजी, चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली तेजी दर्ज की गई है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,320 रुपये से लेकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,210 रुपये से लेकर 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 770 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना



भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। सोने के विपरीत चांदी की कीमत में सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान हुए मामूली उतार चढ़ाव के बावजूद साप्ताहिक आधार पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक सप्ताह के कारोबार के बाद आज भी चांदी पिछले सप्ताह की कीमत यानी 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित : गर्ग

नयी दिल्ली। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी 'विकसित' और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है। गर्ग ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, ''आईएमएफ देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है। वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा। यह पूछे जाने पर कि भारत कबतक दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, उन्होंने कहा, ''इस संदर्भ में आईएमएफ के वर्तमान अमेरिकी डॉलर में जीडीपी के आंकड़े मानक हैं। इसके आधार पर देशों को उनके अमेरिकी डॉलर में जीडीपी की स्थिति के हिसाब से क्रम में रखा जाता है।

## आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय बाजार में सकारात्मक उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से कम गिरे बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 270.07 अंक अर्थात 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81451.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 24750.70 अंक पर आ गया। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 274.93 अंक अर्थात 0.61 प्रतिशत उछलकर 45136.35 अंक और स्मॉलकैप 891.83 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 52413.25 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की क्योंकि वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय स्तर पर सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी व्यापार नीतियों में अस्थिरता, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक व्यापार रणनीति की वापसी के संकेत, वैश्विक बाजारों में व्यापक आर्थिक चिंताओं को और गहरा सकते हैं, जिससे उभरते बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर मजबूती दिखाई जबकि लार्जकैप कंपनियों के ब्लूचिप परिणाम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके, जिससे इन शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। विशेष रूप से निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों के चलते प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार फिलहाल चौथाई फीसदी की दर कटौती को मूल्यांकन में शामिल कर चुका है, जिससे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है। घरेलू आर्थिक संकेतकों की बात करें तो परिदृश्य अपेक्षाकृत अनुकूल नजर आ रहा है। बेहतर मानसून पूर्वानुमान, सौम्य मुद्रास्फीति प्रक्षेपवक्र और 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मजबूती (7.4 प्रतिशत) ने निवेशकों के लिए एक राहत का माहौल बनाया है, जो बाजार में गिरावट की गति को थामने में मदद कर सकता है। अगले सप्ताह 06 जून को आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय जारी होने वाले हैं। निवेशक महंगाई में नरमी और मजबूत आर्थिक विकास दर को ध्यान में रखते हुए ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत तक की एक और कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। अगले सप्ताह केंद्रीय बैंक के रुख पर बाजार की नजर रहेगी। वहीं, विश्लेषकों का मानना है कि संपूर्ण बाजार में स्थिरता तभी आ सकती है जब कॉर्पोरेट आय में स्थायी सुधार दिखे और वैश्विक व्यापार तनाव में कमी आए।



## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 4 का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,01,369.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.07 अंक या 0.33 प्रतिशत नीचे आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 34,852.35 करोड़ रुपये की गिरावट आई।

समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 59,233.61 करोड़ रुपये बढ़कर 6,03,120.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में एलआईसी ही रही। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 19,589.54 करोड़ रुपये बढ़कर 7,25,036.13 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 14,084.2 करोड़ रुपये बढ़कर 10,58,766.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8,462.15 करोड़ रुपये बढ़कर 14,89,185.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट टीसीएस की बाजार हैसियत 17,909.53 करोड़ रुपये घटकर 12,53,486.42 करोड़ रुपये रह गई।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 7,645.85 करोड़ रुपये घटकर 19,22,693.71 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 4,061.05 करोड़ रुपये घटकर 5,70,146.49 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 2,605.81 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 10,31,262.20 करोड़ रुपये पर आ गया।

# हरिद्वार में साध्वी ऋतंभरा के 'वात्सल्य गंगा आश्रय धाम' का लोकार्पण

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया लोकार्पण

एजेंसी

हरिद्वार। तीर्थ नगरी हरिद्वार की उपनगरी कनखल में पद्म भूषण से सम्मानित साध्वी ऋतंभरा के नवनिर्मित 'वात्सल्य गंगा आश्रय धाम' का उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संयुक्त रूप से संतों-महंतों और महामण्डलेश्वरों की उपस्थिति में रविवार कोलोकार्पण किया। वात्सल्य गंगा आश्रम धाम के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता परमहंस स्वामी परमानंद महाराज और संचालन महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने किया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने अपने उद्बोधन में साध्वी ऋतंभरा को पद्म भूषण सम्मान मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा की यह पुरस्कार समस्त संत परंपरा और सनातन धर्म का सम्मान है। इससे पूर्व की सरकारें मुंह देखकर सिफारिश पर सम्मान दिया करती थीं, लेकिन वर्तमान सरकार काम देखकर, व्यक्तित्व देखकर सम्मानित करती है। जिसका यह जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार के 100 दिन पूरे होने के गरिमापूर्ण अवसर पर उन्हें मां गंगा में डुबकी लगाने तथा संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने का शुभ अवसर मिला है, जिसके लिए वह मां गंगा तथा संत समाज और देव भूमि उत्तराखंड की आभारी हैं। मुख्यमंत्री रेखा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए उनसे मार्गदर्शन का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साध्वी ऋतंभरा और समस्त संत समाज के चरणों में प्रणाम करते हुए आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार देवभूमि उत्तराखंड, सनातन संस्कृति तथा धर्म परंपरा पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने देगी। इसकी रक्षा के लिए जो कुछ भी करना होगा, वह किया जाएगा। उन्होंने कहा उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता लागू की है और लव जिहाद, थूक जिहाद जैसे कुत्सित कार्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यह सब संतों के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है।

इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण, महानिर्वाणी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती महाराज, महानिर्वाणी अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर यमुना पुरी, महामंडलेश्वर संतोषी माता, महामंडलेश्वर मैत्री गिरी साध्वी अन्नपूर्णा पुरी, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, मेयर किरण जैसल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा सहित सैकड़ों संत-महंत व श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# वारविक विवि विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करता है: अजय टेली

एजेंसी

नयी दिल्ली। ब्रिटेन के अग्रणी शोध विश्वविद्यालयों में से एक वारविक विश्वविद्यालय ने 60 वर्ष पूरे होने के मौके पर भारत के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में प्रयास तेज किये हैं।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के ग्लोबल चीफ कम्युनिकेशंस, मार्केटिंग एंड कंटेंट अधिकारी अजय टेली और डायरेक्टर ऑफ कम्युनिकेशंस-कॉरपोरेट ब्रांड सतनाम राणा-ग्रिंडले ने विश्वविद्यालय के 60 वर्ष पूरे होने के मौके पर भारत का दौरा किया और विद्यार्थियों और अन्य लोगों से संवाद किया। श्री टेली और सुश्री राणा-ग्रिंडले ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि विश्वविद्यालय में भारत के बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इसके मद्देनजर विश्वविद्यालय भारत को बहुत तरजीह देता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में न केवल उच्च स्तर के शैक्षणिक माहौल को निर्मित किया गया है, बल्कि वहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी खासा महत्व दिया जाता है। विश्वविद्यालय में होली, दिवाली और पंजाबी उत्सव भी मनाये जाते हैं। वहां लंगर भी आयोजित किये गये हैं। दोनों पदाधिकारियों ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शिक्षा, शोध और औद्योगिक साझेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने टाटा समूह के साथ 25 वर्षों की साझेदारी भी इस मौके पर जिक्र किया। वॉरविक के पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों को भी सराहना की गयी। ये विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता के ज़िरये योगदान दे रहे हैं। उन्हीं में से एक ममता मरासिनी ने बताया कि उन्होंने रोर कार्प नाम से अपनी एक क्रियेटिव एजेंसी की स्थापना की है, जिसका संचालन नयी दिल्ली और काठमांडू से किया जाता है। ममता ने वारविक बिजनेस स्कूल से एमएससी इन बिजनेस विद मार्केटिंग की शिक्षा हासिल की है। ममता ने कहा, ङ्क मैं वॉरविक में जब दाखिल हुई थी, तब मुझे मेरा रास्ता स्पष्ट नहीं था। लेकिन वॉरविक ने मुझे वह आत्मविश्वास दिया, जिससे मैंने खुद की एजेंसी शुरू करने का निर्णय लिया।

# पूर्वोत्तर में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही, मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हुई

एजेंसी

गुवाहाटी। पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर भारत में भीषण बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और मिज़ोरम में अब तक 20 से अधिक लोगों की मौत हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने इस भारी बारिश का कारण बांग्लादेश के ऊपर बने निम्न दबाव को बताया है।

गुवाहाटी के चपाइडांग में भूस्खलन से महिला और बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत की खबर है। ईस्ट कामेंग जिले में बाना-चेप्पा हाईवे पर एक वाहन के खाई में गिर जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। निचले सुबनसिरी जिले के पास हुए भूस्खलन में भी दो लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है। पश्चिम कामेंग में बालीपारा-चरदुवार-तवांग मार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण कई गांवों का संपर्क मार्ग बंद हो गया, जिससे कई यात्री फंसे हुए हैं। मणिपुर में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन ने पहाड़ी जिलों सेनापति, तमेंगलोंग, नुने और फ़ेरजॉल में तबाही मचाई है। इंफाल नदी का तटबंध टूटने से इंफाल पूर्व का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। राज्य प्रशासन ने बताया कि इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों सहित कम से कम 800 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। भारतीय सेना और असम राइफल्स ने 'ऑपरेशन जलराहत' के तहत मणिपुर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लगभग 800 नागरिकों को शनिवार को बचाया है।शनिवार को इंफाल में बारिश के कारण भारी जलभराव हो गया, जिससे सड़कों पर यातायात ठप हो गया और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहर और इसके आसपास के निचले इलाके सबसे अधिक प्रभावित हुए। मिज़ोरम में भी स्थिति कुछ अलग नहीं रही। बीते 24 घंटों में विनाशकारी बाढ़ के चलते चार लोगों की मौत हो चुकी है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, चंपाई जिले में अचानक आई बाढ़ में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सेरछिप में एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। कई जिलों में भूस्खलन से घरों और सड़कों को नुकसान पहुंचा है। खबर लिखे जाने तक मलबे के नीचे एक व्यक्ति दबा हुआ बताया जा रहा है। मिज़ोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रो़फ़ेसर लालनिलावमा ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर मृतकों के परिजनों के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। राज्यभर में राहत और निगरानी अभियान जारी है।

# नाबालिग के साथ जघन्य अपराध हुआ, नीतीश स्वास्थ्य मंत्री को हटाएं : महिला कांग्रेस

नयी दिल्ली। महिला कांग्रेस ने कि बिहार के मुजफ्फरपुर में नाबालिग से दुष्कर्म की जघन्य घटना में पुलिस तथा डॉक्टरों के व्यवहार को अत्यंत शर्मनाक और अमानवीय बताते हुए रविवार को कहा कि पीड़िता को न्याय मिलने तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने आज यहां एक बयान में कहा कि यह क्रूरतम अपराध है। इस पर पुलिस और डॉक्टरों ने जिस तरह का व्यवहार किया है वह अत्यंत शर्मनाक और खेदजनक है। इस घटना को लेकर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज नहीं की और डॉक्टरों ने पीड़ित बच्चे का इलाज करने से इनकार कर दिया जो अत्यंत अमानवीय कृत्य है। सुश्री लाम्बा ने कहा, बिहार के मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग बच्ची के साथ हैवानियत की गई। इस घटना में जब बच्ची को गंभीर हालत में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया तो उसे समय से इलाज नहीं मिला।

# शराब कारोबारी विजय भाटिया गिरफ्तार

## छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई

एजेंसी

रायपुर/दुर्ग। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की टीम ने आज रविवार को दिल्ली से शराब कारोबारी विजय भाटिया को गिरफ्तार क?िया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को फ्लाइट के जरिए रायपुर लाया गया, जहां आरोपित को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायालय रायपुर में प्रस्तुत किया जा रहा है।

भाटिया पर आरोप है कि उन्होंने विदेशी शराब उत्पादक कंपनियों और सप्लायर्स से कमीशन वसूलने की साजिश रची और इसे सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया। इस अवैध लेन-देन के जरिए सरकार को भारी मात्रा में राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि भाटिया ने न केवल खुद को बल्कि अपने सहयोगियों और अन्य फर्मों को भी अवैध आर्थिक लाभ दिलवाया।



इस मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा अपराध क्रमांक 04/2024 के तहत भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 467, 468, 471 (जालसाजी से संबंधित अपराध) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 और 12 (संशोधित अधिनियम 2018 के तहत) भी आरोप में शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद भाटिया के भिलाई और दुर्ग स्थित आवासों, फर्मों और उनसे जुड़े सहयोगियों-रिश्तेदारों यहां के कुल 8 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। इस दौरान दस्तावेज़, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, लेन-देन के रिकॉर्ड, फर्जी बिल और अन्य कई महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए गए हैं। विजय भाटिया ने शराब वितरण प्रणाली में अपने संपर्कों और पद का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की। यह धनराशि हवाला और फर्जी कंपनियों के माध्यम से इधर-उधर की गई। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अधिकारियों का कहना है कि छापों में मिली सामग्री की बारीकी से जांच की जा रही है और घोटाले में शामिल अन्य बड़े नामों का जल्द खुलासा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि भिलाई के कारोबारी विजय भाटिया को पाटन से कांग्रेस विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बेहद करीबी माना जाता है। विजय भाटिया ईडी जांच के दायरे में भी थे। हालांकि ईओडब्ल्यू ने जब शराब घोटाला मामले में जांच शुरू की थी, तभी से ही विजय भाटिया का नाम चर्चा में बना हुआ है।

# शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर पवन कल्याण ने जतायी नाराजगी

एजेंसी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत राज मंत्री के पवन कल्याण ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा कानून की छात्रा शर्मिष्ठा को गिरफ्तार किये जाने पर नाराजगी जाहिर की है और सवाल किया है कि जब तृणमूल के नेता 'सनातन धर्म' का मजाक उड़ाते हैं, तो तो पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं करती है।

श्री कल्याण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ङ्कऑपरेशन सिंदूर के दौरान कानून की छात्रा शर्मिष्ठा ने अपनी बात रखी, उसके शब्द खेदजनक और कुछ लोगों को आहत करने वाले थे। उसने अपनी गलती स्वीकार की, वीडियो डिलीट किया और माफी मांगी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने शर्मिष्ठा के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की। लेकिन जब तृणमूल के सांसद और चुने हुए नेता सनातन धर्म का मज़ाक उड़ाते हैं तो लाखों लोगों को जो गहरा, तीखा दर्द होता है, उसका क्या? जब हमारे धर्म को 'गंध धर्म' कहा जाता है तो आक्रोश कहाँ रहता है? उनकी मा़फ़ी कहाँ है? उनकी त्वरित गिर.फ़्तारी क्यों नहीं होती? ईशनिंदा की हमेशा निंदा की जानी चाहिए! धर्मनिरपेक्षता कुछ लोगों के लिए ढाल और दूसरों के लिए तलवार नहीं है। पश्चिम बंगाल पुलिस, पूरा देश देख रहा है। सभी के लिए न्यायपूर्ण कार्य करें।

# एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने पश्चिमी वायु कमान में वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला।

वह राष्ट्रपति के 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायु सेना पदक' से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे। एयर मार्शल मान राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र रहे हैं और 16 दिसंबर-1989 को भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए थे। उन्हें विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों में 3000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है।



वह एक पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर हैं और अपने ऑपरेशनल करियर में उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है तथा एक फॉरवर्ड बेस के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर और एक प्रीमियम फाइटर बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग भी रहे हैं। उन्होंने रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स और 2018 में यूएसएएफ के साथ संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास का निर्देशन किया है।

# संघर्ष समाप्त करने का अंतिम निर्णय रूस और यूक्रेन को लेना है: अमेरिका

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अमेरिका ने रूस और यूक्रेन को बातचीत की मेज पर बैठाने के लिए काम किया है, लेकिन संघर्ष को कैसे समाप्त किया जाए, इसका फैसला उन पर निर्भर है।

सुश्री ब्रुस ने शनिवार को 'फॉक्स न्यूज' से कहा कि हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वार्ता पर अपने विचारों के बारे में बहुत सार्वजनिक रूप से कहा है, जिस पर वह टिप्पणी नहीं कर सकती हैं, लेकिन समझौते की शर्तें अंततः यूक्रेन और रूस के बीच निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत की सुविधा दी है, जो अमेरिकी आवश्यकताओं से अवगत थे, लेकिन परिणाम वास्तव में उन पर निर्भर करेगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका नहीं चाहता कि रूस-यूक्रेन वार्ता महीनों और सालों तक खिंचे, क्योंकि हर दिन मायने रखता है। श्री ट्रम्प ने तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए पारस्परिक रूप से सहमत और व्यावहारिक समाधान पर पहुंचने में दोनों पक्षों की असमर्थता पर अमेरिका की निराशा को बार-बार व्यक्त किया है और कहा है कि यदि कोई समाधान नहीं निकलता है, तो अमेरिका शांति वार्ता से बाहर निकल जाएगा। रूस और यूक्रेन को अपने हाल पर छोड़ दिया जाएगा।

# पेज एक का शेष

### इस बार बेहद...

के रूप में नहीं हो जाता। दरअसल इसी दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अपने जन्मदिन एवं पर्यावरण दिवस के नाते यह दिन उनके लिए यूं ही खास होता है। राम दरबार की स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि होने के नाते यह और खास होने वाला है। यही नहीं मुहूर्त इसे और खास बना रहे है। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है। पांच जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था। इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। उल्लेखनीय है कि अपनी परंपरा में शुभ मुहूर्त का शुरू से ही बेहद महत्व रहा है। यहां तक कि जब भगवान श्रीराम ने अवतार लिया था तब भी शुभ मुहूर्त ही था, इस बारे में रामचरित मानस में तुलसी दास ने लिखा है, ''नौमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न घामा, पावन काल लोक विश्रामा। मालूम हो कि राम मंदिर निर्माण के हर महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए शुभ मुहूर्त का चयन किया गया। मसलन पिछले 30 अप्रैल को जब निर्माण के बाद प्रतिमाओं को जयपुर से लाकर संबंधित मंदिरों में रखा गया, तब अक्षय तृतीया का दिन था। माना जाता है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य किया जा सकता है। इसी क्रम में पिछले साल 22 जनवरी को मंदिर के भूतल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी को हुई थी। इसे भगवान विष्णु के कूर्मावतार की तिथि मानी जाती है।

### बंगलादेशियों ...

कहा। अब जब मोदी जी ऑपरेशन सिंदूर के बाद यहां आते हैं, तो ऑपरेशन का विरोध करते हुए सस्ती राजनीतिक टिप्पणी की जाती है। आप सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर का विरोध नहीं कर रही हैं - आप इस देश की करोड़ों माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने बंगाल की मातृशक्ति से अपील की कि वे मुख्यमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने की हिम्मत करने के लिए आगामी चुनाव में सिंदूर का सही मूल्य समझाएं। उन्होंने कहा,ङ्कमाताओं और बहनों, उन्हें दिखाएं कि सिंदूर का अपमान करने का सही मतलब क्या होता है! श्री शाह ने कहा, बंगाल की भूमि ने पीढ़ियों से भारत का मार्गदर्शन किया है। चाहे वह ज्ञान हो, विज्ञान हो, अध्यात्म हो या स्वतंत्रता संग्राम हो , बंगाल ने हमेशा नेतृत्व किया है। कई वर्षों तक बंगाल पर कम्युनिस्टों का शासन रहा। फिर ममता दीदी अपने 'मां-माटी-मानुष' (मां, मातृभूमि और लोग) के नारे के साथ आयीं। आज उन्होंने बंगाल की इस महान भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ दुर्व्यवहार का केंद्र बना दिया है। इससे पहले श्री शाह दोपहर 14.16 बजे विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के साथ नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देकर की। उन्होंने भाजपा के पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी श्रद्धांजलि दी।

### 16 किसान संगठन आए...

भारतीय किसान संगठन, भाकियू श्रमिक जनशक्ति यूनियन, सोशलिस्ट किसान सभा, कृषि भूमि बचाओ मोर्चा, खेत मजदूर किसान संग्राम समिति व इंकलाबी मजदूर केंद्र के करीब 30 किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। तय किया गया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। किसान संगठनों की अहम मांगों में निजीकरण का फैसला वापस लेना, बिजली दरों में इजाफ़े का प्रस्ताव व स्मार्ट प्री-पेड मीटर योजना रद्द करना और किसानों को 300 यूनिट/माह मुफ्त बिजली शामिल है। किसान संगठनों ने कहा है कि अगर निजीकरण का विरोध कर रहे किसी भी बिजली कर्मचारी पर दमनात्मक कार्रवाई हुई तो किसान संगठन उसका व्यापक विरोध करेंगे। निजीकरण के नाम पर घोटाला, चुप्पी तोड़ें ऊर्जा मंत्री संघर्ष समिति विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने रविवार को कहा कि निजीकरण के नाम भारी घोटाला हो रहा है। घोटाले की सारी बातें सार्वजनिक हैं अब ऊ.र्जा मंत्री एके शर्मा को इस पर चुप्पी तोड़नी चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि क्या इस तरह के घोटालों के लिए निजीकरण किया जा रहा है? संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कॉरपोरेशन के निदेशक (वित्त) पर निजी औद्योगिक घरानों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी निजीकरण के नाम पर घोटाले का खुलासा कर रहे हैं, इसलिए कॉरपोरेशन बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं का उत्पीड़न कर रहा है। उत्पीड़न की दृष्टि से तबादला हो रहा, वेतन काटा जा रहा, नोटिसें दी जा रहीं, कर्मचारी सेवा विनियमावली में संशोधन किया गया। इन सबसे ऊर्जा निगमों में अशांति फैल रही है। कर्मचारी और अभियंता नाराज हैं। चेयरमैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अमर्यादित व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, अपमान करते हैं और धमकी देते हैं।

### डांटने का मतलब किसी...

प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुद्कुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं। व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

### एविएशन फ्यूल निर्माण...

की प्रगतिशील नीतियों के साथ मिलकर इसे सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल) विनिर्माण के लिए एक आदर्श विकल्प बनाते हैं।

### लोकमाता ने आत्मरक्षा...

नाम बदल देते थे, लेकिन हम उनकी विरासत को सम्मान दे रहे हैं। सीएम योगी ने देवी अहिल्याबाई द्वारा महिलाओं और हस्तशिल्प के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जैसे काशी में बनारसी साड़ी विश्वविख्यात है, वैसे ही लोकमाता ने माहिष्मती की साड़ियों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने महिलाओं के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई, जो आज भी प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश धनखड़, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, संगोष्ठी के आयोजक एवं संयोजक केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, महाराष्ट्र विधानपरिषद् के सभापति श्रीराम शिंदे, सांसद वीके पार्थसारथी, सांसद वाचस्पति नागराजू, गोवा के पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रकांत कवलेकर, कार्यक्रम के अध्यक्ष हरि सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित पाल और बघेल समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।

### लोकमाता अहिल्याबाई ...

धर्म संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ और भीमाशंकर आदि अनेक मंदिर बनवाये। उप राष्ट्रपति ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर धनगर थीं, हम धनखड़ हैं। उन्होंने कहा कि जो अहिल्याबाई होलकर ने किया वह यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां योगी के इस कार्य को उसी तरीके से याद करेंगी, जैसे कि आज लोकमाता अहिल्याबाई को याद कर रहे हैं। मोदी व योगी के नेतृत्व में अयोध्या व काशी में जो काम हुआ है यह काम आसान नहीं था। हमारी संस्कृति का संरक्षण हमारे लिए बहुत अहम है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि हम भारतीय हैं। भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्र सर्वोपरि है। भारतीय सेना के पराक्रम को याद दिलाना चाहूंगा। आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हम भारतीय सेना का अभिनंदन करता हूं। अब भारत बदल गया है। जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज यूपी का मतलब है सुशासन। कानून का राज। बिना कानून के राज के विकास संभव नहीं है। वीरांगना अहिल्याबाई हमारे लिए प्रेरणामूर्ति हैं। आज के भारत में सेना में महिलाओं का स्थान है। अब संसद व विधानसभा में भी आरक्षण है। धनखड़ ने कहा कि किसान का दर्द मैं समझता हूं। विकसित भारत होगा। किसान ने ठान रखी है। कार्यक्रम के मंच पर हरियाणा के राज्यपाल बंगारू दत्तात्रेय, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शंकरराव शिंदे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इससे पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं डॉ. सुदेश धनखड़ ने अपनी स्वर्गीय माताजी केसरी देवी एवं भगवती देवी की स्मृति में जीआईसी मैदान पर पौधारोपण भी किया।

# उत्तराखंड के चमोली जिले की विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए लिए खुली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान रविवार को पर्यटकों के दीदार के लिए खोल दी गई। प्रकृति प्रेमियों और ट्रैकर्स के लिए यह किसी जन्नत से कम नहीं है, जहां उन्हें हजारों प्रकार के रंग-बिरंगे फूल एक साथ देखने को मिलते हैं। यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल इस घाटी के खुलने से स्थानीय पर्यटन व्यवसाय को भी नई ऊर्जा मिली है। यह घाटी 01 जून से 31 अक्टूबर तक खुली रहेगी। यह जानकारी आज सूचना विभाग की विज्ञप्ति में दी गई है। प्रत्येक वर्ष की तरह, इस वर्ष भी घाटी को जून महीने के शुरुआती सप्ताह में पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। घाटी आमतौर पर अक्टूबर के अंत तक या बर्फबारी शुरू होने तक पर्यटकों के लिए खुली रहती है। मानसून के आगमन के




साथ ही घाटी में फूलों की बहार आने लगती है, जो सितम्बर तक अपने चरम पर होती है। इस दौरान यहां ब्रह्म कमल, ब्लू पोस्ता, कोबरा लिली जैसे सैकड़ों प्रजातियों के फूल खिलते हैं, जिससे पूरी घाटी एक रंगीन कालीन का रूप ले लेती है।फूलों की घाटी के खुलने के साथ ही वहां पर आज पर्यटकों का पहला दल पहुंचा, जिसका उत्साह देखते ही बनता था। फूलों की घाटी तक पहुंचना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव है। गोविंदघाट से लगभग 13 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई पार करके बेस कैंप घांघरिया तक पहुंचा जाता है। घांघरिया से फूलों की घाटी का प्रवेश द्वार लगभग तीन किलोमीटर दूर है। घाटी के अंदर केवल दिन के समय ही रहने की अनुमति होती है, और सूर्यास्त से पहले वापस आना होता है। फूलों की घाटी के खुलने के पहले दिन नंदादेवी वायोस्फियर रिजर्व की ओर से पर्यटकों का स्वागत किया गया और उन्हें फूलों की घाटी के लिए रवाना किया गया। रात्रि विश्राम की अनुमति नहीं है। पर्यटक घांघरिया के पास हिमखंडों का दीदार कर सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से रविवार को सूचना कार्यालय की विज्ञप्ति में जानकारी दी गई कि आज रविवार से फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए खोल दी गई है।

## दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने जनकपुरी में 'संडे ऑन साइकिल' अभियान में हिस्सा लिया

नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत दिल्ली शिक्षा निदेशालय द्वारा जनकपुरी में आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' अभियान में हिस्सा लिया। मंत्री आशीष सूद ने पत्रकारों से बातचीत में हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। देश में फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया मूवमेंट लोकप्रिय हो गया हैं। आज जनकपुरी क्षेत्र के युवाओं, बच्चों, छात्रों और बुजुर्गों ने संडे ऑन साइकिल अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक साइक्लोथॉन नहीं था, बल्कि यह जनभागीदारी, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और ऊर्जा का जीवंत उत्सव है। हर आयु वर्ग के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि भारत का खेल और स्वास्थ्य तंत्र निरंतर सशक्त हो रहा है। फिट नागरिक ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव हैं।

# विकसित-आत्मनिर्भर बिहार का संकल्प तभी संभव जब चिराग खुद बिहार में रहकर नेतृत्व करें : अरुण भारती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान के जीजा और लोजपा नेता अरुण भारती ने एक्स पर लंबा-चौड़ा पोस्ट कर लिखा है कि चिराग पासवान पूरे बिहार की उम्मीद हैं। अरुण भारती ने लिखा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान हमेशा कहते हैं कि उनकी राजनीति बिहार केंद्रित है और उनका विजन ‖बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट‖ एक विकसित और आत्मनिर्भर बिहार का संकल्प है। यह तभी संभव है जब वे खुद बिहार में रहकर नेतृत्व करें। अरुण भारती ने लिखा कि जब मैं प्रदेश प्रभारी के रूप में गांव-गांव गया, हर जगह लोगों की एक ही मांग थी, कि चिराग जी को अब बिहार में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। हाल ही में पार्टी कार्यकारिणी की बैठक में भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में खुद चुनाव लड़ें‖। अरुण भारती ने आगे लिखा कि कार्यकर्ताओं की यह भी भावना है कि इस बार वे किसी आरक्षित सीट से नहीं, बल्कि एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ें, ताकि यह संदेश जाए कि वे अब सिर्फ एक वर्ग नहीं, पूरे बिहार का नेतृत्व करने के लिए वो तैयार हैं। चिराग पासवान आज सिर्फ प्रतिनिधि नहीं, पूरे बिहार की उम्मीद हैं। उनका यह कदम सामाजिक न्याय की राजनीति को एक नई दिशा देगा – जिसमें प्रतिनिधित्व के साथ-साथ सर्वमान्यता की भी लड़ाई लड़ी जाएगी। अरुण भारती ने आगे लिखा कि जब नेता पूरे बिहार का है, तो सीट का दायरा क्यों सीमित हो ? कार्यकर्ताओं की यह भी भावना है कि इस बार चिराग पासवान जी बिहार विधानसभा के चुनाव में किसी आरक्षित सीट से नहीं, बल्कि एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ें - चिराग पासवान अब सिर्फ़ एक समुदाय की नहीं, पूरे बिहार की उम्मीद हैं। हालांकि चिराग पासवान ने अभी तक विधानसभा चुनाव में उतरने के अपने इरादे की पुष्टि नहीं की है, लेकिन एलजेपी के संदेश से यह पता चलता है कि उन्हें राज्यव्यापी नेता के रूप में फिर से स्थापित करने की महत्वाकांक्षा है जो किसी भी सीट से चुनाव लड़ने में सक्षम है, न कि केवल अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित सीटों से।

# दिल्ली मेट्रो ने शुरू की विशेष श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रायोरिटी फ्रिस्किंग सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के साथ मिलकर विशेष श्रेणी के यात्रियों के लिए मेट्रो स्टेशनों पर प्रायोरिटी फ्रिस्किंग (प्राथमिकता जांच) की सुविधा शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य विशेष जरूरत वाले यात्रियों को एक सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इस सुविधा का लाभ दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चों के साथ महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और घायल व्यक्ति उठा सकेंगे। मेट्रो स्टेशनों पर ऐसे यात्रियों को अब सुरक्षा जांच के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे उन्हें लंबी कतारों में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। डीएमआरसी ने रविवार को बताया कि यह पहल मेट्रो प्रणाली को और अधिक समावेशी, सुलभ और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से दिल्ली मेट्रो यह सुनिश्चित करना चाहती है कि सभी यात्री, विशेषकर विशेष जरूरतमंद वाले लोग, बिना किसी परेशानी के मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा सकें। डीएमआरसी ने बताया कि यदि किसी



यात्री को लेकर संदेह हो तो सुरक्षा कर्मी उनसे उचित दस्तावेज दिखाने का अनुरोध कर सकते हैं। डीएमआरसी और सीआईएसएफ मिलकर इस योजना को सही तरीके से लागू करने के लिए दिशा निर्देश तैयार कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी योग्य यात्रियों को इसका लाभ बिना किसी अड़चन के मिल सके। उल्लेखनीय है कि डीएमआरसी पहले से ही दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित सीटों, टैक्टाइल पथों, व्हीलचेयर की सुविधा और रैम्प जैसी सेवाएं प्रदान करता रहा है।

## योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि योग न केवल हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि आज के तनावपूर्ण जीवन में मानसिक और शारीरिक संतुलन का प्रमुख माध्यम भी है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पौड़ी जिले में हर स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न स्थलों पर योग सत्रों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। जनपद के सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी करें और योग को केवल एक दिवस के आयोजन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाए। योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिये 01 मई से ग्राम स्तर पर योग सत्रों की शुरुआत की गई थी, वहीं 15 मई से ब्लॉक स्तर पर भी नियमित योग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवार संग पहुंची हरिद्वार, लगायी गंगा में डूबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवार संग हरिद्वार पहुंची, इस दौरान हरकी पैड़ी पर गंगा सभा द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद सीएम रेखा गुप्ता ने परिवार संग गंगा स्नान कर पूजन किया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आध्यात्मिक यात्रा पर उत्तराखंड पहुंची हैं। उन्होंने हरिद्वार पहुंच कर परिवार संग हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान किया, जिसके बाद परिवार संग उन्होंने पूजा-अर्चना की। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनका शुरू से ही मां गंगा से काफी लगाव रहा है और पहले वो कई बार हरिद्वार आ चुकी हैं। रेखा गुप्ता ने कहा कि आज गंगा स्नान मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अपनी सरकार के 100 दिन के



कार्यकाल को पूरा कर पुण्य भूमि उत्तराखंड की विश्वप्रसिद्ध हरकी पैड़ी पर आई हूं। आज मैंने मां गंगा के चरणों में नमन करते हुए यही प्रार्थना की है कि भारतवर्ष विकसित हो और उसमें दिल्ली भी स्थान बनाकर आगे बढ़े। पूरे देश के लिए खुशी हमारी सरकार के माध्यम से आए और हमें मां गंगा का आशीर्वाद हमेशा मिलता रहे। साथ ही यमुना जी को भी मां गंगा जैसी अविरल और स्वच्छ सुंदर बना सके। वहीं अपने 100 दिन के कार्यकाल पर उन्होंने कहा कि मां गंगा का आशीर्वाद आज हमें मिल गया है, हम दिल्ली के विकास के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

## अजर धाम में शुरू हुआ गुरु जन स्मृति समारोह

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार के सप्त सरोवर मार्ग स्थित स्वामी अजरानंद अंध विद्यालय हाई स्कूल के प्रांगण में 56 वां अजर निर्वाण महोत्सव समाधि पूजन, संत प्रवचन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर स्वामी अजरानंद विद्यालय हाई स्कूल एवं स्वामी अजरानंद महिला आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत स्वयंमानंद महाराज ने कहा कि स्वामी अजरानंद महाराज ने नेत्रहीन दिव्यांगों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए जो कार्य किया उसके लिए वे सदैव याद किए जाते रहेंगे। उनके कार्य को आगे बढ़ाते हुए माता शांतानंद, देवी स्वरूपानंद और महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने जो पुरुषार्थ किया उसी का परिणाम है कि स्वामी अजरानंद विद्यालय हाई स्कूल उत्तराखंड ही नहीं अपितु संपूर्ण देश में नेत्रहीन दिव्यांगों को शिक्षित करने का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। संस्था के उपाध्यक्ष स्वामी विचित्रानंद महाराज ने कहा कि स्वामी अजरानंद महाराज और महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद परमहंस महाराज स्वयं प्रज्ञा चक्षु थे।

# 24 करोड़ की लागत से नालंदा में बनेगा पूर्वोत्तर भारत का पहला आधुनिक सुविधायुक्त इनडोर शूटिंग रेंज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नालंदा जिले के कल्याण, विगहा में खाली पड़ी भूमि पर 25 मीटर एवं 50 मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण हेतु 24.21 करोड़ (चौबिस करोड़ एक्कीस लाख सनतानवे हजार रूपये) रुपये की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा स्थित इनडोर शूटिग रेंज से सटे पूरब व दक्षिण पूरब खाली पड़ी जमीन में 25 व 50 मीटर का आउटडोर रेंज बनाए जायगा। उन्होंने बताया कि कल्याण विगहा का 10 मीटर इनडोर शूटिग रेंज देश का दूसरा सबसे अच्छा रेंज है। यहां 25



मीटर और 50 मीटर का रेंज नहीं होने से यह अधूरा था। सम्राट चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने पर 25 और 50 मीटर की शूटिग का अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को न कहीं बाहर जाना पड़ेगा, न खेल का अभ्यास छोड़ना पडेगा। उन्होंने कहा कि कल्याण बिगहा का शूटिग रेंज 14 साल पूरा करने वाला है। 14 मई 2011 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इनडोर शूटिग रेंज का उद्घाटन किया था। इस रेंज का संचालन साढ़े पांच सालों तक पंचायत भवन में हुआ। 1 जनवरी 2017 को 35 लेन के अत्याधुनिक रेंज का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। उन्होंने कहा कि यह रेंज पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत का पहला इतना बड़ा और आधुनिक सुविधायुक्त शूटिंग रेंज है। यहां स्कोरिग भी स्वतः व आनलाइन होती है। यहां नेशनल स्तर के कई मैच हो चुके हैं। अपने आप में इस तरह का यह देश का दूसरा शूटिंग रेंज है। पहला स्थान मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के शूटिग रेंज का है। श्री चौधरी ने कहा कि इन दोनों रेंज की गिनती साधन व संसाधन की सम्पन्नता के लिए देश भर में की जाती है। देश मे सिर्फ कल्याण बिगहा व भोपाल में ही ऐसा रेंज है जहां खिलाड़ियों को हथियार मुहैया कराये जाते हैं ।

# केदारनाथ हेली बुकिंग के नाम पर हो रही ठगी पर उत्तराखंड पुलिस का शिकंजा

■ कई फर्जी वेबसाइट्स और खातों पर हुई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड सरकार ने केदारनाथ यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर चल रहे ऑनलाइन ठगी रैकेट के खिलाफ शिकंजा कसा है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फ़ोर्स ने अब ऐसी कई फर्जी वेबसाइटों, सोशल मीडिया पेजों और बैंक खातों को ब्लॉक किया है, जो श्रद्धालुओं से धोखाधड़ी कर रहे थे। साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी वेबसाइटें को सोशल मीडिया पर प्रचारित किया जा रहा था। ये वेबसाइटें हेलीकॉप्टर टिकटों के नाम पर पैसे वसूल कर रही थीं। टिकटों की बुकिंग उन साइट्स से दिख रही थी जो आधिकारिक नहीं हैं। साथ ही, कम कीमत में टिकट देने का झांसा देकर लोगों को ठगा जा रहा था। हरिद्वार के पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के अनुसार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अभी तक 51 वेबसाइटों/URL को बंद किया है जबकि 56 बैंक खातों को फ्रीज किया है। 30 व्हाट्सएप नंबर ब्लॉक किए गए हैं और 111 फोन नंबरों को साइबर फ्रॉड से लिंक होने पर ब्लॉक किया है। अब तक 37 से अधिक सोशल मीडिया पेजों को बंद किया गया है, जो इस घोटाले से जुड़े पाए गए हैं। उत्तराखंड पुलिस ने एक यूट्यूब वीडियो जारी कर श्रद्धालुओं को ऑनलाइन टिकट बुकिंग के दौरान सतर्क रहने की अपील की है।

## कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने सुनी किसानों की समस्या

पौड़ी गढ़वाल। कृषि विभाग की ओर से बीरोंखाल विकास खंड के कोठिला स्थित पंचायत भवन में आज विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों की समस्याओं को सुनते हुए त्वरित समाधान किया। कार्यक्रम में भरसार विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अंशुमान सिंह एवं डॉ. हरदीप सिंह ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनका त्वरित समाधान किया। वहीं उन्होंने किसानों को कृषि, उद्यान और पशुपालन से संबंधित नवीनतम तकनीकों, योजनाओं व उन्नत विधियों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने अपने सुझाव विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखे, जिन्हें विभाग की ओर से संज्ञान में लिया गया। सहायक कृषि अधिकारी बीरोंखाल उपेन्द्र सिंह ने किसानों को बताया कि विभाग का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ना उनकी आय में अधिक से अधिक वृद्धि करना है। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, उद्यान एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ भरसार विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर लगाए पौधे

भागलपुर। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर जिले के बिहपुर में रविवार को खिलाड़ियों ने पौधारोपण किया। राज्य प्रवक्ता सह नवगछिया पुलिस जिला बाल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार के नेतृत्व में बेल, जामुन समेत अन्य छायादार और फलदायी पौधा लगाया गया। पौधारोपण कार्य का संयोजन कर रहे अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार और अंकित कुमार शर्मा ने कहा कि इन पौधों को लगाने के साथ साथ शुद्ध पर्यावरण के लिए इसका संरक्षण भी करेगें। राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव ने कहा कि जब जब हम और क्षेत्र के लोग पेड़ लग जाने के बाद इसकी छांव में बैठेगें या इसमें लगने वाले फल को चखेगें, तब तब हम अपने सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता को याद कर गौरवान्वित होगें। हम अगली पीढ़ी को भी आपरेशन सिंदूर के बारे में बताएगें। इस मौके पर राष्ट्रीय खिलाड़ी आशीष कुमार उर्फ सन्नी, विकाश कुमार उर्फ विक्की, सुमन सिंह उर्फ धन्नो आदि भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान प्रयोजित आतंक और आतंकियों के ठिकानों के विरूद्ध भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर चलाकर मुंहतोड़ और कड़ा जबाब दे दिया गया है।

# स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाएंगे: जितेन्द्र रघुवंशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के तत्वावधान में हर महीने प्रथम रविवार 10 बजे 10 मिनट स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों शहीदों के नाम अभियान के अन्तर्गत समूचे देश के साथ-साथ हरिद्वार में भी ध्वजारोहण, राष्ट्रगीत गायन, स्वतंत्रता सेनानी स्तम्भों तथा शहीद स्थलों में पुष्पांजलि तथा एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जीवन गाथा सुनाने के कार्यक्रम आयोजित हुए। हरिद्वार में पुल जटवाड़ा ज्वालापुर स्थित शहीद जगदीश वत्स पार्क, जटवाड़ा पुल, ज्वालापुर में कैलाश वैष्णव ने ध्वजारोहण किया। तथा सेनानी परिवारों तथा गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि समर्पित की। संगठन के संयुक्त सचिव अनुराग सिंह गौतम ने 19 मई 2025 को गृह सचिव उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में सचिवालय, देहरादून में आयोजित बैठक, 29 मई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी सभागार में आयोजित बैठक तथा तहसीलदार के साथ




हुई बैठक की बिन्दुवार जानकारी प्रदान की। अपने संदेश में जितेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि देश में प्रदेश अध्यक्षों, प्रदेश महासचिवों एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने इस अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने का पुरुषार्थ दिखाया है तथा अपने-अपने प्रान्तों में प्रान्तीय सम्मेलनों के माध्यम से सेनानी शहीद परिवारों को संगठित करने का बीड़ा उठाया है, उसे देखते हुए प्रान्तीय अध्यक्षों के पराक्रम का परिणाम में बदलने लगा है। कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाएंगे। समाजसेवी अरुण पाठक ने कहा कि जिस तरह सेनानी परिवार हर महीने के प्रथम रविवार के कार्यक्रम के माध्यम से संगठित हो रहे हैं, उसका ही परिणाम है कि आज प्रशासन भी हर तरह से स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में कैलाश वैष्णव, डॉ वेदप्रकाश आर्य, अशोक चौहान, सुरेन्द्र छाबड़ा, ऋषभ गहलौत, परमेश चौधरी, शिवेन्द्र सिंह गहलौत, अंशुल गहलोत, जोगिंद्र सिंह तनेजा, मनीषा चौहान, तरुण वर्मा, रमेश चन्द्र गुप्ता, अशोक कुमार दिवाकर तथा अरविन्द कौशिक के साथ ही स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063